राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, सोमवार, 20 अप्रैल 2026

वर्ष 07, अंक 197, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

सुमरावा गांव में मानकहीन नाली निर्माणः घटिया सीमेंट और बिना पानी छिड़काव से निकलने लगी ईंटें...03

राहुल गांधी पर FIR मामले में कोर्ट ने अपना आदेश बदला, कहा- बिना नोटिस केस दर्ज करना ठीक नहीं...08

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध पार्किंग और अतिक्रमण को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त,

- गाइडलाइन बनाने के निर्देश
- सुप्रीम कोर्ट ने राजमार्ग सुरक्षा मजबूत करने के लिए राष्ट्रव्यापी दिशा-निर्देश जारी किए हैं, इसे जीवन के अधिकार का हिस्सा बताया है. अवैध पार्किंग, अतिक्रमण हटाने, आपातकालीन प्रतिक्रिया व दुर्घटना संभावित क्षेत्रों पर सख्त निर्देश दिए गए हैं. कोर्ट ने ढाबों व व्यावसायिक निर्माणों पर रोक लगाई है और नियमित निगरानी व 'ब्लैकस्पॉट' ठीक करने के लिए टास्क फोर्स बनाने का आदेश दिया है. इसका उद्देश्य सुरक्षित सड़क यात्रा सुनिश्चित करना है



सुप्रीम कोर्ट ने राजमार्ग सुरक्षा को मजबूत करने के लिए राष्ट्रव्यापी दिशा-निर्देश जारी किए. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सुरक्षित सड़क यात्रा का अधिकार जीवन के अधिकार का हिस्सा है. इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने अवैध पार्किंग, अतिक्रमण, आपातकालीन प्रतिक्रिया और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों पर बाध्यकारी निर्देश जारी किए और कहा कि सड़कों पर सुरक्षित आवागमन का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार का एक अभिन्न अंग है. सुप्रीम कोर्ट ने अन्य बातों के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्गों के मार्ग में स्थित ढाबों, भोजनालयों आदि जैसे सभी अनाधिकृत अतिक्रमणों को तत्काल हटाने का आदेश दिया।

इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने राजमार्गों पर नियमित अंतराल पर बुनियादी जीवन रक्षक एम्बुलेंस और ट्रकों के लिए ठहराव की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. जस्टिस जेके माहेश्वरी और अतुल चंदुरकर की पीठ ने अनुच्छेद 142 के तहत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दो राजमार्ग दुर्घटनाओं के बाद स्वतः संज्ञान लेते हुए यह आदेश पारित किया।

**सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कही ये बात**

इनमें से एक दुर्घटना राजस्थान के फलोदी में 2 नवंबर को हुई, जहां एक टेम्पो यात्री एक खड़े ट्रक से टकरा गया. साथ ही दूसरी तेलंगाना के रंगारेड्डी में 3 नवंबर को हुई, जहां एक यात्री बस बजरी ले जा रहे ट्रक से टकरा गई थी. कोर्ट ने केंद्र से 75 दिनों के अंदर कम्प्लायंस रिपोर्ट फाइल करने को कहा है और मामले की अगली सुनवाई दो महीने बाद तय की है।

कोर्ट ने चेतावनी दी है कि एडमिनिस्ट्रेटिव गलतियों या इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी की वजह से एक्सप्रेसवे 'खतरे के गलियारे' में नहीं बदलने चाहिए. बेंच ने कहा कि नेशनल हाईवे भारत के रोड नेटवर्क का सिर्फ 2% हिस्सा हैं, लेकिन सड़क पर होने वाली मौतों में लगभग 30% इन्हीं की वजह से होती हैं.

कोर्ट ने जोर देकर कहा कि एक भी मौत जिसे टाला जा सकता था, वह सरकार की नाकामी को दिखाती है. कोर्ट ने कहा, 'गैर-कानूनी पार्किंग या ब्लैकस्पॉट वगैरह जैसे टाले जा सकने वाले खतरों से एक भी जान का जाना, राज्य के सुरक्षा कवच की नाकामी दिखाता है।'

**हाईवे पार्किंग पर रोक, सख्ती से लागू करने का आदेश**

कोर्ट ने निर्देश दिया कि कोई भी भारी या कमर्शियल गाड़ी किसी भी नेशनल हाईवे कैरिजवे या पक्के शोल्डर पर, तय बे या ले-बाय के अलावा, न रुकेगी और न ही पार्क होगी।

इसे एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (ATMS), GPS-बेस्ड फोटोग्राफिक सबूत और ई-चालान सिस्टम के ज़रिए लागू किया जाएगा. मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाईवेज, नेशनल हाईवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया, राज्य पुलिस और ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट समेत अथॉरिटीज को 60 दिनों के अंदर इसका पालन पक्का करने के लिए कहा गया है. डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट इंस्पेक्शन और पेट्रोलिंग के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर तय करेंगे।

**गैर-कानूनी स्ट्रक्चर पर कार्रवाई, नई मंजूरियों पर रोक**

एक बड़े कदम में, कोर्ट ने हाईवे के अधिकार क्षेत्र में नए ढाबों या कमर्शियल स्ट्रक्चर के कंस्ट्रक्शन या ऑपरेशन पर तुरंत रोक लगाने का आदेश दिया. मौजूदा गैर-कानूनी स्ट्रक्चर को 60 दिनों के अंदर हटाना होगा. इसने यह भी निर्देश दिया कि NHAI या PWD से मंजूरी लिए बिना हाईवे सेफ्टी ज़ोन के अंदर किसी भी जगह को लाइसेंस या मंजूरी न दी जाए, और सभी मौजूदा लाइसेंस का 30 दिनों के अंदर रिव्यू किया जाना चाहिए।

बेंच ने 15 दिनों के अंदर डिस्ट्रिक्ट लेवल पर हाईवे सेफ्टी टास्क फोर्स बनाने का आदेश दिया, जिसमें एडमिनिस्ट्रेशन, पुलिस, NHAI और लोकल बॉडीज़ के अधिकारी शामिल होंगे. इसने बेहतर सर्विलांस, एक्सीडेंट-प्रोन ब्लैकस्पॉट पर लाइटिंग, और ट्रक ले-बाय और इमरजेंसी सिस्टम बनाने की भी बात कही।

# पीएम मोदी का संबोधन भारत के संविधान का घोर अपमान

» बीजेपी अपने कामों और रवैये दोनों में महिला-विरोधीः मल्लिकार्जुन खड़गे।



**ब्यूरो प्रयागराज।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने पीएम मोदी पर आरोप लगाया कि उन्होंने आधिकारिक संबोधन को राजनीतिक भाषण में बदल दिया, जो कीचड़ उछालना और सरासर झूठ भरा था। खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'एक हताश और निराश पीएम मोदी, जिनके पास पिछले 12 सालों में दिखाने के लिए कुछ भी ठोस नहीं है, उन्होंने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन को राजनीतिक भाषण में बदल दिया। आचार संहिता पहले से लागू है, फिर भी पीएम मोदी ने सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर अपने विरोधियों पर हमला किया। यह लोकतंत्र और भारत के संविधान का घोर अपमान है।

खड़गे ने कहा कि पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कांग्रेस का जिक्र 59 बार किया, जबकि महिलाओं का जिक्र बमुश्किल कुछ ही बार किया। इससे उनकी प्राथमिकताएं साफ हो जाती हैं। उन्होंने दावा किया कि महिलाएं बीजेपी की प्राथमिकता नहीं हैं; कांग्रेस ही महिलाओं के साथ खड़ी है। कांग्रेस अध्यक्ष ने याद दिलाया कि कांग्रेस ने हमेशा महिला आरक्षण का समर्थन किया है। 2010 में राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल पास करवाया था, ताकि वह लैप्स न हो जाए। लेकिन बीजेपी उस बिल को लोकसभा में पास नहीं करवा पाई। 2023 में लाए गए बिल का भी कांग्रेस ने समर्थन किया। खड़गे ने कहा कि असल बिल अभी भी मौजूद है और 16 अप्रैल को नोटिफाई किया गया था।

खड़गे ने सरकार से मांग की कि 2023 के कानून के तहत मौजूदा 543 लोकसभा सीटों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण तुरंत लागू करें। परिसीमन बिलों को महिला आरक्षण बिल के साथ जोड़ना बंद करें। यह परिसीमन बिल था, महिला आरक्षण का संशोधन नहीं। खड़गे ने कांग्रेस की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हरित क्रांति, श्वेत क्रांति, अंतरिक्ष कार्यक्रम, परमाणु शक्ति, 1991 की आर्थिक उदारीकरण, आरटीआई, आरटीई, मनरेगा, और खाद्य सुरक्षा अधिनियम जैसे कई ऐतिहासिक कानून पास किए। उन्होंने हिंदू कोड बिल, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, और आपराधिक कानूनों में सुधार जैसे महिला-हितैषी कानूनों का भी उल्लेख किया।

खड़गे ने बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बीजेपी अपने कामों और रवैये दोनों में महिला-विरोधी रही है। उन्होंने हाथरस, उन्नाव, हरियाणा की महिला पहलवानों, बिलकिस बानो और अपनी पार्टी के बलात्कारियों को बचाने के मामलों का जिक्र किया। एनसीआरबी आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि बीजेपी शासित राज्यों में महिलाओं के खिलाफ अपराध सबसे ज्यादा होते हैं। अंत में खड़गे ने कहा कि 12.5 साल सत्ता में रहने के बाद भी सरकार के पास महंगाई, बिगड़ती अर्थव्यवस्था और जनता की तकलीफों का कोई समाधान नहीं है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### महिला ने गंगा में कूदकर दी जान

**चुनार, मीरजापुर।** कोतवाली क्षेत्र के बालू घाट स्थिति गंगा पुल से रविवार को लगभग दस बजे एक महिला ने अपने बच्चे को पुल पर छोड़कर गंगा नदी में कूद गयी। घटना की जानकारी मिलते ही आने जाने वाले राहगीरों की भीड़ इकट्ठी हो गई थी। उक्त घटना की जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह ,कस्बा चौकी प्रभारी अखिलेश कुमार यादव अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए। घटना स्थल पर रोता हुआ बच्चा आर्यन उर्फ छोटू ने बताया कि मेरी मां का नाम आरती व पिता का नाम बबलू गांव अहरौरा थाना क्षेत्र के हिनौती है। कोतवाली पुलिस ने बच्चे अपने साथ लेकर परिजनों का तलाश प्रारम्भ कर रही है। राहगीरों ने बताया कि महिला ने अपने साड़ी को फेटा बांधकर पुल के रेलिंग पर चढ़कर गंगा नदी में कुद गई। जिससे लोग देखकर हैरान हो गए। पुलिस ने बताया कि कुदी हुई महिला के मानसिक स्थिति के बारे पता लगाया जा रहा है कि ऐसा कदम क्यों उठाई। कुछ लोगों ने बताया कि महिला ने अपने बच्चे को बिना बताए गंगा में कुद गई। पुलिस व गोताखोर के प्रयास से महिला की लाश बरामद हो गई। वहीं परिजनों को पुलिस की सुचना पर महिला के माता-पिता थाने पहुंच गए हैं।

# स्मार्ट मीटर प्रोजेक्ट पर यूपी सरकार ने लगाया ब्रेक, उपभोक्ताओं की शिकायतों के बाद जांच के आदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में तेजी से चल रहे स्मार्ट मीटर प्रोजेक्ट पर फिलहाल सरकार ने रोक लगा दी है। प्रदेशभर में पुराने बिजली मीटर हटाकर स्मार्ट मीटर लगाने का अभियान चल रहा था, जिसके तहत करीब साढ़े तीन करोड़ उपभोक्ताओं को कवर किया जाना था। अब तक लगभग 78 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, लेकिन हाल के दिनों में बढ़ती शिकायतों ने इस पूरे प्रोजेक्ट पर सवाल खड़े कर दिए हैं। दरअसल, प्रयागराज समेत कई जिलों से उपभोक्ताओं ने शिकायत की थी कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उनके बिजली बिल में अचानक बढ़ोतरी हो गई है। इसके अलावा बिना पूर्व सूचना के बिजली कटने की घटनाएं भी सामने आई, जिससे आम लोगों में असंतोष बढ़ता गया। कई जगहों पर उपभोक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन भी किए और पुराने मीटर वापस लगाने की मांग उठाई। इन लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश सरकार ने स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर अस्थायी रोक लगाने का निर्णय लिया है। सरकार का मानना है कि जब तक उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता, तब तक इस योजना को आगे बढ़ाना उचित नहीं होगा।



सरकार ने पूरे मामले की जांच के लिए एक तकनीकी कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली, बिलिंग सिस्टम और डेटा रिकॉर्डिंग की प्रक्रिया की गहराई से जांच करेगी। साथ ही यह भी देखा जाएगा कि कहीं तकनीकी खामी या सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी तो नहीं है, जिसके कारण बिल अधिक आ रहे हैं या बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के अनुसार, कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद ही यह तय किया जाएगा कि स्मार्ट मीटर प्रोजेक्ट को किस तरह आगे बढ़ाया जाए। यदि जांच में खामियां सामने आती हैं, तो उन्हें सुधारने के बाद ही दोबारा इंस्टॉलेशन शुरू किया जाएगा। इस बीच, सरकार ने बिजली कंपनियों को निर्देश दिए हैं कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया जाए और किसी भी उपभोक्ता को बिना सूचना बिजली न काटी जाए। साथ ही जिन इलाकों में ज्यादा शिकायतें हैं, वहां विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। स्मार्ट मीटर प्रोजेक्ट को बिजली व्यवस्था को आधुनिक और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा था, लेकिन मौजूदा हालात में यह योजना जांच के दायरे में आ गई है। अब सबकी नजर तकनीकी कमेटी की रिपोर्ट पर टिकी हुई है, जो इस प्रोजेक्ट का भविष्य तय करेगी।

# दिल्ली में क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों से घरों में पहुंच रहा दूषित पानी, बीमारियों का खतरा बढ़ा

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली व मध्य दिल्ली के विभिन्न इलाकों में दूषित पानी की आपूर्ति से स्थानीय निवासी काफी परेशान हैं। पंचकुइयां रोड स्थित डबल स्टोरी क्वार्टर और किशनगंज स्थित स्वामी दयानंद कालोनी में पानी आपूर्ति की स्थिति एक सी है। दोनों इलाकों में करीब 15 दिन से नलों में काला और कीचड़युक्त पानी आ रहा है। दूषित पानी के कारण कालोनी में त्वचा और पेट संबंधी संक्रमण फैलने का डर बना हुआ है।

**नहाने लायक भी नहीं है पानी**

स्वामी दयानंद कालोनी की स्थानीय निवासी कृष्णा मित्रा ने बताया कि नल से आने वाला पानी इतना बदबूदार और दूषित है कि इसे पीने की बात तो छोड़िए, घर के दैनिक कार्यों (नहाने-धोने) में भी उपयोग करना मुश्किल है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि प्रशासन की लापरवाही के चलते लोग टैंकर वाला पानी खरीदकर काम करने को मजबूर है। आलम यह है कि लोग गर्मी शुरू होने के साथ ही पानी के लिए भटक रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने इस गंभीर समस्या को लेकर दिल्ली सरकार, दिल्ली जल बोर्ड, एमसीडी और सीपीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को पत्र लिखकर शिकायत की है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

# शहर से गांव तक फैला नशे का जाल, किशोरों को बनाया जा रहा निशाना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी।** जनपद में नशा कारोबार तेजी से फैलता हुआ दिखाई दे रहा है। सूत्रों के अनुसार शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक नशा माफियाओं ने अपना नेटवर्क स्थापित कर लिया है, जिससे खासतौर पर युवा पीढ़ी प्रभावित हो रही है। 14 से 15 वर्ष तक के किशोरों को नशे की लत लगाकर उनके भविष्य के साथ गंभीर खिलवाड़ किया जा रहा है।जानकारी के मुताबिक शहर के विभिन्न क्षेत्रों–सैधरी, मिदनिया, सुभाष नगर, प्रमिला नगर, भट्ठा, उदयपुर, टावर के पास, मेला मैदान ढाल, बस अड्डा सहित कई स्थानों पर चिप्पड़ और गांजे का खुलेआम कारोबार चल रहा है। कुछ स्थानों पर नामित व्यक्तियों द्वारा नशे की बिक्री किए जाने की भी चर्चा है। इसी प्रकार काशीनगर, राजापुर, एलआरपी, एफसीआई गोदाम और टीवी टावर के आसपास भी नशा उपलब्ध कराए जाने की बात सामने आई है।इसके अतिरिक्त नौरंगाबाद, हाथीपुर, बक्सा मार्केट, अर्जुनपुरवा और दीनदयाल स्कूल के आसपास के इलाकों में भी इस अवैध गतिविधि के फैलने की सूचना है। ग्रामीण क्षेत्रों में नकहा, शारदा नगर, पतरासी, रमहीपुल और ओदरहना जैसे क्षेत्रों तक नशे का यह नेटवर्क पहुंच चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार संबंधित चौकियों पर सूचना देने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती। उल्टा सूचना देने वालों को फोन कॉल के माध्यम से दबाव और धमकियां मिलने की शिकायतें भी सामने आई हैं। इससे यह आशंका व्यक्त की जा रही है कि नशा कारोबारियों को कुछ प्रभावशाली लोगों का संरक्षण प्राप्त हो सकता है।ऐसी स्थिति में सवाल उठता है कि आखिर इन अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम क्यों नहीं उठाए जा रहे हैं। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो यह समस्या आने वाली' पीढ़ी के लिए गंभीर संकट बन सकती है।

# इफको फूलपुर ने समय सीमा के अंदर गैस टर्बाइन की तकनीकी मरम्मत करके अपनी क्षमता दिखाया



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** इफको फूलपुर अपनी तकनीकी दक्षता समय समय पर दिखाती रहती हैं। इसी क्रम में अमोनिया प्लांट 2की गैस टर्बाइन में काफी तकनीकी कमी आ गई थी जिसके कारण उत्पादन प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए यहां की प्रबंधन के सामने दो विकल्प बचा था ।पहला इसे बदल दिया जाय या इसकी तकनीकी कमियों को दूर करने का मेंटिनेंस करके उसे ही पुनः स्थापित कर दिया जाय।

सूत्रों के अनुसार नया बदलने में करोड़ों रुपए का संस्था के ऊपर बोझ पड़ता क्योंकि यह महत्वपूर्ण यंत्र की कीमत सैकड़ों करोड़ रुपए आज से कई वर्ष पूर्व थी जो आज उससे दो गुने से भी अधिक हो गई थी।उसे बचाने के लिए यह के कुशल तकनीकी प्रबंधन ने मरम्मत का बीड़ा उठाने का निर्णय लिया और 15 दिन का शट डाउन लेकर चुनौती भरे कार्य को अपनी तकनीकी क्षमता का प्रदर्शन करते हुए तय समय सीमा में पूर्ण कर दिया ।उसका टेस्ट करके पुनः उसे प्रतिस्थापित भी कर दिया गया ।जिससे यहां के प्रबंधन और कर्मचारियों में खुशी व्याप्त है।

इस अवसर पर यहां विधिवत पूजा अर्चना की गई और ईश्वर का आभार प्रकट किया गया। इलेक्ट्रिकल विभाग का यह सफल मेंटिनेंस ऑपरेशन इकाई प्रमुख पीके सिंह वरिष्ठ महा प्रबंधक संजय भंडारी महाप्रबंधक मेंटिनेंस संजय पटेल के देख रेख में हुआ।

# भाजपा के पूर्व मंत्री के बेटे मां-बेटी को छेड़ा, रास्ता रोक पूछा क्या रेट है? गिरफ्तारी के बाद कोर्ट से मिली जमानत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में 17 अप्रैल 2026 की रात करीब 11 बजे एक हैरान कर देने वाली घटना हुई। एक युवती अपनी मां के साथ रेलवे रोड पर टहलने के लिए निकली थी। इसी दौरान दो युवक स्कूटी पर सवार होकर वहां पहुंचे। दोनों नशे की हालत में थे। उन्होंने मां-बेटी के पास स्कूटी रोककर अश्लील कमेंट्स किए और छेड़छाड़ शुरू कर दी। जब लड़की ने विरोध किया तो दोनों युवक गाली-गलौज करने लगे और अभद्र व्यवहार करने लगे। पीड़िता ने हिम्मत दिखाते हुए दोनों युवकों का वीडियो बना लिया, जिससे उनकी पहचान आसानी से हो गई। इस घटना ने इलाके में काफी हड़कंप मचा दिया।

आरोपियों की पहचान पचेड़ा रोड निवासी आर्यमान रघुवंशी और शिवपुरी निवासी शौर्य गुप्ता के रूप में हुई। आर्यमान रघुवंशी भाजपा के पूर्व कैबिनेट मंत्री सुधीर बालियान का बेटा है। दोनों युवक नशे में धुत थे और स्कूटी पर घूम रहे थे। पीड़ित परिवार का कहना है कि युवकों ने अश्लील बातें कीं, गालियां दीं और विरोध करने पर बदतमीजी भी की। वीडियो में दोनों की हालत साफ नजर आ रही थी। घटना के बाद वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे पुलिस पर दबाव बढ़ गया।

घटना की शिकायत मिलते ही नई मंडी कोतवाली पुलिस ने तुरंत एक्शन लिया। पीड़िता की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़ और अभद्र व्यवहार की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और वीडियो के आधार पर दोनों को जल्दी ही पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। उनकी स्कूटी भी जब्त कर ली गई। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया, लेकिन कोर्ट से उन्हें जमानत मिल गई। वहीं घटना का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लोग तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। आरोपी आर्यमान रघुवंशी कल्याण सिंह सरकार में सहकारिता विभाग के कैबिनेट मंत्री रहे सुधीर बालियान का बेटा है।

# शुआट्स में वेतन संकट पर फिलहाल थमा आंदोलन, शिक्षकों ने दिया एक हफ्ते का अल्टीमेटम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** शुआट्स में लंबे समय से वेतन न मिलने से नाराज शिक्षकों का धरना-प्रदर्शन फिलहाल समाप्त हो गया है, लेकिन आंदोलन पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। शिक्षकों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो आंदोलन दोबारा शुरू किया जाएगा और इसे और व्यापक रूप दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि वेतन संकट को लेकर पिछले कई दिनों से विश्वविद्यालय परिसर में शिक्षक लगातार धरना दे रहे थे। इस दौरान 200 से अधिक शिक्षक आंदोलन में शामिल रहे और प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जताई। शिक्षकों का आरोप है कि लंबे समय से वेतन लंबित होने के कारण उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। धरना समाप्त करने से पहले शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह को एक लिखित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लंबित वेतन के शीघ्र भुगतान की मांग के साथ ही विश्वविद्यालय में रिसीवर नियुक्त करने की भी मांग उठाई गई है, ताकि वित्तीय व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जा सके। वहीं विश्वविद्यालय प्रबंधन का कहना है कि जैसे ही फंड उपलब्ध होगा, सभी शिक्षकों को एक साथ वेतन का भुगतान कर दिया जाएगा। हालांकि, प्रबंधन की ओर से भुगतान की कोई निश्चित तारीख घोषित नहीं की गई है, जिससे शिक्षकों में असंतोष बना हुआ है। इस बीच, कंप्यूटर साइंस विभाग के शिक्षकों ने कड़ा रुख अपनाते हुए चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर वेतन नहीं मिला तो छात्रों की परीक्षाएं रोकी जा सकती हैं। साथ ही आंदोलन को और तेज किया जाएगा, जिसमें छात्रों की भागीदारी भी हो सकती है। सिटी मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह ने ज्ञापन लेने के बाद शिक्षकों को आश्वासन दिया है कि एक सप्ताह के भीतर इस मामले के समाधान का प्रयास किया जाएगा। उनके आश्वासन के बाद ही शिक्षकों ने फिलहाल धरना समाप्त करने का निर्णय लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### ई-रिक्शा चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार; कटा हुआ वाहन बरामद




**बस्ती।** बस्ती जिले के थाना वाल्टरगंज पुलिस ने क्षेत्र में हुई ई-रिक्शा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया ई-रिक्शा कटा हुआ अवस्था में बरामद किया है। थाना क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व एक ई-रिक्शा चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने जांच शुरू की और संदिग्धों की तलाश में जुट गई। लगातार प्रयासों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पूछताछ के दौरान आरोपी ने चोरी की घटना स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी किया गया ई-रिक्शा बरामद किया, जिसे आरोपी ने काटकर अलग-अलग हिस्सों में कर दिया था, ताकि उसे बेचने में आसानी हो सके। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही, इस मामले से जुड़े अन्य संभावित आरोपियों की भी तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण के लिए पुलिस लगातार सक्रिय है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### अज्ञात कारणों से घर में लगी भीषण आग लाखों का सामान जलकर हुआ राख

**बस्ती।** बस्ती जिले केहरैया थाना क्षेत्र के महुलानी में अज्ञात कारणों से आग लग जाने से घर का सारा सामान जलकर राख हो गया आग की लपटों को देखकर सारा गांव भयभीत हो गया था । मिली जानकारी के अनुसार राम बहादुर पुत्र राम आसरे महुलानी के घर लगभग 3:00 बजे को अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई, जिससे पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। और आग में साइकिल, पंखा, चारा मशीन समेत अन्य कीमती घरेलू सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया। इतना ही नहीं, आग की चिंगारियां पास के खेत तक पहुंच गई, जिससे पड़ोसी गांव फरेंदा सेंगर के जगदीश मौर्य के गन्ने के खेत की फसल भी जलकर नष्ट हो गई।आग की ऊंची-ऊंची लपटें और धुएं का गुबार देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका।सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया। वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय 112 की टीम भी मौके पर पहुंचा और हालात का जायजा लिया।फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

### कार की ठोकर से बाइक सवार सगे भाई की मौत, दूसरा घायल

**सिद्धार्थनगर /** त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के परशुराम तिराहा के पास रविवार को दोपहर एक सड़क हादसे में आठ वर्षीय बालक की मौत हो गई, जबकि उसका छोटा भाई घायल हो गया। हादसे के बाद कार चालक वाहन समेत फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बुड्ढी गांव निवासी दुर्विजय यादव अपने बेटों अंश उर्फ अंकुश (8) और आदित्य (6) के साथ खरीदारी कर लौट रहे थे। सुनील हार्डवेयर के सामने पीछे से आई बिना नंबर की कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। लोगों ने दोनों को निजी अस्पताल पहुंचाया, चिकित्सकों ने अंश को मृत घोषित कर दिया, जबकि आदित्य का प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया गया। चौकी प्रभारी बिस्कोहर अमित कुमार शाही ने बताया कि मामले की जानकारी है, तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### देवरिया पुलिस का बड़ा अभियान, 29 वारंटी गिरफ्तार

**देवरिया।** अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत देवरिया पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। बीती रात जिलेभर में चलाए गए अभियान में 29 एनबीडब्ल्यू (गैर-जमानती वारंट) अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) सुनील कुमार सिंह ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त अभियान जारी रहेगा।

## बस्ती जिले में भू माफियाओं का आतंक राजस्व निरीक्षक से की मिली भगत से गरीबों की जमीन पर दबंगों का कब्जा

**●दबंग भू माफिया आसिफ के गुर्गे महिलाओं के साथ की अभद्रता जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक को दिया प्रार्थना पत्र**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती ।** बस्ती जिले सदर तहसील क्षेत्र कलवारी थाना क्षेत्र के ग्रामअमिलहा के राजस्व निरीक्षक अशर्फी लाल व हल्का लेखपाल द्वारा दबंग भू माफिया को जमीन बिना पैमाइश किए ज्यादा कब्जा करवा रहे हैं ग्रामीणों के विरोध पर दबंग भूमिया महिलाओं के साथ अभद्रता करते हुए जान माल की धमकी दिया राजस्व निरीक्षक की भूमिका संदिग्ध, ग्रामीणों की गैर मौजूदगी में दबंगों से मिल षड़यंत्र कर करवाया गलत पैमाइश व पत्थर नसब, दबंगों से अधिक जमीन कब्जा करवाने की कर रहे कोशिश अमिलहा में आसिफ नाम का व्यक्ति खुद को सरकारी कर्मचारी का आदमी बता विवादित जमीन पर जबरन कब्जे की कर रहा कोशिश कवरेज करने गए पत्रकार को,खबर चलाने पर पत्रकारों को दे रहा फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दिया। मौके पर मौजूद लेखपाल राजस्व निरीक्षक ने विवादित जमीन पर जेसीबी द्वारा कार्य कराया जा रहा है ग्रामीणों के विरोध से कार्य रुकवा नहीं जिसकी शिकायत उच्च अधिकारियों को दे दी गई हैदबंगों को साथ लेकर गांव में अनुसूचित जाति की महिलाओं से हाथापाई व गाली-गलौज, जेसीबी से जमीन में खोदकर तोपने की धमकी देने वाले आसिफ व उसके गुर्गों के उपर अब तक थाने मे व डीएम,एसपी के यहां पड़े शिकायत पत्र को दे कर कार्रवाई का मांग किया गया है कानूनगो अशर्फी लाल व हल्का लेखपाल की भूमिका संदिग्ध,ग्रामीणों की गैर मौजूदगी में दबंगों से मिल षड़यंत्र कर करवाया गलत पैमाइश व पत्थर नसब,दबंगों से अधिक जमीन कब्जा करवाने की कर रहे कोशिश भ्रष्ट राजस्व निरीक्षक और लेखपाल मोटी रकम लेकर के जबरदस्ती जमीन को कब जाना चाहते हैंग्रामीणों का आरोप पत्थर नसब में दो पत्थर गड़वा कागजों में बताएं गए चार,अपने फर्जी रिपोर्ट के आधार पर जालसाजो से मिल कानूनगो ने निर्दोष व्यक्ति रामदेव पर दर्ज कराया एफआईआर दबंग भूमिया के खिलाफ कोई कार्रवाई न करके ग्रामीणों में असंतोष फैला हुआ हैकानूनगो का रिश्वत लेते वीडियो होने का भी दावा कर रहा आसिफ नाम का व्यक्ति,ग्रामीणों के मुताबिक आपराधिक प्रवृति व मानसिक विक्षिप्त किस्म का व्यक्ति हैं भैरोपुर निवासी आसिफ दूसरे ग्राम पंचायत का निवासी होने के बावजूद भी राजस्व निरीक्षक की गंदी हरकत से ग्रामीण परेशान है राजस्व निरीक्षक नेक्षेत्र के नामी भू-माफियाओं से मिल जमीनी रंजिश में गरीब महिलाओं को मकान-दुकान पर जा,रास्ते में दबंगों से रुकवा,फोन कर दे रहा भद्दी-भद्दी गालियां व जान से मारने की धमकी आधी रात में दबंगों संग मिल पत्थर उखाड़ कर दूसरी जगह लगा भाग गए बहरूपिये विवादित जमीन पर कब्जा करने के लिए वास्तविक तथ्यों को छिपा न्यायालय व पुलिस को गुमराह करने की कोशिश कर रहा जाल साज दबंग भू माफिया आसिफ , ने ग्रामीणों के दी जान से मारने की धमकी जिसका प्रार्थना पत्र पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय में दिया गया लेकिन फिर भी अभी कार्य रुका नहीं। आखिर योगी राज में भू माफिया को मिट्टी में मिला देने वाले दावे को कब सच कर दिखाएंगे अधिकारी,कलवारी थाना अंतर्गत अमिलहा गांव का पूरा मामला।

### ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत, चालक फरार




**तालबेहट।** एक माह पूर्व हाइवे 44 ग्राम टेटा जमालपुर के समीप ट्रेक्टर की टक्कर से बाइक सवार की 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात ट्रेक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

ग्राम सिलगन निवासी गिरजा की ओर से दी गई तहरीर के अनुसार, उनका पुत्र हीरो (20) तेरई फाटक स्थित एक ढाबे पर हलवाई का काम करता था। 13 मार्च 2026 की शाम करीब 6:30 बजे वह अपने साथी दीपक के साथ टीवीएस मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। इसी दौरान टेटा जमालपुर के पास एक ट्रैक्टर (नंबर एमपी 32 जेड बी 5780 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में हीरो गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद राहगीर मुवीन अली ने चालक को रोकने की कोशिश की, लेकिन वह ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। घायल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल ललितपुर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

परिजनों के अनुसार, अंतिम संस्कार में व्यस्त होने के कारण घटना की सूचना बाद में पुलिस को दी गई। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## परशुराम जयंती पर गूंजा संकल्प- न्याय, धर्म और समानता के पथ पर चलने का आह्वान: सूरज सिंह



**●सूरज सिंह बोले—युवाओं को संस्कृति और मूल्यों से जोड़ना ही समय की सबसे बड़ी जरूरत**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोंडा।** आवास विकास कॉलोनी, गोंडा में भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर 19 अप्रैल 2026 को आवास विकास कॉलोनी स्थित श्री सूरज सिंह के आवास पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे पूरा वातावरण श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक एकता के संदेश से सराबोर नजर आया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सूरज सिंह ने भगवान परशुराम के आदर्शों को आज के समय में प्रासंगिक बताते हुए कहा कि उनका जीवन हमें अन्याय के खिलाफ खड़े होने, धर्म के मार्ग पर चलने और समाज में समानता स्थापित करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि अगर समाज को मजबूत बनाना है तो युवाओं को अपनी जड़ों और संस्कृति से जोड़े रखना होगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने लक्ष्यों के प्रति सजग रहें, साथ ही अपनी परंपराओं और संस्कारों को सहेजते हुए समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।राजनीतिक संदर्भ में उन्होंने कहा कि यदि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनती है, तो भगवान परशुराम जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाएगा, जिससे समाज के इस महापुरुष के प्रति सम्मान और व्यापक स्तर पर प्रकट हो सके।कार्यक्रम में राजेश मिश्रा, अवनीश शुक्ला, गुड्डू शुक्ला, राम बदल पाण्डेय, अनिकेत तिवारी और भुवनेश्वर दुबे सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए भगवान परशुराम के आदर्शों को अपनाने पर जोर दिया।इस अवसर पर विभूति नारायण मिश्रा, बिन्दू पाण्डेय, राम दत्त पाठक, जे.पी. श्रीवास्तव, देवेन्द्र सिंह, विश्व सम्पत सिंह समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सामाजिक समरसता, एकता और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने के संकल्प के साथ हुआ, जिसने उपस्थित जनसमूह को नई ऊर्जा और प्रेरणा से भर दिया।

## धूमधाम से मनाई गई परशुराम जयंती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**सिद्धार्थनगर /** उसका बाजार कस्बा के सुभाष नगर वार्ड में समाज सेवी राज नारायण पाण्डेय की अगुवाई में रविवार को भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से बनाई गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा की अक्षय तृतीया का पर्व हर साल वैशाख मास के शुक्लपक्ष की तृतीया तिथि को यह पर्व मनाया जाता है। हिंदू धर्म में इस पर्व का खास महत्व होता है। क्योंकि इसी दिन भगवान परशुराम की जयंती मनाई जाती है। हिंदू मान्यता के अनुसार उन्हें भगवान विष्णु का छठा अवतार माना जाता है, जो कि पृथ्वी पर अन्याय और अधर्म का नाश करने के लिए त्रेतायुग में अवतरित हुए थे। ज्ञान, तप और शक्ति के प्रतीक माने जाने वाले भगवान परशुराम अष्टचिरंजीवी में से एक हैं और हर युग में पृथ्वी पर मौजूद रहते हैं।

इस अवसर पर कमल सोनी, प्रह्लाद, अंकित, मनीष अग्रहरी, सत्य प्रकाश वर्मा, अंकित पाण्डेय, शिव कुमार जायसवाल, शिव कुमार आदि रहे। भनवापुर।भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र के फत्तेपुर गांव निवासी पूर्व ब्लॉक प्रमुख पंडित चंद्र प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में पड़िया गांव स्थित भगवान परशुराम मंदिर पर परशुराम जयंती के अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया।

बताया जाता है कि वर्ष 1982 में जब पंडित चंद्र प्रकाश मिश्रा पहली बार भनवापुर के ब्लॉक प्रमुख बने थे, उसी वर्ष उन्होंने पड़िया गांव में बरम बाबा स्थान के उत्तर दिशा में भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापित कराई थी। तभी से इस मंदिर में नियमित रूप से पूजा-अर्चना होती आ रही है। परशुराम जयंती के अवसर पर आयोजित भंडारे में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और पूजा-अर्चना में भाग लिया।

इस दौरान भूपेंद्र मिश्र, कुंवर मिश्र, सच्चिदानंद पांडे, सत्यदेव मिश्र, दीनानाथ मिश्रा, दद्दन पांडे, रामफेर तिवारी, बब्बू मिश्रा, रघुराज तिवारी, रूपनारायण सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज एवं अन्य वर्गों के लोग मौजूद रहे।

बर्डपुर /पराक्रम, धर्मनिष्ठा और न्याय के प्रतीक, भगवान विष्णु जी के छठवें अवतार,भगवान परशुराम की जयंती के पावन अवसर पर रविवार को नगर पंचायत कपिलवस्तु क्षेत्र अंतर्गत वार्ड सुद्दोधननगर के टोला शिवपुर में भगवान परशुराम की जयंती पर उपस्थित लोगों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस दौरान भाजपा नेता/ नामित सभासद नितेश पाण्डेय ने कहा कि भगवान परशुराम की कृपा से सभी के जीवन में साहस और सफलता का संचार हो तथा हर अन्याय के विरुद्ध सत्य और धर्म के मार्ग पर अडिग रहने की शक्ति प्राप्त हो यही प्रार्थना किया ।

इस दौरान श्यामबिहारी मिश्र, शिवम मिश्र, आशीष मिश्र, राकेश मिश्रा दुर्गेश पाण्डेय बदमली मिश्र अमित मिश्र बलदेव मिश्र गुड्डू मिश्र अंगद मिश्र, रजत उपाध्याय, दुर्गेश कुमार, अश्वनी,सत्यम,संतोष मिश्र,भोपाल मिश्र आदि ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया । बिस्कोहार / नगर पंचायत बिस्कोहर में रविवार को अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जयंती परशुराम तिराहा वार्ड नंबर 15 विश्वनाथनगर में मनाते हुए पूर्व मंत्री डॉ सतीश चंद्र द्विवेदी व नगर पंचायत बिस्कोहर के नगर अध्यक्ष अजय गुप्ता एवं सभासद पदाधिकारी बड़े धूमधाम से मनाते हुए पूर्व मंत्री डॉ सतीश द्विवेदी ने कहा कि हमारे जगत में भगवान परशुराम ने सभी का कल्याण किया और अपने महत्त्व पर सुझाव बताया। इस मौके पर पूर्व मंत्री डॉ सतीश चंद्र द्विवेदी, नगर अध्यक्ष अजय गुप्ता, सभासद सत्यनारायण दुबे निर्पेंद्र सिंह, सूर्य मणि चौधरी, अमित कुमार पाण्डेय, राम नरेश पासवान, शिव जी तिवारी, विद्यासागर गुप्ता, सत्य प्रकाश बाबा, घनश्याम मौर्य, पिंकू मोदनवाल, अटल प्रजापति, लालू नाई, मगरे मौर्य, तोलन गुप्ता, राम हेरन शास्त्री, भोला पाण्डेय, विनोद पासवान, अजीत मौर्य, अमन चौरसिया, कुटूर पाण्डेय, सदा नंद शुक्ला, अनूप पांड, बैज नाथ गुप्ताआदि लोग मौजूद रहे।

## चकईजोत के शिक्षक बेचन प्रसाद को राज्य स्तरीय सम्मान




**सिद्धार्थनगर /** जिले के बर्डपुर विकास क्षेत्र के पीएम श्री विद्यालय चकईजोत से राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में विकास खण्ड बर्डपुर से सर्वाधिक पांच बच्चे उत्तीर्ण हुए, जिसके लिए बेचन प्रसाद (स.अ.) को लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। विद्यालय के शिक्षक राजेश सिंह, राकेश गुप्ता, मशहूर आलम, विपिन चौधरी, शिवकरण, एवं पूर्व ग्राम प्रधान सुनील यादव, ग्राम प्रधान लालजी जायसवाल आदि प्रसन्नता व्यक्त करते हुए हार्दिक बधाई दी है।

## अक्षय तृतीया पर गौरीगंज रेलवे स्टेशन पर चला जनजागरूकता अभियान, बाल विवाह रोकने का दिया संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**अमेठी।** जनपद अमेठी में दिनांक 19 अप्रैल 2026 को उप जिलाधिकारी/जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन में अक्षय तृतीया के अवसर पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत गौरीगंज रेलवे स्टेशन पर जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य बाल विवाह जैसी कुप्रथा के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा। इस दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 भारत में बाल विवाह को रोकने, पीड़ितों को संरक्षण देने तथा दोषियों को दंडित करने का प्रमुख कानून है। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस कानून का पालन करें और बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने में सहयोग दें। चाइल्ड हेल्पलाइन की रुचि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बाल विवाह के लिए न्यूनतम आयु लड़कियों के लिए 18 वर्ष तथा लड़कों के लिए 21 वर्ष निर्धारित की गई है। इसका उल्लंघन करने पर दोषियों को 2 वर्ष तक की सजा और एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। कार्यक्रम के दौरान केस वर्कर बेबी सिंह ने उपस्थित लोगों को विभिन्न टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबरों—181, 1098, 112, 1090 और 1076—की विस्तृत जानकारी दी तथा आवश्यकता पड़ने पर इनका उपयोग करने की सलाह दी। इस मौके पर गौरीगंज के बाल कल्याण दरोगा एवं आरपीएफ जवान भी मौजूद रहे और अभियान को सफल बनाने में सहयोग किया।

## गैस एजेंसियों से सिलेंडर चोरी का खुलासा: दो शातिर गिरफ्तार, पांच खाली सिलेंडर व बाइक बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** जनपद बस्ती में गैस एजेंसियों से सिलेंडर चोरी की घटनाओं का कोतवाली पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के पांच खाली गैस सिलेंडर और घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हो रही सिलेंडर चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगने की उम्मीद जताई जा रही है। थाना कोतवाली पुलिस टीम 16 अप्रैल 2026 को शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पचपेड़िया रोड स्थित पटेल चौराहे पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना मिली कि गैस एजेंसियों से सिलेंडर चोरी करने वाले दो व्यक्ति हर्दिया चौराहे से वाल्टरगंज जाने वाले मार्ग पर मौजूद हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर नाले से लगभग 100 मीटर आगे दोनों संदिग्धों को घेराबंदी कर दबोच लिया।

पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान कृष्ण मोहन शुक्ला पुत्र राम प्रगट शुक्ला निवासी हर्दिया बेलाड़ी थाना वाल्टरगंज तथा कृष्ण मोहन सिंह पुत्र शिव गोविंद सिंह निवासी संसारपुर थाना वाल्टरगंज के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उनके पास से पांच खाली गैस सिलेंडर और एक हीरो पैशन मोटरसाइकिल (संख्याU P51 A E 9141) बरामद की गई। पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि उन्होंने इंडेन गैस के दो सिलेंडर 22 मार्च और 10 अप्रैल को पटेल चौक स्थित गैस एजेंसी से चुराए थे। वहीं भारत गैस के तीन सिलेंडरों में से दो श्रीराम गैस एजेंसी मड़वानगर से और एक रोडवेज के पास से चोरी किया गया था। चोरी के बाद सभी सिलेंडरों को सुनसान स्थान पर झाड़ियों में छिपाकर रखा गया था और उन्हें बेचने की फिराक में थे, तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। इस मामले में पहले से दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 167/2026 धारा 303(2) बीएनएस में गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस द्वारा आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। सराहनीय रही पुलिस टीम की सक्रियता इस सफलता में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मोतीचंद, उपनिरीक्षक अनस अख्तर, उपनिरीक्षक राम अशोक यादव सहित कांस्टेबल दिलीप चौहान, राजू यादव, अशरफ खान, काशी कुमार और अनुनय सोमवंशी की विशेष भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने टीम की तत्परता और कुशल कार्यशैली की सराहना करते हुए उत्साहवर्धन किया है।

## पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी के नेतृत्व में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव

**●शुकुल बाजार में ब्राह्मण समाज के अगुवा वा वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र शुक्ला के नेतृत्व में मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** भगवान परशुराम जयंती का पर्व क्षेत्र में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर धार्मिक अनुष्ठानों, शोभायात्राओं और पूजन-अर्चन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म और परंपरा के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। गौरीगंज क्षेत्र में पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र 'मटियारी' के नेतृत्व में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत हजारों की संख्या में लोगों ने एक विशाल रैली निकाली, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। रैली में शामिल श्रद्धालु भगवान परशुराम के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे। इसके उपरांत भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान पूर्व विधायक ने कहा कि भगवान परशुराम केवल एक धार्मिक प्रतीक नहीं, बल्कि सत्य, न्याय और धर्म की स्थापना के प्रेरणास्रोत हैं। उनके जीवन से हमें अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा मिलती है। वहीं, विकासखंड शुकुल बाजार में भी भगवान परशुराम जयंती बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। ब्राह्मण समाज के अगुवा एवं वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र शुक्ला व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित राम उंजेरे शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा, पंडित सतीश दास जी महाराज, उदय नारायण मिश्रा सहित अन्य भक्तगणों ने विधि विधान पूर्वक भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया। भगवान परशुराम के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। भगवान परशुराम, जो कि महर्षि जमदग्नि के पुत्र एवं भगवान विष्णु के छठवें अवतार माने जाते हैं, ने सदैव धर्म की रक्षा और अधर्म के विनाश के लिए कार्य किया। उनका जीवन त्याग, तपस्या और न्यायप्रियता का अद्वितीय उदाहरण है पंडित सतीश दास जी महाराज ने कहा कि भगवान परशुराम भारतीय परंपरा में अद्वितीय स्थान रखते हैं। वे महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका के पुत्र तथा भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं। परशुराम का जीवन धर्म, न्याय और तपस्या का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने अत्याचार और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करते हुए अधर्म का नाश किया और समाज में संतुलन स्थापित किया। उनका 'परशु' (फरसा) केवल शस्त्र नहीं, बल्कि सत्य और धर्म की रक्षा का प्रतीक है।

कहा जाता है कि उन्होंने कठोर तप कर भगवान शिव से दिव्य अस्त्र-शस्त्र प्राप्त किए और उनका उपयोग सदैव धर्म की स्थापना के लिए किया। वे ज्ञान, शक्ति और विनम्रता के अद्भुत संगम हैं। आज भी परशुराम का जीवन हमें सिखाता है कि सत्य के मार्ग पर अडिग रहकर अन्याय का विरोध करना ही सच्चा धर्म है।

### तालबेहट में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा

**जगह-जगह आरती, स्वागत कार्यक्रम**

**तालबेहट।** भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर नगर में ब्राह्मण समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर समाजसेवियों ने शोभायात्रा का आरती-वंदन कर स्वागत किया। रविवार शाम करीब 6 बजे पीर बाबा मड़िया से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। शोभायात्रा सरफयाना, बड़ा बाजार, सराफा बाजार, रेंज ऑफिस, बस स्टैंड, रामलीला मैदान और पुराने पेट्रोल पंप होते हुए पुनः पीर मड़िया पहुंची। यहां विधि-विधान से भव्य आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा में अलग अलग शहरों से आई करतब टोलियों ने आकर्षक प्रदर्शन कर लोगों को रोमांचित किया। ढोल-नगाड़ों की धुन और भगवान परशुराम की सजीव झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। आयोजन में नगर व क्षेत्र के ब्राह्मण समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। शोभायात्रा की सुरक्षा व्यवस्था में क्षेत्राधिकारी आशीष मिश्रा, कोतवाल मनोज मिश्रा पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## गाजीपुर के हत्याकांड में न्याय की मांग तेज

**●पंचरत्न विश्वकर्मा समाज ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** गाजीपुर जिले के करंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत धर्मपुर कटरिया गांव में युवती के साथ हुए कथित दुष्कर्म एवं हत्या के मामले ने तूल पकड़ लिया है। घटना के विरोध में पंचरत्न विश्वकर्मा समाज ने अध्यक्ष विजय डयोडिया के नेतृत्व में प्रदेश की महामहिम राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग उठाई है। समाज अध्यक्ष विजय सोनी ड्योडिया के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि 18 अप्रैल 2026 को सियाराम विश्वकर्मा की पुत्री निशा विश्वकर्मा के साथ अज्ञात आरोपियों द्वारा पहले दुष्कर्म किया गया और बाद में उसकी निर्मम हत्या कर शव को गंगा नदी किनारे फेंक दिया गया। देर रात युवती के लापता होने की जानकारी मिलने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की, जिसके बाद गंगा किनारे शव मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि पोस्टमार्टम के चार दिन बाद भी मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। समाज ने इस घटना को अत्यंत दुखद और शर्मनाक बताते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पंचरत्न विश्वकर्मा समाज ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाया जाए तथा दोषियों को सख्त सजा दी जाए, जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लग सके। इस दौरान अध्यक्ष विजय सोनी डयोडिया, अनूप ताम्रकार, राजेश झां, जगदीश झा, जिला पंचायत सदस्य अमर सिंह विश्वकर्मा, मनोज झा, प्रीतम लाल विश्वकर्मा, दिनेश झां, सत्येन्द्र विश्वकर्मा एड. के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### खेत से घर आते समय ट्रैक्टर पलटा, चालक घायल




लालगंज (रायबरेली)। कोतवाली क्षेत्र के नकटुआ मटेहना गांव में रविवार को खेतों से घर आते समय ट्रैक्टर पलट गया उसके नीचे दबकर चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य लाया गया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। गांव निवासी धनंजय सिंह (19) ट्रैक्टर लेकर खेत से घर लौट रहे थे तभी गांव की निकट ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर पलट गया। ट्रैक्टर पलटने से धनंजय उसी के नीचे दब गए ट्रैक्टर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और उन्हें गंभीर चोटे आ गई। उन्हें उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### दुप्पट्टे के फंदे से कमरे में लटका मिला नाबालिग किशोरी का शव



घटना स्थल की पड़ताल की गई है, किशोरी के शरीर पर एक मार्क के अलावा कोई भी चोट के निशान नहीं है। वीडियोग्राफी के बीच पैनल से किशोरी के शव का पोस्टमार्टम कराया जायेगा। मौके की स्थिति को देखते हुए प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। कुछ संदिग्ध हिरासत में है, बरामद हुए एक फोन की परिजन पहचान कर रहे है। वह उनके घर में काम करने वाले नौकर का बताया जा रहा है। सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है, जल्द ही मामले का राजफाश होगा। अंकुर अग्रवाल, एसपी, सीतापुर।

### लव जिहाद के विरोध में विहिप-बजरंग दल का प्रदर्शन, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**बिसवां/सीतापुर** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नगर अध्यक्ष प्रेम शंकर बाजपेई के आह्वान पर लव जिहाद, अवैध कब्जों व कथित समाज विरोधी गतिविधियों के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए तहसीलदार अनिल कुमार राम को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने पत्थर शिवाला मंदिर से तहसील तक पैदल मार्च कर नारेबाजी की और सख्त कानून बनाने की मांग उठाई। ज्ञापन में इन मुद्दों को देश की सामाजिक सद्भावना व सुरक्षा के लिए चुनौती बताया गया। इस दौरान सुधाकर मिश्रा, अगस्त्य प्रताप सिंह, लाल जी रस्तोगी, महेश मौर्या, दुर्गेश सिंह, गोपाल पांडेय, आयुष मिश्रा, श्याम जी शुक्ला, श्याम जी सिंह, ओपी गुप्ता, जेपी दीक्षित समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### यूपी में अब 45 दिन तक नहीं कटेगी स्मार्ट मीटर की बिजली, जीरो बैलेंस होने पर भी 3 दिन तक जारी रहेगी सप्लाई

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को राहत देते हुए नई व्यवस्था लागू कर दी है। इसके तहत जहां स्मार्ट मीटर अभी तत्काल लगे हैं, उन्हें 15 दिन की कन्वर्जन अवधि और उसके बाद 30 दिन यानी कुल 45 दिन तक उनका बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। वहीं, जीरो बैलेंस होने पर भी अधिकतम तीन दिन या 200 रुपये तक (दो किलोवाट भार तक) बिजली आपूर्ति जारी रहेगी। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने रविवार को शक्ति भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में गठित तकनीकी समिति की रिपोर्ट आने तक पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटर में बदलने की प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई है। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को समय रहते सतर्क करने के लिए पांच-स्तरीय एसएमएस अलर्ट सिस्टम लागू किया जाएगा। इसमें बैलेंस 30 प्रतिशत होने, 10 प्रतिशत होने, बैलेंस खत्म होने, डिस्कनेक्शन से एक दिन पहले और डिस्कनेक्शन के बाद संदेश भेजे जाएंगे। साथ ही रविवार और अन्य अवकाश के दिन किसी भी स्थिति में कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। गर्मी को देखते हुए मंत्री ने निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। ट्रांसफार्मर बदलने में देरी न हो, ढीले तार और स्पार्किंग की समस्या तुरंत ठीक की जाए और मरम्मत के कार्यों में तेजी लाई जाए, ताकि दुर्घटनाएं रोकी जा सकें।

## सुमरावा गांव में मानकहीन नाली निर्माण: घटिया सीमेंट और बिना पानी छिड़काव से निकलने लगी ईंटें



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुमरावा सीतापुर,** सीतापुर जिले के लहरपुर तहसील अंतर्गत सकरन ब्लॉक के सुमरावा गांव में चल रहे नाली निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, नाली को मानकों के विपरीत बनाया जा रहा है, जिसमें निम्न कोटि के सीमेंट मसाले का उपयोग हो रहा है। निर्माण के दौरान न तो ईंटों पर सुबह-शाम पानी छिड़का जा रहा है और न ही उचित तरीके से जोड़ाई की जा रही है, जिससे ईंटों के बीच दरारें पड़ने लगी हैं और ईंटें टूटने लगी हैं। गांव में बन रही इस नाली की लंबी कतारें देखने पर स्पष्ट दिख रहा है कि ईंटें ढीली पड़ रही हैं और उनके जोड़ कमजोर हैं। निर्माण स्थल पर उचित देखरेख की कमी साफ तौर पर नजर आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा सस्ता और घटिया सामान इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे पूरी नाली जल्द ही ध्वस्त होने की आशंका है। सुमरावा गांव में कल सुबह 11 बजे के आसपास ली गई तस्वीरों में यह स्थिति स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। ग्रामीणों ने बताया कि नाली का काम तेजी से चल रहा है, लेकिन गुणवत्ता पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर यही स्थिति रही तो बारिश के मौसम में नाली टूट-फूट जाएगी और गंदा पानी गांव में फैल सकता है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ेंगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तुरंत निर्माण कार्य की जांच हो और दोषी ठेकेदार पर कार्रवाई की जाए। साथ ही, नाली को मानकों के अनुसार दोबारा बनवाया जाए ताकि गांववासियों को लंबे समय तक टिकाऊ सुविधा मिल सके। यह मामला ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों की गुणवत्ता को लेकर उठने वाले सवालों को फिर से उजागर करता है। जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से इसकी जांच की अपेक्षा की जा रही है।

## त्रिस्तरीय पंचायत की निर्वाचक नामावली का पुनरीक्षण कार्यक्रम संशोधित

● मतदाताओं के Deduplication एवं कम्प्यूटरीकरण की कार्यवाही 21 अप्रैल से 28 मई तक

निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन 10 जून को




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली:-** राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश लखनऊ की अधिसूचना (संशोधन) के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) रायबरेली हर्षिता माथुर ने बताया है कि पूर्व निर्गत सार्वजनिक सूचना (संशोधन) में आंशिक संशोधन करते हुए जनपद रायबरेली में निर्धारित समय सारिणी के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली हेतु कार्यवाही की जायेगी।

उन्होंने बताया है कि निर्धारित समय सारिणी के अनुसार 21 अप्रैल 2026 से 28 मई 2026 तक मतदाताओं के Deduplication एवं कम्प्यूटरीकरण की कार्यवाही की जाएगी। 29 मई 2026 से 09 जून 2026 तक कम्प्यूटरीकरण के उपरांत मतदेय केंद्र/स्थलों का क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डों की मैपिंग, मतदाता क्रमांकन, एसवीएन आवंटन, मतदाता सूची की डाउनलोडिंग आदि किया जाएगा। 10 जून 2026 को निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन किया जायेगा।

जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) ने निर्देश दिए है कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), रायबरेली, समस्त उपजिलाधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, जनपद रायबरेली एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारी/समन्वयक अधिकारी/नोडल अधिकारी, Deduplication जनपद रायबरेली द्वारा तद्नुसार अग्रेतर कार्यवाही की जाएगी। निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगे तथा निर्धारित समय सारिणी के अनुसार निर्वाचक नामावली का कार्य पूर्ण कराया जाएगा।

### ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग, सड़क पर मची अफरा-तफरी



**लालगंज (रायबरेली)।** नगर के फतेहपुर रोड पर रविवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब कोतवाली गेट के सामने रखे ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और ट्रांसफार्मर आग का गोला बन गया। घटना के दौरान कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन कुछ देर के लिए आसपास अफरा-तफरी का माहौल बन गया। तेज लपटों और गर्मी से लोग दहशत में आ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग की गर्मी दूर तक महसूस की जा रही थी। ट्रांसफार्मर सड़क किनारे होने के कारण दोनों ओर वाहनों का आवागमन कुछ समय के लिए बाधित हो गया। सूचना मिलते ही कोतवाली में मौजूद पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझने के बाद बिजली विभाग के कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे और ट्रांसफार्मर की मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया।

### चलती बाइक में साड़ी फंसी, गिरकर महिला की मौत




**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र में रविवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। डलमऊ रोड स्थित डिहवा चौराहे के पास बाइक पर बैठी महिला की साड़ी पहिए में फंस गई, जिससे संतुलन बिगड़ने पर वह सड़क पर गिर गईं। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राधा बालमपुर निवासी दीपा मिश्रा अपने पति अखिल मिश्रा के साथ बाइक से कस्बे की ओर आ रही थीं। जैसे ही वे डिहवा चौराहे के पास पहुंचे, उनकी साड़ी बाइक के पहिए में फंस गई। अचानक संतुलन बिगड़ने से वह सड़क पर गिर पड़ीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद परिजनों व राहगीरों की मदद से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है, हालांकि परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

## सामुदायिक विकास पहल अन्तर्गत बने विद्यालय का डीएम ने किया लोकार्पण







स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने तहसील टांडा के हकीमपुर ग्राम में एनटीपीसी टांडा द्वारा सामुदायिक विकास पहल के अंतर्गत नव निर्मित प्राथमिक विद्यालय भवन का द्वीप प्रज्ज्वलित कर एवं फीता काटकर लोकार्पण किया। लगभग ?166.97 लाख की लागत से निर्मित इस विद्यालय भवन से क्षेत्र में शैक्षिक आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बेहतर भौतिक संसाधन अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने एनटीपीसी टांडा की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने में सहायक सिद्ध होंगे तथा बच्चों को बेहतर शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराएंगे। इस अवसर पर एनटीपीसी टांडा के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर जयदेव परिदा सहित उपजिलाधिकारी टांडा, बेसिक शिक्षा अधिकारी, तथा एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी एवं जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे। नव निर्मित विद्यालय भवन से हकीमपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को आधुनिक एवं सुरक्षित शिक्षण वातावरण उपलब्ध होगा।

## कलम शक्ति ट्रस्ट की प्रथम बैठक संपन्न, पत्रकार हितों की रक्षा का लिया संकल्प



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** जनपद रायबरेली के लालगंज कस्बे स्थित श्री लगन उत्सव लॉन (बेहटा चौराहा, हनुमान मंदिर के समीप) में कलम शक्ति ट्रस्ट की प्रथम बैठक भव्य एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। कार्यक्रम का आयोजन ट्रस्ट के संस्थापक/अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, सचिव जितेंद्र सविता तथा कोषाध्यक्ष यशपाल सिंह के नेतृत्व में किया गया, जिसमें क्षेत्र सहित अन्य जनपदों से आए सैकड़ों पत्रकारों ने भागीदारी की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद मंचासीन अतिथियों–किसान नेता रमेश बहादुर सिंह, मान्यता प्राप्त पत्रकार चंद्रशेखर शरण सिंह, सुप्रसिद्ध कवि वाई.पी. सिंह तथा उद्योग व्यापार मंडल लालगंज के अध्यक्ष राहुल भदौरिया–का ट्रस्ट परिवार द्वारा माल्यार्पण कर एवं पेन-डायरी भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही दूर-दराज से आए पत्रकारों का भी सम्मान किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य पत्रकार हितों की रक्षा, ट्रस्ट के उद्देश्यों का प्रचार-प्रसार एवं कोर कमेटी का विस्तार रहा। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार शेर बहादुर सिंह, किसान नेता रमेश बहादुर सिंह एवं पत्रकार चंद्रशेखर शरण सिंह को ट्रस्ट का संरक्षक नियुक्त किया गया।

ट्रस्ट की कोर कमेटी में विकास त्रिपाठी (उपाध्यक्ष), मोहम्मद परवेज (महासचिव), आदर्श द्विवेदी (संगठन प्रभारी), वीरेंद्र जायसवाल (संगठन महामंत्री), अंकुर श्रीवास्तव (संगठन मंत्री), आदित्य वर्मा (मीडिया प्रभारी) तथा गब्बर सिंह (उप मीडिया प्रभारी) को नियुक्ति पत्र सौंपकर जिम्मेदारियां दी गईं। इस अवसर पर संस्थापक/अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह ने कहा कि कलम शक्ति ट्रस्ट पत्रकारों के हक, सम्मान और सुरक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगा तथा हर संभव सहयोग प्रदान करेगा।

वहीं संरक्षक रमेश बहादुर सिंह ने भरोसा दिलाया कि पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा के लिए वे हमेशा अग्रिम पंक्ति में खड़े रहेंगे। संरक्षक एवं सलाहकार चंद्रशेखर शरण सिंह ने निष्पक्ष, निडर और निर्भीक पत्रकारिता पर जोर देते हुए कहा कि समय-समय पर पत्रकारों के लिए प्रशिक्षण एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों ने एकजुट होकर पत्रकार हितों की रक्षा के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। यह बैठक संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ पत्रकारों के अधिकारों के प्रति जागरूकता और एकता का प्रतीक बनी।

## मृतका के चाचा ने थाना महमूदाबाद में दर्ज कराया आत्महत्या से संबंधित अभियोग

● किशोरी को परेशान करने के कारण आत्महत्या का दो युवकों पर आरोप




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महमूदाबाद-सीतापुर।** कस्बे के मोहल्ला बेहटा छावनी के एक मकान में नाबालिग बालिका का शव फंदे से कल लटकता पाया गया था। जिसकी सूचना पर सीओ, कोतवाल समेत पुलिस दल द्वारा मौके पर पहुंचकर शव को उतारकर पीएम के लिए भेजा दिया गया था। मृतक किशोरी के चाचा ने थाना महमूदाबाद में आत्महत्या से सम्बंधित अभियोग पंजीकृत कराया है। विदित हो कि कमलापुर के भमेरा गांव निवासी उस्मान ने अपने व्यापार के चलते महमूदाबाद के बेहटा छावनी में अपना मकान बना रखा है। इसी मकान में उस्मान की पत्नी नसीम बानो, भाई अहमान, सूफियान परिवार के साथ रहते है। इसी घर मे गत 16 अप्रैल को अहिमान सिद्दीकी के भाई उस्मान की नाबालिग पुत्री वसीम बानो बेहटा छावनी स्थित अहिमान सिद्दीकी के घर को आई थी, अहिमान के मुताबिक उसके मुर्गी फॉर्म पर काम करने वाले थाना सदरपुर अंतर्गत ग्राम तकिया नवीगंज निवासी साहिबे आलम पुत्र मुकीद व इबरान उर्फ इमरान पुत्र मैनुद्दीन से उसकी भतीजी बात करती थी, इसी का फायदा उठाकर साहिबेआलम और इबरान उसकी नाबालिग भतीजी को परेशान करते थे, इस वजह से अहिमान सिद्दीकी ने उक्त दोनों को मुर्गी फॉर्म पर बुलाकर समझाया था और कहा था कि तुम दोनो मेरी भतीजी से बात चीत व मेल मिलाप मत रखो, इनके मोबाइल में किशोरी के फ़ोटो आदि थे, उन्हें डिलीट करने के लिए अहिमान ने मोबाइल ले लिया था, अहिमान के अनुसार उसकी भतीजी घर पर अकेली थी, उसकी भाभी नसीम बानो व अहिमान का भाई सूफियान जब घर पहुंचा तो कमरा अंदर से बंद था, कमरा अंदर से बंद होने के कारण कमरे का दरवाजा अहिमान की भाभी व भाई ने तोड़ दिया तो नाबालिग किशोरी पंखे में अपने रूपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। अहिमान के मुताबिक उसकी भाभी व भाई ने शव को पंखे से उतार लिया। अहिमान ने साहिबे आलम और इबरान उर्फ इमरान पर आरोप लगाया है कि इन दोनों के परेशान करने के कारण ही उसकी भतीजी ने आत्महत्या किया है। इस संबंध में थाना महमूदाबाद में मुकदमा अ.सं. 0129/2026 पंजीकृत कराया गया है।

## मानव सेवा ही सच्ची सेवा है किसी की मदद करना व परोपकार ही सच्चा धर्म है:- कोतवाली प्रभारी अरविंद कुमार




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लहरपुर सीतापुर** मानव सेवा ही सच्ची सेवा है किसी की मदद करना व परोपकार ही सच्चा धर्म है उक्त विचार कोतवाली प्रभारी अरविंद कुमार ने ग्राम सभा गणेशपुर नेवादा में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर मे लोगों को जागरुक करते हुए व्यक्त किया उन्होंने बताया फ्री मेडिकल हेल्थ कैंप के माध्यम से गरीब व निर्धन एवं असहाय लोगों को मदद पहुंचाना ही इसका मूल उद्देश्य होना चाहिए जिससे गरीब लोगों को सुविधा प्राप्त हो सके और वह लाभान्वित हो सके कैंप का आयोजन जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन आफ इंडिया श्री पीतांबरा शिक्षा समिति और केपी सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल के तत्वाधान में आयोजित किया गया। कैंप में 217 रोगियों का परीक्षण कर उनको दवाइयां उपलब्ध कराई गई कार्यक्रम में डॉक्टर हर्षित जैन डॉक्टर मधुलिका राय डॉक्टर सौरभ सिंह सर्जन डॉक्टर एम आई मीर एम डी मेडिसिन नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अशोक कुमार यादव डाक्टर मुस्कान डॉक्टर ऐहतिशाम समेत नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केपी सिंह मेमोरियल इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी के चेयरमैन डॉ एस पी सिंह सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी भारतीय जनता पार्टी अवध क्षेत्र मंत्री सद्दाम हुसैन सलमान जैदी ग्राम सभा प्रधान सिद्दीक ऐश्वर्य प्रताप सिंह अंशुमान सिंह शिवपूजन सिंह शाबान समेत ग्राम सभा के लोग मौजूद रहे।

### लखनऊ में अतिक्रमण हटाने के दौरान दुकानदार को हार्ट अटैक-मौत, प्रदर्शन

**लखनऊ।** राजाजीपुरम में अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान दुकानदार के हार्टअटैक पड़ने से मौत की घटना से नाराज लोग सड़क पर उतर आए। ई ब्लाक तिराहा पर व्यापारियों ने सड़क जामकर महापौर, राजाजीपुरम व्यापार मण्डल व पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दिया। मौके पर एसीपी बाजारखाला वीरेंद्र विक्रम, तालकटोरा, बाजारखाला, सआदतगंज की पुलिस पहुंचकर व्यापारियों को समझाने में जुट गई। व्यापारी नगर निगम जोन दो के सुपरवाइजर सर्वेश कुमार के निलंबन की मांग पर अड़े रहे। हालांकि अतिक्रमण राजाजीपुरम व्यापार मंडल के पत्र पर ही हटाया जा रहा था। राजाजीपुरम ई ब्लाक मार्केट व टड़ियन हनुमान मंदिर रोड और ई ब्लाक सब्जी मण्डी तक सड़क के दोनों ओर पटरियों पर अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान नगर निगम और तालकटोरा पुलिस से व्यापारियों की नोक झोंक भी हुई। नगर निगम की टीम ने खुशहाल बलेचा, विशाल बलेचा, पंकज गुप्ता, शिवम गुप्ता, सोनू शुक्ला, दिव्या फोटोस्टेट, सुमन सहित टड़ियन हनुमान मंदिर व ई ब्लाक सब्जी मंडी रोड पर सड़क के दोनों ओर पटरियों पर पक्के व अस्थाई अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया। इसी दौरान ई ब्लाक मार्केट के पंसारी दुकानदार 55 वर्षीय खुशहाल बलेचा को हार्टअटैक पड़ गया।

## भगवान परशुराम की पावन जयंती का आयोजन किया गया



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बाराबंकी** बाबा पंचम दास कुटी दशहरा बाग में भगवान परशुराम जन्मोत्सव व अक्षय तृतीया का पावन कार्यक्रम ब्राह्मण कल्याण समिति बाराबंकी के तत्वाधान में आचार्य कन्हैयालाल मिश्र व नंदकिशोर पांडे एवं दिलीप मिश्र एडवोकेट के संयोजन एवं पूर्व विधायक चंद्रशेखर त्रिवेदी की अध्यक्षता में ब्राह्मण कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र तिवारी, महामंत्री देश दीपक मिश्र व उपाध्यक्ष देव प्रकाश मिश्र की उपस्थिति में आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कलश, गौरी गणेश, नवग्रह, पृथ्वी पूजन, भगवान विष्णु सहस्त्र नाम का हवन जन कल्याण के लिए पंडित सीताकान्त मिश्र ने संपन्न कराया।

इस पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर तिलक पूजन किया। इस पावन अवसर पर राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने उपस्थित ब्राह्मण जनों को संबोधित करते हुए कहा हृदय से प्रार्थना है कि भगवान परशुराम जी की कृपा से सभी का जीवन साहस, विद्या एवं विवेक से परिपूर्ण हो तथा समाज में धर्म, न्याय और सत्य की स्थापना सदा बनी रहे। इस अवसर पर चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष रामशरण पाठक व बलराम पांडे आचार्य कन्हैयालाल मिश्र, भारतीय किसान यूनियन के युवा प्रदेश अध्यक्ष केके शुक्ला आदि ने सभा को संबोधित किया।

ब्राह्मण कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र तिवारी व महामंत्री देश दीपक मिश्रा द्वारा भगवान परशुराम का चित्र देकर मंत्री जी को सम्मानित किया गया साथ ही मंत्री जी द्वारा पूर्व विधायक चंद्रशेखर त्रिवेदी, पीसीएस में चयनित होने पर आशुतोष तिवारी के साथ वरिष्ठ ब्राह्मणजनों को भगवान परशुराम का चित्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कवियों ने काव्य पाठ भी किया जिसमें प्रमुख रूप से वरिष्ठ कवि विनय शुक्ला, सीताकांत मिश्रा स्वयंभू, साहब नारायण शर्मा, दीपक शुक्ल, अभिषेक शुक्ल, अनंत मिश्रा आदि ने भगवान परशुराम का महिमा मंडन करते हुए अनेक रचनाओं को प्रस्तुत किया। इस पावन मौके पर पर्यावरण प्रहरी डीके शुक्ला द्वारा मंत्री जी को पौधा भेंट किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष कौशल किशोर त्रिपाठी, वरिष्ठ एडवोकेट रमन द्विवेदी, सुनीत अवस्थी एडवोकेट, देश दीपक तिवारी, एडवोकेट विमलेंद्र तिवारी, राघवेंद्र तिवारी, राहुल मिश्रा, पीयूष मिश्रा, संतोष मिश्रा, आदित्य दीक्षित, उपेंद्र द्विवेदी, रामू मिश्रा, हरिश्चंद्र शुक्ला, पुरुषोत्तम अवस्थी, श्रीकांत मिश्रा, राकेश अवस्थी, नंदकिशोर मिश्रा, राकेश शर्मा एडवोकेट, मास्टर जगदीश शुक्ला, एडवोकेट राजू मिश्रा, त्रिजुगी नारायण शुक्ला, रमेश पांडे, रामचंद्र मिश्र अतुल दुबे प्रधान आदि उपस्थित भारी संख्या में ब्राह्मणों ने कार्यक्रम में सहभागिता का निर्वाहन किया।

## गुरुकुल लाइब्रेरी का भव्य उद्घाटन, काव्योत्सव में गूंजा साहित्यिक स्वर





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिधौली।** शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में नई चेतना जगाने के उद्देश्य से गुरुकुल लाइब्रेरी, सिधौली का भव्य उद्घाटन समारोह एवं काव्योत्सव रविवार को बिसवां चौराहा स्थित के.आर. पैलेस के निकट अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के शिक्षाविदों, साहित्यकारों, समाजसेवियों एवं विद्यार्थियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर. डी. वर्मा (गुरु जी) ने की, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मनीष रावत ने गुरुकुल लाइब्रेरी का फीता काटकर किया उद्घाटन। विशिष्ट अतिथियों में रामपाल भार्गव, केदार नाथ शुक्ल, डॉ. देवेन्द्र कश्यप 'निडर', रोहित विश्वकर्मा, पिंकी प्रजापति तथा विकास मौर्य 'विक्कू' ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई। आयोजक विनोद रावत ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि गुरुकुल लाइब्रेरी विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षार्थियों और साहित्य प्रेमियों के लिए ज्ञान, अध्ययन और प्रेरणा का सशक्त केंद्र बनेगी। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र में सकारात्मक शैक्षिक वातावरण का निर्माण करना है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. चंद्रशेखर प्रजापति ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय केवल पुस्तकों का संग्रह नहीं होता, बल्कि वह समाज की बौद्धिक चेतना का केंद्र होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से पुस्तकों को अपना सच्चा मित्र बनाने और निरंतर अध्ययन के माध्यम से जीवन में आगे बढ़ने का आह्वान किया। उद्घाटन के उपरांत आयोजित काव्योत्सव में आमंत्रित कवियों ने एक से बढ़कर एक रचनाओं का पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कविता पाठ करने वालों में नीतू वर्मा ने भी अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से श्रोताओं की खूब सराहना प्राप्त की। कविताओं में सामाजिक सरोकार, मानवीय संवेदनाएं, शिक्षा, संस्कार और राष्ट्रप्रेम की भावनाओं का सुंदर समावेश देखने को मिला। उपस्थित श्रोताओं ने तालियों की गूंज के साथ कवियों का उत्साहवर्धन किया। समारोह के समापन पर उपस्थित लोगों ने गुरुकुल लाइब्रेरी की इस पहल को सिधौली के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षिक उपलब्धि बताते हुए आयोजक मंडल को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के सफल आयोजन से क्षेत्र के साहित्य और शिक्षा प्रेमियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

# परिसीमन की सियासत, अस्मिता का उभार और चुनावी हवा का बदलता रुख: बंगाल से तमिलनाडु तक नई रणनीतियों का संग्राम

भारतीय राजनीति में चुनाव केवल मतों का गणित नहीं होता, बल्कि यह भावनाओं, पहचान, रणनीतियों और समय-समय पर बदलते नैरेटिव का एक जटिल मिश्रण होता है। हाल के घटनाक्रमों में महिला आरक्षण से जुड़ा संविधान संशोधन बिल का संसद में गिरना और परिसीमन बिल का पेश न होना, दो ऐसे मोड़ साबित हुए हैं जिन्होंने चुनावी राजनीति की दिशा और भाषा दोनों को बदल दिया है। विशेषकर पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में यह बदलाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है, जहां सत्तारूढ़ और विपक्षी दल अपने-अपने हिसाब से नए मुद्दे गढ़ रहे हैं और पुराने विमर्शों को पीछे छोड़ रहे हैं।

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने जिस तेजी से अपनी चुनावी रणनीति को बदला है, वह उनकी राजनीतिक समझ और समय की नब्ज पकड़ने की क्षमता को दर्शाता है। महिला आरक्षण बिल के गिरने के बाद उन्होंने परिसीमन को केंद्र में रखकर एक नया आक्रामक अभियान शुरू किया है। पहले जहां एसआईआर जैसे मुद्दे को बंगाल की अस्मिता से जोड़ा जा रहा था, वहीं अब परिसीमन को 'देश को तोड़ने की साजिश' के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। यह बदलाव केवल भाषाई नहीं बल्कि पूरी राजनीतिक दिशा को बदलने वाला है।

उत्तर बंगाल, जहां भाजपा ने पिछली बार मजबूत प्रदर्शन किया था, अब इस नए नैरेटिव का केंद्र बन गया है। चाय बागानों में काम करने वाले लाखों मजदूरों तक पहुंचने के लिए तृणमूल कांग्रेस ने घर-घर अभियान शुरू किया है। यहां अब रोजगार, मजदूरी और जमीन के अधिकार जैसे मुद्दों की जगह परिसीमन को लेकर भय और असुरक्षा का माहौल बनाया जा रहा है। ममता बनर्जी यह संदेश देने की कोशिश कर रही हैं कि यदि परिसीमन लागू होता, तो कई जिलों की पहचान ही खत्म हो जाती। यह एक ऐसा भावनात्मक तर्क है जो सीधे जनता के मन में अस्मिता के सवाल को जगाता है।

दूसरी ओर अभिषेक बनर्जी जैसे नेता इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा की कमजोरी के रूप में पेश कर रहे हैं। उनका कहना है कि संसद में जो हुआ, वह केवल शुरुआत है और इसका असर राज्यों में भी दिखेगा। यह बयान न केवल आत्मविश्वास दर्शाता है बल्कि कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने का प्रयास भी है।

तमिलनाडु में स्थिति और भी रोचक है। यहां द्रविड़ मुनेत्र कड़गम ने बेहद तेजी से इस मुद्दे को अपने पक्ष में मोड़ने का काम किया है। तीन दिन पहले तक परिसीमन बिल सबसे बड़ा मुद्दा था, लेकिन अब 'तमिल अस्मिता' चुनाव का केंद्रीय विषय बन चुका है। एम. के. स्टालिन को इस पूरे घटनाक्रम में एक विजेता के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, मानो उन्होंने केंद्र के खिलाफ एक बड़ी लड़ाई जीत ली हो।

डीएमके के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर 'द्रविड़ गौरव' के चर्चे बांट रहे हैं और यह संदेश दे रहे हैं कि यह केवल राजनीतिक लड़ाई नहीं बल्कि तमिल पहचान की रक्षा का प्रश्न है। इस रणनीति का असर यह हुआ है कि चुनावी विमर्श पूरी तरह बदल गया है। अब यह केवल सीटों के बंटवारे का मुद्दा नहीं रहा, बल्कि यह सांस्कृतिक और क्षेत्रीय अस्मिता का प्रश्न बन गया है। भाजपा के लिए यह स्थिति चुनौतीपूर्ण बन गई है। के. अन्नामलाई लगातार यह कह रहे हैं कि परिसीमन जैसे विषय को कोई नुकसान नहीं होता, लेकिन उनकी बात उतनी प्रभावी तरीके से जनता तक नहीं पहुंच पा रही है। इसके विपरीत डीएमके का संदेश ज्यादा संगठित और भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ है, जिससे वह ज्यादा असरदार साबित हो रहा है।

एनडीए की सहयोगी एआईएडीएमके एक असमंजस की स्थिति में है। वह न तो खुलकर परिसीमन बिल के खिलाफ बोल पा रही है और न ही तमिल अस्मिता के मुद्दे पर पूरी तरह डीएमके का विरोध कर पा रही है। यह स्थिति उसे चुनावी मैदान में कमजोर बनाती है। इस पूरे घटनाक्रम में एक और दिलचस्प पहलू उभरकर सामने आया है, वह है नए चेहरों का उदय। अभिनेता विजय ने इस मुद्दे को एक अवसर के रूप में लिया है और अपनी पार्टी के जरिए 'तमिलनाडु का हक' जैसे संदेशों को डिजिटल माध्यम से फैलाया है। यह दिखाता है कि कैसे बदलते राजनीतिक माहौल में नए खिलाड़ी भी अपनी जगह बना सकते हैं। यदि व्यापक दृष्टिकोण से देखा जाए, तो यह पहली बार नहीं है जब चुनाव के ठीक पहले मुद्दों में इतना बड़ा बदलाव आया हो। पश्चिम बंगाल में 2011 में 'परिवर्तन' का नारा और 2021 में 'खेला होबे' जैसे अभियान यह साबित करते हैं कि सही समय पर सही नैरेटिव चुनाव की दिशा बदल सकता है। इसी तरह तमिलनाडु में 1967 और 2016 के चुनावों में भी आखिरी समय में मुद्दों के बदलने से परिणाम प्रभावित हुए थे। इस बार भी वही पैटर्न दोहराया जा रहा है, लेकिन एक अंतर के साथ। इस बार मुद्दे केवल स्थानीय नहीं हैं, बल्कि राष्ट्रीय नीतियों से जुड़े हुए हैं। परिसीमन जैसे विषय को लेकर क्षेत्रीय अस्मिता का उभार यह दिखाता है कि भारत की संघीय राजनीति में राज्य और केंद्र के बीच संतुलन का सवाल कितना संवेदनशील है।

भाजपा की स्थिति भी दिलचस्प है। एक तरफ वह संसद में बिल गिरने के बावजूद इसे अपनी रणनीतिक जीत के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश कर रही है, वहीं दूसरी तरफ राज्यों में उसे नए नैरेटिव का सामना करना पड़ रहा है। यह विरोधाभास उसके लिए चुनौती बन सकता है। दूसरी ओर विपक्ष, जो इस घटनाक्रम से उत्साहित है, कहीं न कहीं आंतरिक असंतोष और भ्रम का भी शिकार दिखाई देता है।

अंततः यह स्पष्ट है कि आने वाले चुनाव केवल नीतियों या वादों पर नहीं बल्कि भावनाओं, पहचान और धारणा की लड़ाई पर आधारित होंगे। परिसीमन का मुद्दा केवल एक विधायी प्रक्रिया नहीं रह गया है, बल्कि यह राजनीतिक हथियार बन चुका है। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में जिस तरह से इसे अलग-अलग रूपों में प्रस्तुत किया जा रहा है, वह भारतीय राजनीति की विविधता और जटिलता दोनों को दर्शाता है। अब सबकी नजर चुनावी परिणामों पर है। क्या भाजपा इस बदलती हवा के बावजूद अपनी पकड़ बनाए रख पाएगी, या विपक्ष की नई रणनीतियां उसे पीछे छोड़ देंगी– यह सवाल अभी खुला है। लेकिन इतना तय है कि यह चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि राजनीतिक विमर्श के नए स्वरूप का भी संकेत देगा।

**कांतिलाल मांडोत**

# युद्ध के बारूद से बढ़ता पर्यावरण का तापमान, वैश्विक जल संकट की आशंका

पश्चिम एशिया के आकाश में बारूद के बादल और जलते तेल-कुओं से उठता धुआँ केवल युद्ध का दृश्य नहीं रचता, बल्कि वह पृथ्वी के तापमान, वायुमंडलीय संतुलन और जल चक्र को भी गहराई से प्रभावित करता है। आज जब दुनिया पहले ही ग्लोबल वार्मिंग के संकट से जूझ रही है, तब युद्ध और सैन्य टकराव इस संकट को कई गुना बढ़ा रहे हैं। यह स्थिति केवल पर्यावरणीय चिंता नहीं, बल्कि आने वाले समय में एक गंभीर जल संकट की चेतावनी भी है।

पश्चिम एशिया जहाँ मध्य पूर्व के देश जैसे इराक, ईरान, सऊदी अरब और इजराइल स्थित हैं पहले ही जल संसाधनों के मामले में संवेदनशील क्षेत्र रहा है। यहाँ की भौगोलिक बनावट शुष्क है, वर्षा सीमित है और भूजल पर निर्भरता अधिक है। ऐसे में जब युद्ध होते हैं, तो केवल मानव जीवन ही नहीं, बल्कि जल स्रोत भी प्रभावित होते हैं। बमबारी से नदियाँ और जलाशय प्रदूषित होते हैं, तेल के रिसाव से समुद्री जल दूषित होता है और धुएँ के कारण वायुमंडल में कार्बन की मात्रा बढ़ जाती है।

यह बढ़ता हुआ कार्बन उत्सर्जन सीधे-सीधे पृथ्वी के तापमान को बढ़ाता है, जिससे जल चक्र असंतुलित हो जाता है। कहीं अत्यधिक वर्षा होती है तो कहीं सूखा पड़ता है। इस असंतुलन का सबसे बड़ा प्रभाव जल संसाधनों पर पड़ता है। (संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टों में भी यह चेतावनी दी गई है कि यदि युद्ध और पर्यावरणीय विनाश इसी तरह जारी रहे, तो आने वाले दशकों में जल संकट वैश्विक संघर्ष का प्रमुख कारण बन सकता है)

भारत जैसे देश के लिए यह स्थिति और भी चिंताजनक है। भारत में पहले ही भूजल दोहन तेजी से हो रहा है। नीति आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार देश के कई बड़े शहरों में भूजल स्तर खतरनाक रूप से नीचे जा रहा है। यदि वैश्विक तापमान इसी तरह बढ़ता रहा, तो भारत में मानसून का पैटर्न और अधिक अनिश्चित हो जाएगा।

भारत का लगभग 60% कृषि कार्य वर्षा पर निर्भर है। यदि वर्षा समय पर नहीं होती या अत्यधिक होती है, तो फसलें नष्ट होती हैं और जल संकट गहराता है। इसके साथ ही, हिमालय के ग्लेशियर जो गंगा, यमुना और ब्रह्मपुत्र जैसी नदियों के स्रोत तेजी से पिघल रहे हैं। यह स्थिति हिमनद पिघलने का संकेत है, जो प्रारंभ में बाढ़ और बाद में स्थायी जल संकट का कारण बन सकता है। युद्ध का एक और अप्रत्यक्ष प्रभाव यह है कि इससे वैश्विक सहयोग कमजोर होता है। जब देश आपसी संघर्ष में उलझे रहते हैं, तब वे जलवायु परिवर्तन जैसे वैश्विक मुद्दों पर मिलकर काम नहीं कर पाते। उदाहरण के लिए, पेरिस समझौते जैसे प्रयास तभी सफल हो सकते हैं जब विश्व के देश आपसी सहयोग और आपस में बातचीत बनाए रखें। लेकिन युद्ध की स्थिति में यह सहयोग आपसी सामंजस्य के अभाव के कारण पीछे छूट जाता है। भारत के संदर्भ में जल संकट केवल पर्यावरणीय समस्या नहीं,बल्कि बड़ी सामाजिक और आर्थिक चुनौती भी है। ग्रामीण क्षेत्रों में जल की कमी से पलायन बढ़ सकता है, जिससे शहरी क्षेत्रों पर दबाव बढ़ेगा। इसके अलावा, जल संसाधनों को लेकर राज्यों के बीच विवाद भी बढ़ सकते हैं। इस संकट से निपटने के लिए भारत को बहुआयामी रणनीति अपनानी होगी। सबसे पहले, जल संरक्षण को प्राथमिकता देनी होगी जैसे वर्षा जल संचयन, पारंपरिक जल स्रोतों का पुनर्जीवन और जल के पुनर्चक्रण की व्यवस्था। इसके साथ ही, किसानों को जल-संरक्षण आधारित खेती की ओर प्रोत्साहित करना होगा।साथ ही, भारत को वैश्विक स्तर पर भी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। जलवायु परिवर्तन के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की आवाज़ महत्वपूर्ण है। यदि भारत जैसे देश शांति और सहयोग की पहल करें, तो यह वैश्विक स्तर पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। यह भी समझना अत्यंत आवश्यक होगा कि युद्ध केवल सीमाओं को नहीं जलाता, बल्कि वह भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल जैसे मूलभूत संसाधन को भी खतरे में डाल सकता है । पश्चिम एशिया के आकाश में उठते बारूद के बादल हमें यह चेतावनी दे रहे हैं कि यदि हमने समय रहते शांति और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम नहीं उठाए, तो आने वाला समय जल के लिए संघर्ष का समय हो सकता है। पूरा घटनाक्रम हमें केवल चिंता में नहीं डालता, बल्कि यह एक आह्वान भी है शांति का, सहयोग का और प्रकृति के साथ संतुलन स्थापित करने का। क्योंकि जल ही जीवन है, और यदि जल संकट गहराया, तो मानव सभ्यता की नींव ही डगमगा सकती है।

**संजीव ठाकुर**

# परिसीमन के पेंच में फंसा आधी आबादी का हक

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में आधी आबादी की आकांक्षाओं को एक बार फिर चर्चा के केंद्र में ला खड़ा किया है। सरकार द्वारा प्रस्तुत संविधान (131वां संशोधन) विधेयक का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2023 में पारित कानून को धरातल पर उतारने के लिए एक स्पष्ट रूपरेखा तैयार करना था, परंतु नियति और राजनीतिक मतभेदों को कुछ और ही स्वीकार्य था। यह विधेयक मात्र एक विधायी दस्तावेज नहीं था, बल्कि यह 2029 के आम चुनावों से पूर्व देश की राजनीतिक संरचना को पूरी तरह बदलने वाला एक क्रांतिकारी कदम माना जा रहा था। इस विधेयक के माध्यम से सरकार ने लोकसभा की सीटों की संख्या को वर्तमान 543 से बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव रखा था, जो सीधे तौर पर परिसीमन की प्रक्रिया से जुड़ा हुआ था। संसद के इस विशेष सत्र की पृष्ठभूमि अत्यंत नाटकीय रही। सरकार का तर्क था कि महिला आरक्षण को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सीटों में वृद्धि अनिवार्य है ताकि किसी भी वर्तमान प्रतिनिधित्व को क्षति पहुँचाए बिना महिलाओं को 33 प्रतिशत स्थान सुनिश्चित किया जा सके। इस रणनीति के पीछे तर्क यह था कि जब सीटों की कुल संख्या बढ़कर 850 हो जाएगी, तब महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों का आंकड़ा स्वाभाविक रूप से बढ़ेगा और पुरुषों के प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों में भी भारी कटौती की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। सत्ता पक्ष ने इसे एक ऐतिहासिक और साहसिक कदम बताते हुए प्रचारित किया कि यह नारी शक्ति के वास्तविक वंदन का समय है। प्रधानमंत्री ने सदन की कार्यवाही शुरू होने से पूर्व ही यह स्पष्ट कर दिया था कि उनकी सरकार महिलाओं को उनका उचित अधिकार दिलाने के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों को व्यक्तिगत रूप से पत्र लिखकर इस पवित्र कार्य में सहयोग की अपील की थी। प्रधानमंत्री के उस पत्र में एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रस्ताव था, जिसमें उन्होंने कहा था कि यदि विपक्षी दल इस विधेयक का समर्थन करते हैं, तो सरकार उन्हें इस सफलता का पूरा श्रेय देने के लिए एक कोरे धनादेश जैसा अधिकार देने को तैयार है। उनका आशय स्पष्ट था कि वे राजनीति से ऊपर उठकर इस सामाजिक सुधार को देखना चाहते थे।

परंतु विपक्षी खेमे में इस विधेयक को लेकर भारी संशय और विरोध की स्थिति बनी हुई थी। कांग्रेस, समाजवादी दल और विभिन्न क्षेत्रीय दलों के गठबंधन ने सरकार की नीयत पर गंभीर प्रश्न उठाए। विपक्ष का सबसे प्रबल विरोध परिसीमन के आधार को लेकर था। सरकार ने इस संशोधन में सीटों के निर्धारण के लिए 2011 की जनगणना को आधार बनाने का प्रस्ताव रखा था। विपक्षी नेताओं का तर्क था कि वर्ष 2026 में 2011 की जनगणना के आधार पर भविष्य की राजनीति तय करना न केवल अतार्किक है, बल्कि यह उन राज्यों के साथ अन्याय है जिन्होंने जनसंख्या नियंत्रण में सफलता प्राप्त की है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने सदन में अपने संबोधन के दौरान अत्यंत तल्ख लहजे में कहा कि सरकार की मंशा महिलाओं को आरक्षण देने की कम और चुनावी लाभ लेने की अधिक प्रतीत होती है। उन्होंने इसे एक छलावा करार देते हुए मांग की कि जब तक नई जाति आधारित जनगणना नहीं हो जाती और अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए इस 33 प्रतिशत के भीतर अलग से कोटा निर्धारित नहीं किया जाता, तब तक यह विधेयक सामाजिक न्याय की कसौटी पर खरा नहीं उतरेगा।

विपक्ष की इस मांग ने सदन के भीतर और बाहर एक नई बहस को जन्म दे दिया। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए तो आरक्षण का प्रावधान पहले से ही प्रस्तावित था, परंतु अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए अलग श्रेणी की मांग ने सत्ता पक्ष को रक्षात्मक स्थिति में ला दिया। उत्तर भारत के प्रमुख क्षेत्रीय दलों ने इस मुद्दे पर लामबंदी तेज कर दी और यह स्पष्ट कर दिया कि बिना जातिगत डेटा के परिसीमन करना अंधेरे में तीर चलाने जैसा होगा। अमित शाह ने सरकार का पक्ष रखते हुए विपक्ष के इन तर्कों को विकास की राह में रोड़ा अटकाने वाला बताया। उन्होंने सदन में जोर देकर कहा कि सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में किसी भी प्रकार की देरी नहीं चाहती और परिसीमन ही वह एकमात्र वैधानिक मार्ग है जिसके माध्यम से सीटों का न्यायोचित वितरण संभव है। उन्होंने विपक्ष पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि इतिहास उन्हें कभी क्षमा नहीं करेगा यदि उन्होंने इस अवसर को केवल राजनीतिक द्वेष के कारण गंवा दिया। घटनाक्रम अपनी चरम सीमा पर तब पहुँचा जब 16 अप्रैल को इस विधेयक पर मतदान की घोषणा हुई। संसद के गलियारों में तनाव स्पष्ट रूप से महसूस किया जा सकता था। उस दिन कुल 528 सांसद सदन में उपस्थित थे। नियम के अनुसार, संविधान संशोधन विधेयक को पारित करने के लिए उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों का कम से कम दो-तिहाई बहुमत आवश्यक था। जब मतों की गणना हुई, तो परिणाम सरकार के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं थे। विधेयक के पक्ष में 298 मत पड़े, जबकि विपक्ष में 230 सांसदों ने मतदान किया। गणितीय दृष्टि से देखें तो दो-तिहाई बहुमत के लिए सरकार को कम से कम 352 मतों की आवश्यकता थी। इस प्रकार, मात्र 54 मतों के अंतर से यह ऐतिहासिक विधेयक गिर गया। यह भारतीय संसदीय इतिहास की एक विरल घटना थी क्योंकि 1990 के दशक के बाद यह पहला अवसर था जब कोई संविधान संशोधन विधेयक सदन में आवश्यक बहुमत न मिल पाने के कारण असफल हुआ हो।

इस असफलता ने देश की राजनीतिक दिशा को एक नया मोड़ दे दिया। मतदान के तुरंत बाद सदन के भीतर और बाहर आरोपों-प्रत्यारोपों का दौर शुरू हो गया। विपक्षी नेताओं ने इसे अपनी नैतिक विजय बताया और कहा कि सरकार को अब यह समझ लेना चाहिए कि वे बिना आम सहमति के देश की लोकतांत्रिक संरचना के साथ छेड़छाड़ नहीं कर सकते। दूसरी ओर, सत्ता पक्ष ने इस हार को जनता की अदालत में ले जाने का निर्णय लिया। सरकार के प्रवक्ताओं ने इसे महिलाओं के अधिकारों पर विपक्ष का प्रहार बताया। उन्होंने जनता के बीच यह संदेश प्रसारित करना शुरू किया कि कैसे एक प्रगतिशील कानून को केवल संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए बलि चढ़ा दिया गया। विशेष रूप से 850 सीटों वाली नई संसद की परिकल्पना पर जो ग्रहण लगा, उसने भविष्य के चुनावों के लिए एक नया विमर्श तैयार कर दिया। इस पूरे विवाद में परिसीमन की तकनीकी जटिलताएं सबसे बड़ी बाधा बनकर उभरीं। 543 से 850 सीटों की छलांग कोई सामान्य प्रशासनिक बदलाव नहीं था। इसके लिए राज्यों के बीच सीटों के पुनर्वितरण की आवश्यकता थी, जिससे दक्षिण भारतीय राज्यों में असंतोष की लहर उठने की संभावना थी। विपक्ष ने इसी बिंदु को अपनी ढाल बनाया और इसे क्षेत्रीय असंतुलन का मुद्दा बना दिया। उनका तर्क था कि यदि 2011 की जनगणना को ही आधार माना गया, तो उत्तर भारत के राज्यों की सीटें अत्यधिक बढ़ जाएंगी और दक्षिण भारत का राजनीतिक प्रभाव कम हो जाएगा। इस क्षेत्रीय अस्मिता और जातिगत आरक्षण के दोहरे पेच ने महिला आरक्षण जैसे सर्वमान्य मुद्दे को भी विवादित बना दिया।

सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद भी इसकी गूंज शांत नहीं हुई। समाज के विभिन्न वर्गों में इस पर तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली। महिला संगठनों ने जहाँ इस विधेयक के गिरने पर दुख व्यक्त किया, वहीं कुछ विशेषज्ञों ने इसे संवैधानिक शुचिता की जीत बताया। उनका मानना था कि बिना व्यापक विचार-विमर्श और पारदर्शी जनगणना के सीटों की संख्या में इतना बड़ा बदलाव करना भविष्य में संवैधानिक संकट उत्पन्न कर सकता था। प्रधानमंत्री मोदी ने इस परिणाम पर अपनी संक्षिप्त लेकिन गंभीर प्रतिक्रिया में कहा कि उनकी सरकार हार मानने वालों में से नहीं है और वे महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकार दिलाने के लिए भविष्य में और अधिक दृढ़ता के साथ प्रयास करेंगे।

निष्कर्षतः 131वें संशोधन विधेयक की यह विफलता मात्र एक विधायी प्रक्रिया का थम जाना नहीं है अपितु यह उन गहन सामाजिक और क्षेत्रीय विषमताओं का प्रतिबिंब है जो हमारी राजनीति की आधारशिला रही हैं। क्या यह वास्तव में विपक्षी दलों की एकजुटता का ठोस परिणाम था अथवा शासन के रणनीतिक आकलन में कोई बड़ी चूक रह गई थी? इन जिज्ञासाओं के समाधान तो भविष्य की गर्त में छिपे हैं परंतु वर्तमान का यथार्थ यही है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का पूर्ण क्रियान्वयन अब एक अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गया है। यह संपूर्ण घटनाक्रम इस सत्य को रेखांकित करता है कि लोकतंत्र में केवल संख्या बल ही पर्याप्त नहीं होता बल्कि संविधान की मर्यादा और सामाजिक न्याय की मांगें उससे कहीं अधिक ऊँचा स्थान रखती हैं। 16 अप्रैल की उस संध्या जब सदन की कार्यवाही समाप्त हुई तो वह अपने पीछे ऐसे अनेक अनुत्तरित प्रश्न छोड़ गई जिनका उत्तर हम सभी को आने वाले समय में खोजना होगा।

**महेन्द्र तिवारी**

# गर्मी की मार, गिरता जनस्वास्थ्य: आखिर कब जागेगी नीति-व्यवस्था?

**[ छाया भी लूट ली गई: देश चलाने वाले हाथ अब जल रहे हैं ]**

**[ तपता भारत, टूटता स्वास्थ्य: क्या स्वास्थ्य आपातकाल की जरूरत नहीं? ]**



तपता हुआ आसमान अब सिर्फ मौसम का मिज़ाज नहीं, बल्कि एक सुलगता संकट है जो हमारी सांसों, श्रम और अस्तित्व को चुपचाप निगल रहा है। आसमान की तीखी तपिश एक अदृश्य आपदा बन चुकी है, जिसने भारत में जीवन के संतुलन को डगमगा दिया है। जलवायु परिवर्तन के इस दौर में गर्मी अब सहनशीलता की सीमा नहीं, बल्कि सीधे स्वास्थ्य पर प्रहार करने वाली ताकत बन गई है। बढ़ती हीटवेव की आवृत्ति और तीव्रता साफ दिखाती है कि यह अस्थायी नहीं, बल्कि स्थायी और गहराता संकट है। ऐसे में इसे केवल पर्यावरण का मुद्दा मानना भूल होगी; इसे सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल के रूप में स्वीकार करना अब न केवल आवश्यक, बल्कि अपरिहार्य हो गया है।

इस उभरते संकट की सबसे निर्मम मार उसी विशाल अनौपचारिक श्रमबल पर पड़ रही है, जो देश की अर्थव्यवस्था की धुरी है, फिर भी नीतिगत प्राथमिकताओं में हाशिये पर रहता है। भारत में अनौपचारिक क्षेत्र के करीब 12.8 करोड़ कार्यकर्ता–निर्माण स्थलों की धूल, सड़कों की तपिश, बाजारों की भीड़ और डिलीवरी के चक्र में जुटे मजदूर–खुले आसमान के नीचे बिना सुरक्षा के काम करने को विवश हैं। उन्हें न पर्याप्त छाया मिलती है, न स्वच्छ व ठंडे पानी की नियमित उपलब्धता, और न ही स्वास्थ्य सुरक्षा का भरोसेमंद तंत्र। यह विडंबना है कि जो हाथ देश की प्रगति को गति देते हैं, वही जलवायु संकट के सामने सबसे अधिक असहाय और असुरक्षित हैं।

स्वास्थ्य के मोर्चे पर बढ़ती गर्मी के दुष्प्रभाव अब गहरे, व्यापक और चिंताजनक रूप ले चुके हैं। ऊंचा तापमान हृदय संबंधी बीमारियों से होने वाली मौतों के खतरे को बढ़ा रहा है, वहीं गर्भवती महिलाओं में समय से पहले प्रसव का जोखिम 15-16 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। निर्जलीकरण, अत्यधिक थकावट, गुर्दे की खराबी और मांसपेशियों में ऐंठन जैसे लक्षण अब अपवाद नहीं, बल्कि रोजमर्रा की सच्चाई बनते जा रहे हैं। जो आंकड़े सामने आते हैं, वे इस संकट की केवल ऊपरी परत दिखाते हैं; असल तस्वीर कहीं अधिक भयावह है, जहां अनगिनत पीड़ाएं और मामले बिना दर्ज हुए चुपचाप दब जाते हैं।

गर्मी का प्रभाव अब केवल शरीर की सहनशक्ति तक सीमित नहीं रहा; यह बीमारियों की प्रकृति, उनकी गति और उनके फैलाव की दिशा तक को बदल रहा है। तापमान में निरंतर वृद्धि और वर्षा के अस्थिर पैटर्न ने मच्छरों के जीवनचक्र को इस तरह परिवर्तित किया है कि डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियां तेजी से नए भूभागों, यहां तक कि हिमालयी क्षेत्रों में भी पैर पसार रही हैं। जो संक्रमण कभी सीमित भौगोलिक दायरों में बंधे थे, वे अब उन क्षेत्रों में भी उभर रहे हैं जहां पहले उनका नामोनिशान तक नहीं था। इस बदलाव ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर असामान्य दबाव डाल दिया है, जबकि पहले से ही वंचित और कमजोर समुदाय और अधिक खतरे में आ गए हैं।

आर्थिक मोर्चे पर भी यह संकट अदृश्य चोट की तरह गहरा असर डाल रहा है। लैंसेट काउंटडाउन 2025 के अनुसार 2024 में गर्मी ने भारत से करीब 247 बिलियन श्रम घंटे छीन लिए, जिससे लगभग 194 बिलियन डॉलर की आय हानि हुई। 2030 तक गर्मी से 34 मिलियन पूर्णकालिक नौकरियां प्रभावित होने का अनुमान है। बढ़ती गर्मी ने श्रम उत्पादकता को इस हद तक प्रभावित किया है कि काम की रफ्तार धीमी पड़ रही है, जिससे मजदूरों की कमाई घट रही है और देश की आर्थिक प्रगति भी बाधित हो रही है। अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों की स्थिति सबसे अधिक दयनीय है, जहां बीमारी के दौरान विश्राम या आय-सुरक्षा जैसी कोई व्यवस्था नहीं होती, इसलिए वे मजबूरी में काम जारी रखते हैं और अपनी सेहत को और गहरे संकट में धकेलते जाते हैं।

इसके बावजूद, नीति स्तर पर यह संकट अब भी अपेक्षित प्राथमिकता हासिल नहीं कर पाया है। हीटवेव को अभी राष्ट्रीय आपदा का दर्जा नहीं मिला है, जिसके कारण राहत, पुनर्वास और मुआवजे की व्यवस्था सीमित और धीमी बनी हुई है। नतीजतन, सबसे अधिक प्रभावित वर्ग ही सबसे कम संरक्षित रह जाता है। यदि जलवायु परिवर्तन को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया जाए, तो संसाधनों का अधिक प्रभावी और त्वरित आवंटन संभव होगा, निर्णय प्रक्रिया में तेजी आएगी और जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन मजबूत होगा। यह कदम औपचारिकता नहीं, बल्कि ठोस और निर्णायक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हो सकता है।

समाधान के स्तर पर अब आधे-अधूरे उपायों से आगे बढ़कर ठोस और व्यापक कार्रवाई की जरूरत है। अनौपचारिक मजदूरों के लिए हीट-सेफ्टी कानून लागू करना, हर कार्यस्थल पर छाया और स्वच्छ पानी की अनिवार्य उपलब्धता सुनिश्चित करना, तथा काम के घंटों को तापमान के अनुसार वैज्ञानिक ढंग से पुनर्निर्धारित करना बेहद जरूरी है। शहरी इलाकों में हरित क्षेत्र बढ़ाना, सुलभ कूलिंग सेंटर विकसित करना और जलवायु-लचीला स्वास्थ्य ढांचा तैयार करना इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम होंगे। साथ ही, जागरूकता अभियानों को मजदूरों की भाषा, परिस्थितियों और जरूरतों के अनुरूप ढालना अनिवार्य है, ताकि ये उपाय वास्तव में प्रभावी बन सकें।

अब निर्णय की घड़ी आ चुकी है–यह मानने की कि जलवायु परिवर्तन कोई दूर का खतरा नहीं, बल्कि हमारे वर्तमान का सख्त और तेजी से विकराल होता सच है। इसकी तपिश अब केवल मौसम तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन, स्वास्थ्य और आजीविका के हर पहलू को झुलसा रही है। यदि इसे समय रहते सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल के रूप में स्वीकार कर ठोस और साहसिक कदम नहीं उठाए गए, तो इसके परिणाम और अधिक भयावह और व्यापक होंगे। यह लड़ाई केवल पर्यावरण बचाने की नहीं, बल्कि मानव जीवन, सामाजिक न्याय और आर्थिक स्थिरता को सुरक्षित रखने की है–और अब इस सवाल को टालना, दरअसल, भविष्य को खतरे में डालना होगा।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# युद्ध नहीं, संवाद ही समाधान: अमेरिका-ईरान तनाव, परमाणु विवाद और दुनिया के सामने खड़ी चुनौती

मिडिल ईस्ट एक बार फिर उस मोड़ पर खड़ा है, जहां से आगे का रास्ता या तो स्थिरता और कूटनीति की ओर जाता है या फिर टकराव, अस्थिरता और वैश्विक संकट की तरफ। संयुक्त राज्य अमेरिका और ईरान के बीच लंबे समय से चला आ रहा तनाव अब एक बार फिर निर्णायक चरण में प्रवेश करता दिखाई दे रहा है। खबरें हैं कि दोनों देशों के बीच परमाणु मुद्दे को लेकर नई वार्ता का दौर इस्लामाबाद में शुरू हो सकता है। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन जिस तरह से कूटनीतिक हलचल तेज हुई है और दोनों पक्षों के बयान सामने आ रहे हैं, उससे स्पष्ट है कि पर्दे के पीछे गंभीर प्रयास जारी हैं।

यह पूरा विवाद केवल दो देशों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके प्रभाव वैश्विक स्तर पर महसूस किए जाते हैं। ऊर्जा सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय व्यापार, क्षेत्रीय स्थिरता और यहां तक कि आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी तक, इस तनाव का असर गहराई से जुड़ा हुआ है। खासकर जब बात परमाणु कार्यक्रम और एनरिच्ड यूरेनियम की आती है, तो यह केवल रणनीतिक ताकत का सवाल नहीं रह जाता, बल्कि वैश्विक सुरक्षा के लिए भी गंभीर चुनौती बन जाता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया बयान ने स्थिति को और अधिक संवेदनशील बना दिया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि अमेरिका किसी भी हालत में ईरान के पास मौजूद ज्यादा एनरिच्ड यूरेनियम को हासिल करेगा। यह बयान केवल एक कूटनीतिक चेतावनी नहीं, बल्कि संभावित सैन्य कार्रवाई का संकेत भी माना जा रहा है। उन्होंने यह भी इशारा किया कि यदि तय समय सीमा तक कोई समझौता नहीं हुआ, तो मौजूदा संघर्ष विराम समाप्त हो सकता है और हालात फिर से बिगड़ सकते हैं।

दूसरी ओर, ईरान का रुख भी कम सख्त नहीं है। वह अपने परमाणु कार्यक्रम को अपनी संप्रभुता और राष्ट्रीय सुरक्षा का हिस्सा मानता है। ईरान का कहना है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है, लेकिन अमेरिका और उसके सहयोगी इसे शक की नजर से देखते हैं। यही अविश्वास इस पूरे विवाद की जड़ है, जिसने वर्षों से समाधान को मुश्किल बना रखा है।

इस तनाव का एक महत्वपूर्ण पहलू होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़ा हुआ है। यह जलमार्ग दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल परिवहन मार्गों में से एक है। यहां से गुजरने वाले जहाजों पर किसी भी तरह का खतरा सीधे तौर पर वैश्विक तेल आपूर्ति और कीमतों को प्रभावित करता है। हाल ही में इस क्षेत्र में अस्थिरता के कारण कई जहाजों ने अपने रास्ते बदल दिए या यात्रा टाल दी, जिससे बाजारों में अनिश्चितता बढ़ गई। यदि स्थिति और बिगड़ती है, तो इसका असर केवल मिडिल ईस्ट तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।

पाकिस्तान की भूमिका इस पूरे घटनाक्रम में दिलचस्प और महत्वपूर्ण दोनों है। पाकिस्तान ने एक मध्यस्थ के रूप में दोनों पक्षों को बातचीत के लिए एक मंच देने की कोशिश की है। इस्लामाबाद में संभावित वार्ता इसी प्रयास का हिस्सा है। हालांकि, मध्यस्थता आसान नहीं होती, खासकर तब जब दोनों पक्षों के बीच गहरा अविश्वास हो और उनके हित एक-दूसरे के विपरीत हों। फिर भी, कूटनीति का यही उद्देश्य होता है कि संवाद के माध्यम से ऐसे समाधान खोजे जाएं जो सभी के लिए स्वीकार्य हों।

इतिहास गवाह है कि जब-जब बातचीत के रास्ते बंद हुए हैं, तब-तब संघर्ष ने जन्म लिया है और उसका खामियाजा केवल संबंधित देशों ने ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया ने भुगता है। युद्ध कभी भी स्थायी समाधान नहीं देता। यह केवल विनाश, अस्थिरता और मानवीय संकट को जन्म देता है। आज के वैश्विक परिदृश्य में, जहां अर्थव्यवस्थाएं आपस में जुड़ी हुई हैं और ऊर्जा संसाधनों पर निर्भरता अत्यधिक है, किसी भी बड़े संघर्ष का प्रभाव दूरगामी और गंभीर हो सकता है।

इस पूरे विवाद का एक और पहलू यह है कि यह केवल सैन्य या राजनीतिक नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक भी है। दोनों देशों के बीच अविश्वास की खाई इतनी गहरी हो चुकी है कि हर कदम पर संदेह और आशंका बनी रहती है। ऐसे में किसी भी समझौते तक पहुंचना आसान नहीं होता। इसके लिए केवल राजनीतिक इच्छाशक्ति ही नहीं, बल्कि धैर्य, समझ और पारदर्शिता की भी जरूरत होती है।

दुनिया के अन्य बड़े देश और अंतरराष्ट्रीय संगठन भी इस स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। वे चाहते हैं कि यह विवाद शांतिपूर्ण तरीके से सुलझे, क्योंकि किसी भी तरह का युद्ध वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए खतरा बन सकता है। खासकर ऐसे समय में जब दुनिया पहले ही कई आर्थिक और राजनीतिक चुनौतियों का सामना कर रही है,



एक नया संघर्ष स्थिति को और जटिल बना सकता है।

अगर इस बार की वार्ता सफल होती है, तो यह न केवल अमेरिका और ईरान के रिश्तों में सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम होगा, बल्कि मिडिल ईस्ट में स्थिरता लाने में भी मदद करेगा। इससे वैश्विक बाजारों में भरोसा बढ़ेगा और ऊर्जा आपूर्ति से जुड़ी चिंताएं कम होंगी। लेकिन अगर यह वार्ता विफल होती है, तो इसके परिणाम गंभीर हो सकते हैं। तनाव बढ़ सकता है, सैन्य कार्रवाई की संभावना बढ़ सकती है और क्षेत्र एक बार फिर संघर्ष की आग में झुलस सकता है।

ऐसे समय में सबसे जरूरी है संयम और समझदारी। नेताओं को यह समझना होगा कि उनके फैसलों का असर केवल उनके देशों तक सीमित नहीं है। यह पूरी मानवता को प्रभावित करता है। इसलिए हर कदम सोच-समझकर उठाना जरूरी है। कूटनीति, संवाद और सहयोग ही ऐसे रास्ते हैं जो स्थायी शांति की ओर ले जा सकते हैं।

अंततः यह कहना गलत नहीं होगा कि आज दुनिया एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां उसे यह तय करना है कि वह संघर्ष का रास्ता चुनेगी या सहयोग का। अमेरिका और ईरान के बीच यह वार्ता केवल एक द्विपक्षीय मुद्दा नहीं है, बल्कि यह वैश्विक शांति और स्थिरता की परीक्षा भी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि दोनों देश इस अवसर का उपयोग करेंगे और ऐसा समाधान निकालेंगे जो न केवल उनके लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए हितकारी हो। युद्ध किसी भी हालत में समाधान नहीं है, और इतिहास ने बार-बार इस सच्चाई को साबित किया है।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### ढेबरा बाजार में धूमधाम से मनाई गई परशुराम जयंती



**खजनी-** ढेबरा बाजार में भगवान परशुराम जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई, जहां उपस्थित लोगों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता विपिन दुबे द्वारा क्षेत्र के गणमान्य लोगों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृपाशंकर दुबे उर्फ जुगनू दुबे ने ब्राह्मण समाज की एकता पर बल देते हुए कहा कि समाज की मजबूती ही उसके सम्मान और विकास की कुंजी है। धर्मनगर चौकड़ी के पीठाधीश्वर प्रेमजी महाराज ने भगवान परशुराम के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन सत्य, साहस और धर्म की रक्षा के लिए समर्पित रहा है, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में अनिल दुबे, शंभू पाठक, संतोष शुक्ल, संदीप शुक्ल, वीरेंद्र दुबे, भाष्कर पांडेय, अंशु दुबे, राज शुक्ल एवं साधु दुबे, रिंकू दूबे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### लोहे की सरिया सड़क पर रखे होने से रोज लग रहा जाम, राहगीर हो रहे घायल



**गोला बाजार गोरखपुर ।** गोला उपनगर के शारदा सिनेमा रोड स्थित लोहा मंडी में विगत लगभग 20 दिनों से सड़क पर सरिया फैले होने से प्रतिदिन जाम की स्थिति बन रही है, वहीं कई बार लोग फिसलकर गिरने से चोटिल भी हो चुके हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड संख्या 19 में एक व्यक्ति अपने पुराने मकान को तुड़वाकर पुनः निर्माण कार्य करवा रहे हैं। निर्माण कार्य में उपयोग होने वाला लोहे का सरिया लंबे समय से सड़क पर रखा हुआ है। बताया जा रहा है कि सरिया का कार्य समाप्त हो जाने के बाद भी सड़क से सरिया हटाया नहीं गया है। दुकानदारों द्वारा कई बार आग्रह करने के बावजूद संबंधित पक्ष द्वारा टालमटोल रवैया अपनाया जा रहा है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि लग्न व शादी-विवाह के मौसम में भीड़ अधिक रहती है, ऐसे में जाम लगना और किसी राहगीर या दुकानदार को चोट लगना गंभीर चिंता का विषय है। क्षेत्रवासियों ने नगर प्रशासन से मांग की है कि सड़क पर रखे सरिया को तत्काल हटवाया जाए तथा भविष्य में सड़क पर निर्माण सामग्री रखने वालों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए, जिससे आम जनता को राहत मिल सके।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**देवरिया।** जनपद के भटनी थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक युवक का शव फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सूरज राजभर के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। क्षेत्राधिकारी भाटपार रानी अंशुमन श्रीवास्तव ने बताया कि सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच जारी है।

### कार से अवैध शराब बरामद, बिहार के दो तस्कर गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद के बनकटा पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक कार से अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। चेकपोस्ट रामपुर बुजुर्ग पर जांच के दौरान एक सैंट्रो कार से 4 पेटी बीयर और 6 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्त बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, बरामद शराब में किंगफिशर एक्स्ट्रा स्ट्रांग बीयर (96 केन) और रॉयल स्टैग व्हिस्की शामिल है। इस मामले में आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में की गई।

# बस्तियों में गूंजा नशामुक्ति का संकल्प - 'नशा छोड़ो, सम्मान पाओ ': पप्पू पांडे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कुशीनगर।** नशा मुक्ति अभियान के तहत रविवार को पडरौना ब्लॉक के ग्राम सभा जंगल बेलवा स्थित मुसहर बस्ती में एक वृहद चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नाहरछपरा, कुमौल और जंगल बेलवा की मुसहर बस्तियों से सैकड़ों लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेता पप्पू पांडे रहे, जबकि संचालन भाजपा मंडल मंत्री मनोज कुमार गोंड ने किया। चौपाल को संबोधित करते हुए पप्पू पांडे ने कहा कि मुसहर समाज के विकास में नशा सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने कहा कि नशे की वजह से समाज में घरेलू हिंसा और अपराध बढ़ रहे हैं, जिससे महिलाओं की स्थिति दयनीय होती जा रही है और परिवार आर्थिक संकट में फंस रहे हैं। उन्होंने मुसहर समाज के लोगों से आह्वान करते हुए कहा, 'आप नशा छोड़िए, हम आपको सम्मानित करेंगे।' उन्होंने यह भी बताया कि जो व्यक्ति नशा त्यागकर मुख्यधारा से जुड़ेगा, उसे समाज में विशेष पहचान और सम्मान दिया जाएगा।

पप्पू पांडे ने कहा कि उनकी टीम बस्तियों में जाकर न केवल नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक कर रही है, बल्कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य भी कर रही है। उनके इस आह्वान का असर साफ तौर पर देखने को मिला, जब उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में नशा छोड़ने और शिक्षा व स्वच्छता को अपनाने की शपथ ली। इस दौरान विशुनपुरा मंडल मंत्री मनोज कुमार गोंड, अशोक कुमार, चंदन पांडेय, बेलास मुसहर, नगीना मुसहर, कैलाश मुसहर, शनिचरी देवी, मैना देवी, सुगिया देवी, भीम प्रसाद, सिंगासन प्रसाद, भुलई मुसहर, धनई मुसहर, फेकू मुसहर, बिगनी देवी समेत बड़ी संख्या में मुसहर समाज के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम ने समाज में जागरूकता और सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक मजबूत संदेश दिया।

### कांग्रेस संगठन सक्रिय, राष्ट्रीय सचिव के आगमन की तैयारी तेज

**देवरिया।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व उत्तर प्रदेश सह प्रभारी सत्यनारायण पटेल के प्रस्तावित आगमन को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। टाउन हॉल स्थित कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर संगठन की समीक्षा और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने और आगामी चुनावों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही जनसंपर्क अभियान, पार्टी की विचारधारा के प्रचार-प्रसार और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों को लेकर भी मंथन किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय सचिव का दौरा संगठन के लिए महत्वपूर्ण है और इसे सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता पूरी ताकत से जुटें। बैठक में कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने अपने सुझाव भी साझा किए। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष, प्रवक्ता, शहर अध्यक्ष, किसान कांग्रेस और एनएसयूआई से जुड़े पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## पडरौना में गूंजा 'जय परशुराम' का जयघोष

**●भव्य पूजन व माल्यार्पण के साथ मनाई गई जयंती**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कुशीनगर।** पडरौना नगर के सुभाष चौक स्थित भगवान परशुराम जी की प्रतिमा पर आज परशुराम जयंती का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा भगवान परशुराम जी की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर किया गया। इसके बाद विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न हुई, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम का आशीर्वाद लिया। इस दौरान लोगों ने भगवान परशुराम के बताए न्याय और धर्म के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष विनय जायसवाल ने कहा कि भगवान परशुराम केवल एक देवता नहीं, बल्कि न्याय, शौर्य और त्याग के जीवंत प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम ने सदैव अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष कर समाज को न्याय का मार्ग दिखाया। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे भगवान परशुराम के आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज में एकता, न्याय और सद्भाव बनाए रखें। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल सहित रामु पाण्डेय, अमित तिवारी, मृत्युंजय दीक्षित, सनी मिश्र, अभय तिवारी, सोनू मिश्र, अनिल पाण्डेय, विनय मद्धेशिया, संतोष चौहान, राजेश कुशवाहा, रोहन विश्वकर्मा, आकाश वर्मा, विशाल गुप्ता, कुंदन सिंह, भोला साहा, अंकित अग्रवाल, सर्वेश जायसवाल, सुशील कश्यप, सचिन साहा, शिव मद्धेशिया, राजू जायसवाल, विकी सिंह, शुभम सिंह मंथन, आदर्श जायसवाल, सनी सिंह, संदीप निगम, राजेश जायसवाल, पिंटू साह, केदार मद्धेशिया सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

# गोरखपुर में 6-8 मई को माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रांतीय महाधिवेशन, 'शिक्षा बचाओ अभियान' का होगा आगाज़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (ठकुराई) का तीन दिवसीय प्रांतीय महाधिवेशन 6, 7 और 8 मई 2026 को गोरखपुर स्थित एनई रेलवे ऑडिटोरियम (महाप्रबंधक कार्यालय) में आयोजित होगा। यह जानकारी संघ के प्रधान प्रांतीय संरक्षक जगदीश पांडेय ठकुराई ने प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि महाधिवेशन में प्रदेश भर से करीब 1500 शिक्षक प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। इसमें शिक्षा व्यवस्था की चुनौतियों, शिक्षकों की समस्याओं और उनके समाधान पर गंभीर मंथन किया जाएगा। महाधिवेशन को पांच सत्रों में आयोजित किया जाएगा। पहले सत्र में उद्घाटन, दूसरे में अध्यक्षीय उद्बोधन होगा। तीसरे सत्र में 'शिक्षा की चुनौतियां और शिक्षकों का दायित्व' विषय पर विचार गोष्ठी होगी, जिसमें शिक्षाविद और विशेषज्ञ अपने विचार रखेंगे। चौथे सत्र में विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं से जुड़े प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे, जिन पर चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। अंतिम सत्र में प्रस्तावों को पारित कर मांग पत्र तैयार किया जाएगा और आगे के संघर्ष की रणनीति तय होगी।

महाधिवेशन के दौरान 'गांव-गांव तक शिक्षा बचाओ अभियान' की शुरुआत भी की जाएगी। इस अभियान के जरिए छात्रों, अभिभावकों और आम जनता को जोड़कर शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने का प्रयास किया जाएगा। प्रेस वार्ता में प्रांतीय मंत्री एवं महाधिवेशन संयोजक डॉ. अजय कुमार पाण्डेय, सह संयोजक सत्यपाल सिंह व डॉ. शोभित श्रीवास्तव, प्रदेशीय कार्यकारिणी सदस्य जगताशरण, देवेंद्र प्रताप सिंह गौतम, संरक्षक रमेश सिंह, मंडल अध्यक्ष दुर्गेश दत्त पाण्डेय, मंडल मंत्री डॉ. डी.एन. पाण्डेय सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। यह महाधिवेशन प्रांतीय नेतृत्व की अध्यक्षता में आयोजित होगा, जिसमें प्रांतीय महामंत्री लालमणि द्विवेदी और कोषाध्यक्ष अयोध्या प्रसाद अग्रवाल समेत प्रदेश, मंडल और जिला स्तर के पदाधिकारियों की भागीदारी रहेगी। संघ पदाधिकारियों के अनुसार, यह महाधिवेशन शिक्षा सुधार और शिक्षक हितों से जुड़े अहम फैसलों का बड़ा मंच साबित होगा।

# आपदा में अवसर! गैस एजेंसी पर 'ब्लैक' का खेल, विरोध करने पर युवक की पिटाई, 1200 रुपये भी छीने

**●खरगूपुर में केजीएन गैस एजेंसी पर गंभीर आरोप—महंगे दाम पर सिलेंडर बेचने का विरोध पड़ा भारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोंडा।** जनपद के खरगूपुर थाना क्षेत्र में स्थित केजीएन गैस एजेंसी एक बार फिर सवालों के घेरे में है। आरोप है कि जहां आम उपभोक्ता गैस के लिए भटक रहे हैं, वहीं एजेंसी संचालक आपदा को अवसर में बदलकर सिलेंडरों की कालाबाजारी में जुटे हैं। इसी कथित 'ब्लैक' खेल का विरोध करना एक युवक को भारी पड़ गया।

खरगूपुर कटहरिया निवासी चंदन तिवारी (पुत्र प्रदीप तिवारी) 19 अप्रैल को दोपहर करीब 3 बजे गैस सिलेंडर लेने एजेंसी पहुंचे थे। पीड़ित का आरोप है कि जैसे ही उसने गैस की उपलब्धता और कीमत को लेकर सवाल उठाया, वहां मौजूद एजेंसी संचालक लाल मोहम्मद और उसके सहयोगियों का पारा चढ़ गया। देखते ही देखते मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि लाल मोहम्मद सहित करीब आधा दर्जन लोगों और चंद्र प्रकाश (पुत्र राम उदार, निवासी नरायनपुर माफी) ने मिलकर चंदन तिवारी पर हमला बोल दिया। लाठी-डंडों और हाथ-पैरों से जमकर पिटाई की गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। यही नहीं, पीड़ित का कहना है कि मारपीट के दौरान उसके पास मौजूद 1200 रुपये नगद भी छीन लिए गए और उसे जान से मारने की धमकी दी गई। शोर-शराबा सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव किया, तब जाकर उसकी जान बच सकी।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि पीड़ित ने अपने प्रार्थना पत्र में एजेंसी संचालक पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि आम लोगों को समय पर गैस नहीं दी जाती, जबकि सिलेंडरों को लगभग 1800 रुपये प्रति सिलेंडर के हिसाब से खुलेआम 'ब्लैक' में बेचा जा रहा है। यानी जरूरतमंदों की मजबूरी का फायदा उठाकर मोटी कमाई का खेल चल रहा है।घटना के बाद पीड़ित ने थाना खरगूपुर में लिखित शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और सख्त कार्रवाई की मांग की है।वहीं, पुलिस का कहना है कि प्रार्थना पत्र मिल गया है और मामले की जांच की जा रही है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि अगर आरोप सही हैं, तो आखिर कब तक 'ब्लैक' के इस खेल पर लगाम लगेगी और दोषियों पर कार्रवाई होगी?

## पडरौना में 'श्री सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' पर भव्य आयोजन, भजन-कीर्तन से गूंजा शिवमंदिर परिसर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कुशीनगर।** पडरौना नगर के साहबगंज दक्षिणी स्थित श्री शिवमंदिर परिसर में 'श्री सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के अवसर पर सोमनाथ यात्रा के स्वागत में भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन, वैदिक मंत्रोच्चारण और महाप्रसाद वितरण से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया। मंदिर परिसर में श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां लोगों ने भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। यह आयोजन केंद्र व प्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग द्वारा सोमनाथ मंदिर पर विदेशी आक्रांता गजनी के पहले विफल हमले के 1000 वर्ष पूर्ण होने तथा स्वतंत्र भारत में सरदार वल्लभभाई पटेल के नेतृत्व में मंदिर पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हिस्सा है।

इस अवसर पर नगरपालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना को जागृत करते हैं और हमारी सांस्कृतिक विरासत को सशक्त बनाते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारतीय परंपराओं व मूल्यों को पुनर्स्थापित करने के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय लोगों और मंदिर समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दौरान भाजपा जिला कार्यालय मंत्री सुदर्शन पाल समेत नगर के अनेक गणमान्य लोग और सैकड़ों की संख्या में शिवभक्त उपस्थित रहे।

### रूद्रपुर के युवक की सऊदी में संदिग्ध मौत

**-27 अप्रैल को होनी थी शादी**

**रूद्रपुर, देवरिया।** एकौना थाना क्षेत्र के ग्राम कोडर निवासी 30 वर्षीय युवक रामगोविन्द की सऊदी में सड़क हादसे में संदिग्ध मौत हो गई।युवक की 27 अप्रैल को शादी होनी थी और 18 को उसका वापसी का टिकट था। रामगोविन्द वर्ष 2020 से सऊदी अरब की अल्म जार नामक कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत थे। बताया जा रहा है कि 15 अप्रैल को वह कंपनी से काम समाप्त कर साइकिल से अपने कमरे की ओर जा रहे थे। तभी रास्ते में एक चार पहिया वाहन से उनकी टक्कर हो गई। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि, घटना की सूचना परिजनों को तीन दिन बाद 18 अप्रैल को साथ काम करने वाले लोगों के जरिए मिली। जिससे परिजन घटना को संदिग्ध मान रहे हैं। परिवार के अनुसार, उसकी सगाई 27 अप्रैल को तय थी और वह 18 अप्रैल को फ्लाइट से घर आने वाला था। इस दुखद घटना से शादी की खुशियां मातम में बदल गई हैं। परिजनों ने सरकार से शव को घर लाने और मामले की जांच कराने की मांग की है।

# खड्डा में गूंजे 'जय परशुराम' के नारे - राम- जान की मंदिर में दिखा सनातन एकता का अद्भुत संगम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खड्डा कुशीनगर।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर खड्डा स्थित राम-जानकी मंदिर परिसर में भगवान विष्णु के छठे अवतार, न्याय और धर्म के प्रतीक भगवान परशुराम की जयंती अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। इस भव्य आयोजन का नेतृत्व 'विप्रगढ़' एवं समस्त सनातन समाज द्वारा संयुक्त रूप से किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मंदिर परिसर 'जय परशुराम' के उद्घोष से गूंज उठा। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान परशुराम केवल क्रोध के प्रतीक नहीं, बल्कि धर्म, न्याय और सत्य के रक्षक थे, जिनका जीवन समाज को अनुशासन और मर्यादा का संदेश देता है।

इस अवसर पर खड्डा नगर के विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। 'विप्रगढ़' के सदस्यों की उत्कृष्ट व्यवस्था और स्थानीय लोगों के उत्साह ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया। सभी ने एकजुट होकर भगवान परशुराम के आदर्शों को अपनाने और धर्म मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। श्रद्धालुओं ने आरती कर विश्व कल्याण की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनसेवक पवन दुबे उपस्थित रहे, जिन्होंने भगवान परशुराम के पदचिह्नों पर चलने का आह्वान किया। वहीं विशिष्ट अतिथियों में सुप्रिया मालवी, सुनील मिश्रा, बीएन पांडे, पवन मिश्रा, योगेश मिश्रा, धीरेंद्रधर द्विवेदी, महंत रामशरण दास जी महाराज, आचार्य जितेंद्र तिवारी, जगत बाबा, आनंद मणि त्रिपाठी, अश्वनी द्विवेदी, अंकित मिश्रा, आयुष शुक्ला एवं ओम प्रकाश दुबे सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि समाज में एकता और भाईचारे का सशक्त संदेश भी दे गया।

### जल जीवन मिशन की पाइप चोरी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन व चोरी का कुल 210 मीटर पाइप जल जीवन मिशन माल बरामद**

**प्रतापगढ़।** बीते 17 मार्च 26 को अज्ञात चोर द्वारा वादी ग्राम अहिरी फिरोजपुर थाना अखंडनगर सुल्तानपुर की जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन ग्राम सभा कोलबजरडीह में कार्य के दौरान पाइप का एक बंडल 90मिमी 250 मीटर चुरा लिया गया। इस संबंध में थाना अंतू में धारा-303(2)अंतर्गत अज्ञात चोर के विरूध्द अभियोग पंजीकृत किया गया था।थाना प्रभारी अंतू अभिषेक सिरोही के नेतृत्व में थाना अंतू के दल बल के साथ मुखबिर की सूचना पर धारा-303(2) संबंधित एक अभियुक्त विधि ओम सिंह पुत्र नारेन्द्र प्रताप सिंह उम्र 19 वर्ष निवासी बीबियापुर थाना कंधई जनपद प्रतापगढ़ को चोरी के165मी0 व 45 मी0 पाइप जल जीवन मिशन व घटना में प्रयुक्त पिकअप गाड़ी के साथ थाना अंतू क्षेत्रान्तर्गत अठगवां ग्राम जाने वाली रास्ते में पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से हुई उक्त बरामदगी के आधार पर थाना अंतू पर पंजीकृत अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई है। साथ ही घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन संख्या UP72T 2029 को बरामद कर धारा 207 एमवी एक्ट के अंतर्गत विधिवत सीज किया गया है।

## झगड़ा शांत कराने पहुंची डायल 112 की पुलिस टीम पर हमला, दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**● दबंग भाइयों की पुलिस से तीखी नोकझोंक, कांस्टेबल की तहरीर पर पुलिस ने किया मुकदमा पंजीकृत**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैकुंठपुर उर्फ बोदवार में शुक्रवार की शाम आपसी विवाद सुलझाने पहुंची पुलिस टीम को भारी आक्रोश और हिंसक हमले का सामना करना पड़ा। दरअसल गांव निवासी बृजेश चौधरी और कमलेश चौधरी पुत्रगण विरेन्द्र चौधरी के बीच चल रहे आपसी झगड़े की सूचना पर जब डायल 112 की पुलिस टीम शांति दूत बनकर मौके पर पहुंची तो दोनों भाई और उनके परिजन पुलिस के हस्तक्षेप को अपनी व्यक्तिगत स्वतंत्रता में दखल मानकर अचानक उग्र हो गए। स्थिति तब और बिगड़ गई जब शांति कराने आए पुलिसकर्मियों के साथ ही परिजनों ने न केवल तीखी नोकझोंक और अभद्रता शुरू कर दी, बल्कि कानून को पूरी तरह ठेंगे पर रखते हुए पुलिस टीम को घेर लिया। माहौल की संवेदनशीलता और लोगों के बढ़ते उत्तेजनापूर्ण व्यवहार को देखते हुए जब पुलिस टीम ने वहां से सुरक्षित निकलना उचित समझा, तो आक्रोशित परिजनों ने सरकारी वाहन को चारों तरफ से घेरकर उस पर ईंट-पत्थरों से ताबड़तोड़ हमला बोल दिया। इस अचानक हुए पथराव में पुलिस की गाड़ी के शीशे पूरी तरह चकनाचूर हो गए और मौके पर भारी अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस गंभीर मामले को संज्ञान में लेते हुए डायल 112 के कांस्टेबल नायब चौहान की तहरीर पर पुलिस ने शनिवार की देर रात आरोपी भाइयों बृजेश चौधरी व कमलेश चौधरी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 221, 352 और 324(4) के तहत सरकारी कार्य में बाधा डालने, गाली-गलौज करने और पुलिस पर हमला करने के आरोप में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। इस संबंध में वरिष्ठ उपनिरीक्षक महेन्द्र बहादुर सिंह ने पुष्टि की है कि पुलिस टीम के साथ की गई इस अभद्रता और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर विधिक कार्रवाई तेज कर दी गई है।

# गोरखनाथ पुलिस की बड़ी कार्रवाई: चोरी का खुलासा, 5 शातिर गिरफ्तार- नकदी, चांदी और वाहन बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** थाना गोरखनाथ पुलिस ने चोरी की एक बड़ी घटना का सफल अनावरण करते हुए 5 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 1 लाख रुपये नकद, 191 ग्राम चांदी, चोरी के पैसों से खरीदी गई एक दोपहिया वाहन, घटना में प्रयुक्त स्कूटी तथा 5 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इस कार्रवाई को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत अंजाम दिया गया। पुलिस के अनुसार, यह घटना 10-11 मार्च 2026 के बीच की है, जब वादी अपने परिवार के साथ देवरिया गया हुआ था। वापस लौटने पर उसने देखा कि मकान का ताला टूटा हुआ है और कमरे में रखी अलमारी का लॉकर भी तोड़ दिया गया है।

उसमें रखे जेवरात और नकदी चोरी हो चुकी थी। पीड़ित की तहरीर पर थाना गोरखनाथ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।जांच के दौरान पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर की सूचना के आधार पर पांच आरोपियों—मुस्तकीम, सलमान अंसारी, मोहम्मद कैफ, नादिर बेग और विशाल कुमार अग्रहरि—को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदात कबूल कर ली। पुलिस ने उनके पास से चोरी का सामान भी बरामद कर लिया है। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है। गिरफ्तार अभियुक्तों में से कुछ का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। खासकर सलमान अंसारी और नादिर बेग पहले भी विभिन्न आपराधिक मामलों में शामिल रह चुके हैं, जिससे इनकी सक्रिय अपराधी प्रवृत्ति उजागर होती है।

इस पूरी कार्रवाई का नेतृत्व प्रभारी निरीक्षक विजय प्रताप सिंह ने किया, जिनके साथ उपनिरीक्षक देशराज सरोज सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस की इस सफलता से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विश्वास बढ़ा है। फिलहाल सभी अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, ताकि जनपद में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाया जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### अग्नि पीड़ितों को सांसद ने दिया चेक



**सिद्धार्थनगर/** इटवा तहसील सभागार में चेक वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें क्षेत्र के किसान जिनका गेहूं का फसल जल कर रख हो गया था। तहसील दार इटवा राघवेंद्र पाण्डेय व लेखपाल के द्वारा जांच कर फसल गेहूं की लागत दिया गया। जिसमें सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि पिछली सरकारों ने गेहूं की फसल जलने पर किसानों को पांच सौ व एक हजार रुपए तक देती थी। लेकिन जब से मोदी, योगी सरकार बनी तब से किसानों को भरपूर सहायता कर रही हैं। इटवा तहसील क्षेत्र में तीन लाख अस्सी हजार रुपए लगभग वितरण किया गया। जिसमें क्षेत्र के किसानों को चेक मिलने से उनके चेहरे पर मुस्कान आ गई। इस मौके पर उपजिलाधिकारी कुणाल, तहसीलदार राघवेंद्र पाण्डेय, जयवर्धन तिवारी, सचिदानंद पाण्डेय, राजू पाल, संजय सिंह, राम निवास उपाध्याय, सुनील पांडेय, मार्कण्डेय पाण्डेय, राम तेज शुक्ला, रामकृपाल चौधरी, अखंड पाल सिंह, राघवेंद्र सिंह प्रधान लेखपाल सचिदानंद मिश्रा, पन्ना लाल यादव,आदि लोग मौजूद रहे।

### वाहन को निर्धारित गति सीमा में चलाएं, नहीं तो होगा हाईस्पीड चालान, शहर में लगे इंटरसेप्टर



**कानपुर।** कानपुर नगर में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु बनायी गयी कार्ययोजना के तहत 8 स्थानों पर बैरियर स्थापित करते हुए ड्यूटी लगायी गयी है, इसके अतिरिक्त तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर प्रत्येक 20 किमी पर 3 इंटरसेप्टर मोबाइल तैनात की गयी है जिनके माध्यम से तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। आज दिनांक 19.04.2026 में की गयी कार्यवाही के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर 63 ट्रक, 6 बस, 121 चार पहिया / दो पहिया 190 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया । राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर 2 ट्रक, 5 बस, 123 चार पहिया / दो पहिया 130 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया । गंगा बैराज पर 61 वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया । यातायात पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर की आमजनमानस से अपील है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें। रॉन्ग साइड वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें । सड़क पर गति सीमा को निर्धारित रखें। ओवरटेक हमेशा दाहिनें से करें। यातायात के संकेतो का पालन अवश्य करें । शराब पीकर वाहन न चलायें।

### ब्राह्मण समाज ने मनाई भगवान परशुराम की जयंती



**ओबरा (सोनभद्र)।** अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज ओबरा द्वारा रविवार को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर भगवान परशुराम की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई।इस दौरान ब्राह्मण समाज कार्यालय ओबरा पर ब्राह्मण बंधु एकत्रित होकर भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना की और उनके आदर्शों को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष नंदलाल पांडेय ने कहा कि अक्षय तृतीया को भगवान विष्णु जी के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव है। यह दिन ज्ञान, साहस और अन्याय के अंत का प्रतीक है। भगवान परशुराम को चिरंजीवी ( अमर ) माना जाता है, जिन्होंने अधर्म का नाश कर धर्म की स्थापना की थी।इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के देवानन्द मिश्र,डॉ एके पाण्डेय, उमा शंकर तिवारी,डॉ जीएन पाठक, अगस्त शुक्ला,नर सिंह त्रिपाठी,एल बी पाण्डेय, श्याम जी पाठक, कृष्ण मोहन तिवारी, कृपा शंकर देव पाण्डेय, परमेश्वर पाण्डेय, संजीव धर दूबे, लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी, जवाहर पाण्डेय पुनीत पाण्डेय साहित तमाम ब्राह्मण बंधु उपस्थित रहे।

# थाना मैलानी-मोतीपुर विवाद: लापरवाह चौकी इंचार्ज पर कार्रवाई कब?

### ● निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** बाबा साहेब जयंती के दौरान हुए विवाद ने प्रशासन और पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। चौकी इंचार्ज की कथित लापरवाही से बढ़े इस मामले में अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होना चर्चा का विषय बना हुआ है।

**मुख्य सवाल जो खड़े हो रहे हैं:-** आखिर चौकी इंचार्ज पर कार्रवाई में देरी क्यों?क्या उच्चाधिकारी 'स्टार बढ़ाने' में व्यस्त हैं?क्या पुलिस अपनी लापरवाही छिपाने की कोशिश कर रही है? ग्राम समाज की जमीन पर चंदा देवी का क्या निजी अधिकार? प्रशासन ने अब तक चंदा देवी पर कार्रवाई क्यों नहीं की? क्या सत्ता का दबाव कार्रवाई में बाधा बन रहा है?

**जमीन विवाद ने पकड़ा तूल-** ग्राम समाज की भूमि पर कब्जे के आरोप के बीच चौकी इंचार्ज का लेखपाल के साथ मौके पर न पहुंचना भी सवालों के घेरे में है। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि कहीं किसी एक पक्ष को फायदा पहुंचाने की कोशिश तो नहीं हो रही।

**ट्रेनिंग पर उठे सवाल:-** भीड़ नियंत्रण जैसी बुनियादी ट्रेनिंग के बावजूद इतनी बड़ी घटना का होना पुलिस की तैयारी पर सवाल खड़ा करता है। क्या चौकी इंचार्ज अपनी जिम्मेदारी निभाने में असफल रहे?

**साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की मांग:-** सूत्रों के अनुसार, एक समाजसेवी एडवोकेट ने इस घटना को 'निंदनीय' बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।

**एडवोकेट की प्रमुख मांगें-** उपद्रवियों की पहचान वीडियो व फोटो साक्ष्यों के आधार पर हो और निर्दोष लोगों को फर्जी तरीके से नामजद न किया जाए। नामजद लोगों की निष्पक्ष जांच हो।दोषी पाए जाने पर ही सख्त कार्रवाई की जाए।

**कानूनी लड़ाई तेज:-** एडवोकेट ने यह भी बताया कि लापरवाह पुलिसकर्मियों के खिलाफ वीडियो साक्ष्यों सहित बहुत जल्द कोर्ट में मामला दायर करने की तैयारी की जा रही है, ताकि जिम्मेदारों पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित कराई जा सके।उन्होंने स्पष्ट किया कि जरूरत पड़ने पर वीडियो, फोटो और मोबाइल लोकेशन के आधार पर मजबूत पैरवी करते हुए मामले को उच्च अधिकारियों तक ले जाया जाएगा।

**जनता की मांग:-** जिले के उच्च अधिकारियों से निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। लोगों का कहना है कि 'सत्ता नहीं, योग्यता के आधार पर जिम्मेदारी दी जानी चाहिए।' अब सबकी नजर प्रशासन पर है।क्या दोषियों पर कार्रवाई होगी या मामला दबा दिया जाएगा?



**ग्राम पंचायत ग्रांट नंबर 10 की प्रधान विजय लक्ष्मी ने जिला प्रशासन को दिया बड़ा जवाब।**

14 अप्रैल 2026 को जारी नोटिस पर प्रधान ने सौंपा स्पष्टीकरण।

**प्रधान का दावा-** उन पर लगाए गए अवैध कब्जे और घटना में शामिल होने के आरोप निराधार है।घटना के समय वह घर पर थीं, सूचना मिलते ही उनके पति मौके पर पहुंचे। ग्रांट नंबर 11 के अराजक तत्वों पर लगाया आरोप,और कहा रोकने की कोशिश के बावजूद भारी भीड़ के कारण हालात बिगड़े।

**प्रधान ने कहा-** घटना से जुड़े फोटो और वीडियो साक्ष्य मौजूद, प्रशासन को सौंपने को तैयार हूं।

**कानून का हवाला-**उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 के तहत खुद को भूमि प्रबंधन समिति की अध्यक्ष बताते हुए सरकारी भूमि बचाने का किया दावा।

**बड़ी मांग-** प्रधान ने जिला मजिस्ट्रेट से अपने को निर्दोष बताते हुए

नोटिस वापस लिए जाने की अपील की है।प्रधान का कहना है कि उनके पति वीरेंद्र गौतम ने मूर्ति पर नहीं बल्कि फोटो पर माल्यार्पण किया था।उनको घटना की जानकारी पुलिस प्रशासन द्वारा दी गई, जिसके बाद ही वे मौके पर पहुंचे।पहले से मौके पर मौजूद होने के आरोपों को गलत और भ्रामक बताया है। प्रधान ने साफ किया है कि उनके परिवार को जानबूझकर विवाद में घसीटा जा रहा है। अब देखना होगा प्रशासन क्या लेता है फैसला?...फिलहाल मामला बना चर्चा का विषय है।

# टूण्डला में धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला-** हठीले हनुमान धाम मंदिर में भगवान परशुराम का प्राकट्योत्सव बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा वातावरण भक्ति भाव से सराबोर हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम की प्रतिमा के विधि-विधान से गंगाजल द्वारा अभिषेक के साथ हुई। इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने भगवान को अंग वस्त्र, यज्ञोपवीत, तिलक चंदन अर्पित कर माल्यार्पण किया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन-पूजन संपन्न हुआ, जिससे पूरे मंदिर परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ।

हवन और पूजा-अर्चना के उपरांत आरती की गई, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आरती के बाद सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान भगवान परशुराम के आदर्शों और उनके जीवन चरित्र पर भी प्रकाश डाला गया, जिससे लोगों को धर्म, साहस और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिली। इस अवसर पर इं0 आर पी शर्मा, अंजनी शर्मा, राजू उपाध्याय, विष्णु तिवारी, जितेन्द्र शर्मा, संतोष शर्मा, पुनीत रावत, सुनील पाठक, विवेक शर्मा, विजय कुमार सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया और धार्मिक आयोजन की गरिमा को बढ़ाया।

### गर्मी में प्रीपेड स्मार्ट मीटर बने मुसीबत, सुहागनगरी में माइनस बैलेंस के चलते 9200 घरों की बत्ती गुल

**फिरोजाबाद।** प्रीपेड हुए स्मार्ट मीटरों ने जिले में एक हजार रुपये से अधिक के माइनस बैलेंस पर शनिवार को 9,200 घरों की बिजली उड़ा दी। सुबह से घरों में बिजली गुल होने से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लोग विद्युत कार्यालयों की ओर दौड़ नजर आए। वहीं काफी संख्या में लोगों ने घर बैठ ऑनलाइन रीचार्ज किया। शाम छह तक सात हजार से अधिक उपभोक्ताओं की बिजली चालू हो सकी। विद्युत वितरण जोन के अंतर्गत फिरोजाबाद और मैनपुरी में 3.20 लाख घरों में स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। इसके सापेक्ष 1.75 लाख उपभोक्ताओं के मीटर प्रीपेड हो चुके हैं। अब माइनस बैलेंस वाले उपभोक्ताओं के आनलाइन ही कनेक्शन काटे जा रहे हैं। विद्युत वितरण जोन के मुख्य अभियंता भरत सिंह ने बताया कि शनिवार को माइनस बैलेंस में 9200 प्रीपेड स्मार्ट मीटर के कनेक्शन काटे गए हैं। इन सभी उपभोक्ताओं पर साढ़े तीन करोड़ से अधिक राजस्व बकाया है। उन्होंने बताया कि पूर्व की अपेक्षा अब काफी संख्या में उपभोक्ता प्रीपेड मीटर का रीचार्ज करने के प्रति जागरूक हो रहे हैं। रीचार्ज करने के बाद सात हजार से अधिक उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी गई है। उपभोक्ताओं से आह्वान है कि वह अपना बिल एडवांस अथवा समय से जमा करें, जिससे बिजली कटने की समस्या न हो।

# मूडा बुजुर्ग में सैकड़ों एकड़ भूमि पर दबंगों का अवैध कब्जा, जिला प्रशासन मौन

### ● ग्रामीणों ने लेखपाल, कानूनगो अरुणेशमिश्रा सहित तहसीलदार गोला पर लगाए कब्जा आधारकों को संरक्षण देने के गंभीर आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी** एक और जहां प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने और सरकारी जमीनों को अवैध कब्जा मुक्त कराए जाने के सख्त आदेश अपने मातहत को दे रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ इसके ठीक विपरीत जनपद खीरी की तहसील गोला में अपनी ही सरकार के आदेशों को ताक पर रखकर जिम्मेदार अवैध कब्जा धारकों की ताल पर थिरकते देखे जा सकते हैं। ताजा मामला तहसील गोला के परगना भूड अंतर्गत ग्राम पंचायत मुड़ा बुजुर्ग का है जहां पर खेल मैदान, मरघट, खलिहान के साथ-साथ लगभग 78 एकड़ रिक्त पड़ी सरकारी जमीन पर दबंगों का अवैध कब्जा देखा जा सकता है। उक्त जमीनों पर दबंगों की फसल खड़ी फसल चीखकर अवैध कब्जा होने की पुष्टि करती है। सूत्र बताते हैं कि इस अवैध कब्जा की जानकारी तहसीलदार गोला भीमचंद से लेकर एसडीएम गोला सहित संपूर्ण तहसील प्रशासन को भी है। सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार चार बीघा मरघट के नाम दर्ज जमीन पर अर्जुन निवासी मुड़ा तो खलिहानों की जमीन पर रामसनेही, रामेश्वर, देशराज, धीरेश,सहित कई अन्य लोगों की फैसले खड़ी अवैध कब्जा की चीख चीख कर पुष्टि कर रही हैं।

इनमें से रामसनेही पर धारा 67 की कार्रवाई चलने की बात प्रकाश में आई है जो सालों बीत गया लेकिन कोई कार्रवाई आदेश नहीं किया गया। यह 67 की करवाई न्यायालय की फाइल में धूल फांक रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि यह सभी अवैध कब्जा कानून को अरुणेश मिश्रा, लेखपाल और तहसीलदार गोला भीमचंद के संरक्षण में चल रहे हैं शायद इसलिए कोई आदेश नहीं किया जा रहा है। इतना ही नहीं गांव सभा की लगभग 78 एकड़ जमीन पर कानूनगो ने सजातीय मोहित दीक्षित व कई अन्य लोगों को कब्जा करवा रखा है जिसे हर फसल पर एक मोटी रकम वसूल कर उक्त तिकड़ी में बांट लिए जाने की बात जन चर्चा का विषय बनी है लोगों का आरोप है कि जब रक्षक ही भक्षक बन जाए तब आम आदमी न्याय पाने के लिए आखिर कहां जाए? अब देखना यह है जिले की तेज तर्रार जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल उपरोक्त अवैध कब्जा के मामले में क्या निर्णय लेती हैं? सरकारी जमीन को कराया जाएगा अवैध कब्जा मुक्त या फिर यूं ही मामला रफा दफा कर दिया जाएगा ।और अवैध कब्जे धारकों को सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करने के लिए खुला छोड़ दिया जाएगा। इस संबंध में जब क्षेत्रीय लेखपाल शैलेंद्र से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बताया कि इस मामले पर फोन पर कुछ मत पूछिए मिल बैठकर बात कर ली जाएगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़




**तिलहर-शाहजहांपुर।** दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर रविवार को एक दर्दनाक हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। नगरिया चौकी क्षेत्र के पास हाईवे पार कर रहे 45 वर्षीय मजदूर को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। थाना क्षेत्र के गांव गुलाम खेड़ा निवासी टीकाराम पुत्र मनोहर लाल सुबह करीब 5 बजे रोज़ की तरह मजदूरी के लिए खेत पर भुसा ढोने जा रहे थे। इसी दौरान बरेली की ओर से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि टीकाराम ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन बदहवास हालत में मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शाम करीब 5 बजे जैसे ही शव घर पहुंचा, परिवार की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। मृतक के पुत्र रूपेश ने नम आंखों से पिता को मुखाग्नि दी। टीकाराम अपने पीछे पत्नी धन देवी, पुत्र रूपेश सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया कि तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, अज्ञात वाहन की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

# अवैध संबंधों की आग में उजड़ा एक परिवार, 6 साल बाद कानून के शिकंजे में आए हत्यारे

### ● नंदोई भाभी के अवैध संबंधों में हुई थी पति की हत्या

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**तिलहर-** शाहजहांपुर।छह साल पहले हुए सनसनीखेज सतीश हत्याकांड का आखिरकार पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। प्रेम प्रसंग में बाधा बन रहे पति को रास्ते से हटाने के आरोप में फरार चल रहे मुख्य आरोपी कपिल गंगवार और मृतक की पत्नी सुनीता गंगवार को पुलिस व एसओजी टीम ने संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार कर लिया। दोनों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित था। थाना कटरा क्षेत्र के गांव समधाना से जुड़े इस मामले में मृतक सतीश (प्रॉपर्टी डीलर) की पत्नी सुनीता का अपने नंदोई कपिल गंगवार से अवैध संबंध था। इसी संबंध के चलते दोनों ने सतीश को रास्ते से हटाने की साजिश रची। परिजनों के मुताबिक, आरोपियों ने सतीश को पहले खाने में जहर दिया और जब वह बेहोश हो गया तो गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। मेडिकल रिपोर्ट के बाद 31 दिसंबर को मुकदमा दर्ज हुआ, लेकिन उससे पहले ही दोनों आरोपी अपनी मासूम बेटी को साथ लेकर फरार हो गए।

**6 साल तक पहचान छिपाकर बदलते रहे ठिकाने-** पुलिस क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव ने बताया कि पुलिस की लगातार दबिश के बावजूद आरोपी गिरफ्त से दूर रहे। उन्होंने आधार और पैन कार्ड का इस्तेमाल तक बंद कर दिया और अलग-अलग शहरों में छिपकर रह रहे थे। पुलिस ने हरिद्वार सहित कई जगहों पर तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली।

**इनाम घोषित होने के बाद तेज हुई तलाश** मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने 5 फरवरी 2025 को दोनों पर ?25-25 हजार का इनाम घोषित किया। इसके बाद सर्विलांस और मुखबिर तंत्र को और सक्रिय किया गया।

**सरयू पुलिया पर घेराबंदी कर दबोचे गए आरोपी-** रविवार सुबह मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस और एसओजी टीम ने हाईवे स्थित सरयू पुलिया के पास घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। उनके साथ मौजूद बच्ची को भी पुलिस ने सुरक्षित संरक्षण में ले लिया।

**बच्ची को अपनाने से पीछे हटे परिजन** गिरफ्तारी के बाद दोनों पक्षों के परिजन थाने पहुंचे, लेकिन मासूम बच्ची को अपने साथ रखने के लिए कोई तैयार नहीं हुआ। ऐसे में उसे अनाथ आश्रम भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया कि आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई से पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली है, जो वर्षों से न्याय की उम्मीद में दर-दर भटक रहा था।

# औचक छापे में खुली लापरवाही की परतें: अधूरी टंकी, उखड़ी सड़कें— मंत्री का अल्टीमेटम, 'एक महीने में सुधार नहीं तो कार्रवाई तय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तिलहर-शाहजहांपुर।** कटरा जाते समय पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेंद्र कश्यप ने जैसे ही नगर पालिका क्षेत्र में कदम रखा, विकास कार्यों की हकीकत सामने आ गई। दोपहर करीब 12 बजे किए गए औचक निरीक्षण में निर्माणाधीन पेयजल टंकी आधी-अधूरी मिली, वहीं गुणवत्ता मानकों की खुलेआम अनदेखी ने पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए। 31 मार्च की तय समयसीमा गुजर जाने के बावजूद काम अधूरा मिलने पर मंत्री का गुस्सा फूट पड़ा। मौके पर ही अधिकारियों और ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाते हुए उन्होंने साफ कहा— 'लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं होगी।' एसडीएम जीत सिंह राय को निर्देश दिए गए कि काम तय मानकों के साथ तत्काल पूरा कराया जाए, वरना जिम्मेदारी तय होगी।

निरीक्षण के दौरान व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता उर्फ रवि ने ठेकेदार के पुराने रिकॉर्ड पर भी सवाल उठाए। बताया गया कि पूर्व में भी मानकविहीन निर्माण के मामले सामने आ चुके हैं। इस पर मंत्री ने तीखी नाराजगी जताते हुए कहा कि 'एक ही ठेकेदार को बार-बार काम देना खेल नहीं चल सकता,' और पूरे आवंटन प्रक्रिया की समीक्षा के आदेश दे दिए। मंत्री का काफिला जिस रास्ते से गुजरा, वहां की सड़कें बदहाली की कहानी बयां करती मिलीं—गड्ढों से भरे रास्ते और रोजाना हो रही दुर्घटनाएं। स्थानीय लोगों ने भी नाराजगी जताई कि



आश्वासन तो मिले, लेकिन मरम्मत नहीं हुई। इस पर मंत्री ने तत्काल सड़क दुरुस्ती के निर्देश जारी किए। अंत में मंत्री ने सख्त चेतावनी देते हुए अल्टीमेटम दिया— 'एक महीने बाद मैं खुद फिर आऊंगा। तब तक टंकी पूरी और सड़कें दुरुस्त मिलनी चाहिए। अगर हालात नहीं बदले तो सीधे कार्रवाई होगी।

# हरे भरे पेड़ों पर चला लकड़कट्टो का आरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** तहसील शारदा नगर वन रेंज उसिया वीट कलीकापुरवा में सरकारी नाला के आध दर्जन जामुन व शीशम के हरे भरे पेड़ लकड़कट्टे द्वारा काटे जाने का मामला प्रकाश में आया है।पर्यावरण की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाने वाले हरे भरे पेड़ पौधे तमाम कवायदों के बाद भी दिन प्रतिदिन कम होते जा रहे हैं।कारण लक़ड़कट्टा पुलिस व वन विभाग का गठजोड़ हावी है और विभागीय उदासीनता का परिणाम है कि हरे पेड़ों की बेखौफ कटाई की जा रही है। जितने पेड़ कट रहे उसकी तुलना में पौधारोपण व पेड़ों का संरक्षण नहीं हो रहा। उत्तर प्रदेश सरकार करोड़ों का बजट देकर हरे पेड़ों को लगाने और संरक्षित करने की पुरजोर कोशिश कर रही है।वहीं जनपद लखीमपुर खीरी में शारदा नगर रेंज के वीट उसिया के गांव कलीकापुरवा में आधा दर्जन हरेभरे, पेड़ काट डाले जा रहें हैं। हरे भरे जामुन व शीशम आदि प्रतिबंधित पेड़ों पर



आरा चलाया जा रहा है इसके बावजूद लकड़ी ठेकेदारों के खिलाफ तहसील प्रशासन व वन विभाग शारदा नगर रेंज व पुलिस शारदा नगर द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होना चर्चा का विषय बना है।

### शिकोहाबाद सब्जी मंडी में लगी भीषण आग, 25 से अधिक दुकानें जलकर राख



**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद में कटरा बाजार स्थित सब्जी मंडी में शनिवार रात एक बजे शार्ट सर्किट से एक दुकान में लगी आग फैलकर दो दर्जन से अधिक दुकानों को चपेट मे ले लिया।

**शिकोहाबाद सब्जी मंडी की 25 दुकानें जली** सूचना पर जिले के सभी फायर स्टेशन से सात सात गाड़ियां आग बुझाने पहुंची। तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू जा सका। लेकिन दुकानों से अभी भी रह रह कर आग सुलग है। इसको देखते दमकल की गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं। आग कपड़े की चार और 24 से अधिक फल सब्जी की दुकानों में रखा सामान जल कर रख हो गया है।

# 'जल जीवन मिशन बना 'भुगतान रोको मिशन'! 60 लाख अटके, ठेकेदारों का फूटा गुस्सा'

### ● लखीमपुर खीरी में बड़ा खुलासा—काम पूरा, लेकिन भुगतान गायब! सिस्टम पर गंभीर सवाल खड़े

### जल जीवन मिशन में भुगतान संकट, ठेकेदारों के 60 लाख अटके- व्यवस्था पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन जनपद लखीमपुर खीरी में अब गंभीर सवालों के घेरे में आ गई है। ज़मीनी स्तर पर कार्य पूर्ण होने के बावजूद ठेकेदारों को भुगतान न मिलने से बड़ा विवाद खड़ा हो गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रोजेक्ट का कार्य एन सी सी लिमिटेड कंपनी से लेने के बाद अक्षिता कंपनी द्वारा इसे पेटी कॉन्ट्रैक्टरों को सौंप दिया गया। ठेकेदारों ने निर्धारित समय में काम पूरा कर दिया, लेकिन उनका लगभग 50 से 60 लाख रुपये का भुगतान अब तक लंबित है।यह मामला जिले के फूलबेहड़, निघासन और नकहा ब्लॉकों के अंतर्गत आने वाले गांव—बऊदीकला, अटकोहना, कुल्हौरी और औदरहना—से जुड़ा हुआ है। इन क्षेत्रों में कार्य पूर्ण होने के बावजूद मजदूरों और ठेकेदारों को भुगतान के लिए लगातार चक्कर काटने पड़ रहे हैं।पीड़ित ठेकेदार डी.पी. ने आरोप लगाते हुए बताया कि उन्हें बार-बार कार्यालय बुलाया जाता है, लेकिन हर बार केवल आश्वासन देकर लौटा दिया जाता है। 'सुबह से शाम तक बैठाए रखते हैं, लेकिन भुगतान नहीं किया जाता,' उन्होंने कहा।इस पूरे प्रकरण में उत्तर प्रदेश जल निगम और संबंधित अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं।स्थानीय स्तर पर यह चर्चा है कि आखिर काम पूरा होने के बावजूद भुगतान क्यों रोका गया है।ठेकेदारों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही भुगतान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

**मुख्य सवाल:** क्या योजना का लाभ ज़मीनी स्तर तक सही तरीके से नहीं पहुंच पा रहा है?क्या छोटे ठेकेदारों और मजदूरों का शोषण हो रहा है?अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में क्या कार्रवाई करते हैं और कब तक प्रभावितों को उनका भुगतान मिल पाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 2026 का जनपद में भव्य आयोजन



**भदोही**:– शासन के निर्देशानुसार एवं जिलाधिकारी शैलेष कुमार के मार्गदर्शन में जनपद भदोही में 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 2026' का भव्य एवं श्रद्धापूर्ण बड़े शिव मंदिर गोपीगंज पर आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला द्वारा बड़े शिव धाम मंदिर, गोपीगंज में रुद्राभिषेक, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सनातन धर्म से संबंधित विविध आयोजन संपन्न कराए गए। जनपद के प्रमुख शिवालयों में व्यापक स्तर पर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। बड़े शिव मंदिर, गोपीगंज भदोही में मुख्य कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इसके अतिरिक्त ज्ञानपुर स्थित हरिहरनाथ मंदिर, चकवा महादेव मंदिर, चामुंहा महादेव मंदिर संमधाखासएवं सेमराध धाम मंदिर सहित विभिन्न स्थलों पर भी भव्य आयोजन किए गए। मंदिर परिसरों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई एवं आकर्षक सजावट सुनिश्चित की गई। श्रद्धालुओं द्वारा भजन-कीर्तन, रुद्राभिषेक एवं विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया, जिससे पूरे जनपद में धार्मिक उल्लास का वातावरण व्याप्त रहा। इस आयोजन के माध्यम से जनसामान्य में धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक चेतना एवं स्वाभिमान का संदेश प्रसारित किया गया। साथ ही, स्थानीय स्तर पर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित कर सामाजिक एकता एवं पारंपरिक मूल्यों को सुदृढ़ किया गया। जनपद प्रशासन द्वारा समस्त कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक एवं सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित किया गया।

### अपने ही घर में चोरी करने वाले चाचा-भतीजा गिरफ्तार, जेवर व कपड़े बरामद



**भदोही।** थाना ज्ञानपुर पुलिस ने अपने ही घर में चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चाचा-भतीजा को गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार बनकट छनौरा निवासी पंधारी गौतम ने 17 अप्रैल की रात घर में चोरी की सूचना दी थी, जिस पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पंधारी गौतम और उसके भतीजे समरजीत गौतम को असनाव-औराई रोड से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने घर में ही चोरी की साजिश रचने की बात स्वीकार की। उनके कब्जे से पिकअप वाहन में रखा ट्रॉली बैग व टीन बॉक्स से बेडशीट, सूट, चुनरी, कुर्ती सेट, 14 साड़ियां तथा 11 आभूषण बरामद किए गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान कर न्यायालय भेज दिया है।

### परशुराम जयंती पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा, ब्राह्मणों ने भरी हुंकार



**सुरियावाँ।** अभोली ब्लॉक के दुर्गागंज बाजार से रविवार को भगवान परशुराम की जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में हाथों में धर्म ध्वजा,सिर पर भगवा पगड़ी बाँधकर और हजारों की संख्या में बाइक पर सवार होकर श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा में डीजे पर भगवान परशुराम और जय श्रीराम के नारे लगाते हुए बाइक सवार श्रद्धालु आगे बढ़ते रहे। करीब नौ किलोमीटर की इस शोभायात्रा में हजारों लोग मौजूद और रंग अबीर गुलाल उड़ाए गए। दुर्गागंज बाजार से रविवार को भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान भगवान परशुराम की जयंती पर भव्य जुलूस और शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और बाइक से दुर्गागंज से सुरियावां तक शोभायात्रा निकाली गई। दुर्गागंज बाजार से निकाली गई शोभायात्रा सदलूबीर, हरिकरणपुर, छनौरा, बिहियापुर होते हुए करीब नौ किलोमीटर दूर सुरियावां बाजार के बाईपास अटल चौक पर पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा के दौरान ब्राह्मणों ने अपने विचार व्यक्त किए और समाज को एकजुट होकर मजबूती से संगठित होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस मौके पर आयोजनकर्ता सुनील कुमार पांडेय, राजकुमार पांडेय, एडवोकेट आशुतोष तिवारी, ललन पांडे, अमितेश शुक्ला, राहुल तिवारी, रोहित दुबे, रीना श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# पत्रकार सम्मान समारोह एवं विचार गोष्ठी में पत्रकार एकजुटता और अधिकारों पर जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**घोसिया (भदोही)**: ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में रविवार 19 अप्रैल 2026 को जयरामपुर (घोसिया) स्थित जूनियर हाईस्कूल परिसर में पत्रकार सम्मान समारोह, समीक्षा बैठक एवं विचार गोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, एवं अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन एवं स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने 'अमर रहें' के नारों के साथ उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश आय व्यय निरीक्षक हौसिला प्रसाद त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और समाज को सही दिशा देने में पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने निष्पक्ष, निर्भीक और जिम्मेदार पत्रकारिता पर जोर देते हुए पत्रकारों से अपने कर्तव्यों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया।

विशिष्ट अतिथियों में समाजसेवी दिलीप कुमार बरनवाल, रुपेश पाण्डेय अध्यक्ष विंध्याचल मंडल संगठन के मजबूती पर प्रकाश डालें, विंध्याचल मंडल मिडिया प्रभारी शीतलेश्वर प्रसाद पाठक , रईस अहमद उस्मानी ने भी अपने विचार रखे। विशिष्ट अतिथि विंध्याचल मंडल अध्यक्ष रुपेश पांडेय ने कहा कि पत्रकारों की सामाजिक जिम्मेदारी, वर्तमान चुनौतियों और संगठनात्मक एकता की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि बदलते समय में पत्रकारों को एकजुट रहकर कार्य करना होगा, तभी उनके अधिकार सुरक्षित रहेंगे और समाज में उनकी भूमिका और अधिक सशक्त होगी।

विचार गोष्ठी के दौरान पत्रकारों की सुरक्षा, मान-सम्मान, कार्य की स्वतंत्रता तथा संगठन की मजबूती जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर गंभीर मंथन किया गया। वक्ताओं ने विशेष रूप से ग्रामीण पत्रकारों के समक्ष आने वाली चुनौतियों का उल्लेख करते हुए संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया। कार्यक्रम का सफल आयोजन मंडल एवं जिला पदाधिकारियों के संयुक्त प्रयास से संपन्न हुआ। आयोजन में राकेश कुमार द्विवेदी, मुकेश दुबे, डॉ. लक्ष्मीधर चतुर्वेदी, सुशील कुमार पाण्डेय, अनिल दुबे, अमृतलाल अग्रहरी जिला अध्यक्ष, अशोक मोदनवाल, दिनेश कुमार यादव, मो0 मासूम एवं दिलशाद अहमद, रवि शंकर मिश्रा, राजेश पांडे, संतोष कुमार, आशीष उपाध्याय सहित अन्य पदाधिकारियों की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक पत्रकार, समाजसेवी एवं बुद्धिजीवी उपस्थित रहे, जिनकी सहभागिता ने आयोजन को सफल एवं प्रभावशाली बनाया। अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों, पत्रकार साथियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर करते रहने का संकल्प लिया गया।

## जिलाधिकारी के आदेश पर उप जिलाधिकारी भदोही द्वारा किया गया राशन की दुकान पर बर्खास्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुरियावा विकासखंड** अंतर्गत ग्राम सभा पट्टी भेजाओं की बहुचर्चित दुकान आखिरकार जिला अधिकारी भदोही के आदेश से निरस्त कर खंड विकास अधिकारी सुरियावां को एक पक्ष के भीतर दुकान चयन का निर्देश निर्देशित किया है उक्त प्रकरण में शिकायतकर्ता व समाजसेवी राजेंद्र प्रसाद सिंह उर्फ राकेश सिंह ने जिला प्रशासन का आभार जताया है आरटीआई कार्यकर्ता राजेंद्र प्रसाद सिंह ने जिला अधिकारी को एक पत्रक इस आशा के साथ दिया कि हमारे ग्राम सभा की दुकान विगत 10 माह से संबंधित ग्राम सभा चनौरा में अटैच कर राशन वितरण सप्लाई विभाग द्वारा कराया जा रहा है जबकि सप्लाई विभाग के शासनादेश अनुसार किसी भी दुकान को 6 माह तक ही सस्पेंड कर सकते हैं ग्रामीण जनता 4 किलोमीटर दूर से इस धूप में जाकर छुड़ा से राशन लेते हैं गांव के राजनीतिक व्यक्ति अपने वोट के चक्कर में इस ग्रामीणों का कोई सूध नहीं ले रहा है शिकायतकर्ता राजेंद्र सिंह ने कहा है कि जब राशन डीलर एक बार मृतकों का राशन के आरोप में दोषी पाया गया तो किस आधार पर दुकान अभी तक बर्खास्त नहीं किया गया जबकि जबकि उक्त प्रकरण में माननीय उच्च न्यायालय प्रयागराज की सिंगल बेंच की रेट संख्या 37 380 आप लिख 2025 दिनांक 8.10.2025 को जिला प्रशासन के आदेश को सही ठहराते हुए ठहराया फिर भी राशन डीलर ने कोर्ट के खिलाफ कोर्ट के सिंगल बेंच को चलेंगे उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के यहां रिट संख्या 27 357 ऑब्लिक 2025 दाखिल की मुख्य न्यायाधीश ने सिंगल बेंच के आदेश को सही ठहराया उसके बावजूद भी जिला प्रशासन द्वारा दुकान निरस्त नहीं किया गया शिकायतकर्ता राजेंद्र सिंह ने संपूर्ण आदेश की प्रति को संज्ञान संज्ञान में लेते हुए दुकान बर्खास्त कर नया दुकान चयन का आदेश आदेश हुए खंड विकास अधिकारियों को दी है।

## दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत, चार घायल




**चुनार, मीरजापुर।** कोतवाली क्षेत्र के कैलहट बाजार स्थित वाराणसी मिर्जापुर मार्ग के नवजीवन हॉस्पिटल के पास दो बाइकों के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई,जिसमें चार लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तत्काल पहुंचाया गया। डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने उपरांत गम्भीर रूप से घायल आशीष मौर्या पुत्र अशोक मौर्या निवासी सरैया सिकन्दर पुर थाना चुनार व रविचंद्र पुत्र राम अचल ग्राम धौहा थाना चुनार एवं रामप्रसाद उर्फ कवि जी धौहा थाना चुनार जनपद मीरजापुर को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। वहीं एक व्यक्ति को हालत सामान्य है जिसे डाक्टर ने घर जाने के छोड़ दिया।

# सेमफोर्ड स्कूल, मीरजापुर में CBSE कक्षा 10वीं के शानदार परिणामों पर प्रेसवार्ता व सम्मान समारोह

● **कीर्ति पाण्डेय ने 96.2% अंक के साथ किया टॉप, स्कूल के 12 छात्रों ने 90% से अधिक अंक हासिल किए**

**डायरेक्टर विवेक बरनवाल एवं प्रधानाचार्य संतोष कुमार सिंह ने छात्रों को दी बधाई, अभिभावकों व शिक्षकों ने बढ़ाया हौसला**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** सेमफोर्ड स्कूल, मीरजापुर में आज CBSE कक्षा 10वीं के परिणाम घोषित होने पर प्रेसवार्ता एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। स्कूल के कुल 83 छात्रों में से 12 प्रतिभावान छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। इन मेधावी छात्रों और उनके अभिभावकों को पुष्पगुच्छ देकर तथा मिठाई खिलाकर उनका हौसला अफजाई की गई।

**समारोह में छात्रों के उल्लेखनीय परिणाम इस प्रकार रहे:**

- प्रथम स्थान: कीर्ति पाण्डेय - 96.2%, दूसरा स्थान: आयुष मिश्रा - 94.4%, तीसरा स्थान: आयुष सेठ - 93.8%, चौथा स्थान: आर्यन - 92.6%, पाँचवां स्थान: आरव सोनकर - 92.4%, छठवां स्थान: दीपक यादव - 92.2%, सातवां स्थान: विवान यादव एवं शुभम गुप्ता - 91.8%, आठवां स्थान: आर्यन सिंह - 91.6%, नौवां स्थान: हिमांशु मिश्रा एवं खुशी पाण्डेय - 90.8%, दसवां स्थान: प्रियांशी सिंह - 90%

**विषयवार टॉपर्स–**

हिन्दी: आर्या तिवारी (98/100), अंग्रेजी: आयुष सेठ (97/100), गणित: कीर्ति पाण्डेय (94/100), विज्ञान: आयुष मिश्रा एवं कीर्ति पाण्डेय (96/100), सामाजिक विज्ञान: आयुष मिश्रा एवं दीपक यादव (98/100), कम्प्यूटर: आर्यन (98/100), पेंटिंग: खुशी पाण्डेय, एंजल सेन, कीर्ति पाण्डेय एवं प्रियांशी सिंह (100/100)

स्कूल के डायरेक्टर विवेक बरनवाल एवं शिप्रा बरनवाल ने सफल छात्र-छात्राओं को उनकी स्वर्णिम सफलता पर हार्दिक बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य संतोष कुमार सिंह एवं नटवा शाखा प्रधानाचार्या श्वेता मेहरोत्रा खत्री ने भी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकगण– संतोष कुमार विश्वकर्मा, अनुज बरनवाल, अनिल कुमार यादव, शर्मिला सिंह, संगीता शर्मा, शबाना परवीन, दानिश जैदी, राम आसरे, सैयद मुसीर अब्दुल्ला, मोहम्मद इरशाद, मोहम्मद परवेज, प्रशांत कुमार दुबे, शेषमणि मालवीय, लवकुश शुक्ला, मुकेश तिवारी, ओम प्रकाश दुबे, सुप्रिया त्रिपाठी, धर्मेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, खुशी यादव, प्रीति दुबे, रितु सिंह पटेल, सुमन सेठ, वहीदा बानो, रागिनी पाण्डेय, निधि मिश्रा, आसमा बानो, सोनी रावत, सन्तोष कुमार, धीरज केसरवानी, प्रद्युम्न कुमार दूबे सहित सभी अध्यापकों और स्टाफ ने छात्रों को आशीर्वाद दिया। स्कूल प्रबंधन ने इस उपलब्धि को पूरे विद्यालय के लिए गर्व की बात बताया और सभी शिक्षकों व अभिभावकों के सामूहिक प्रयास को सराहा।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के 1000 वर्ष पूर्ण होने पर मां विंध्यवासिनी धाम में गाय के दूध से रुद्राभिषेक



**मीरजापुर।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के 1000 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में संस्कृत विभाग, जिला प्रशासन एवं जिला परिषद के संयुक्त तत्वावधान में मां विंध्यवासिनी के पवित्र प्रांगण में स्थित पंचमुखी महादेव मंदिर में विशेष अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर गाय के शुद्ध दूध से रुद्राभिषेक किया गया, जो सनातन परंपरा की जीवंतता को दर्शाता है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, अपर जिलाधिकारी संजीव यादव तथा अपर जिलाधिकारी अनेक सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। आचार्य अनुपम महाराज ने समस्त विधि-विधान के अनुसार पूजन एवं रुद्राभिषेक की अगुवाई की। शास्त्री विनय महाराज, पंडित महेश पांडे, पंडित सत्यम दुबे, पंडित कल गुरु तथा वेद मित्रों के सामूहिक वेद मंत्रोच्चारण से पूरा वातावरण दिव्य और पावन हो उठा। यह आयोजन सांस्कृतिक स्वाभिमान, शिव भक्ति और भारत की चिरंतन आस्था को मजबूत करने का सुंदर उदाहरण है। स्थानीय प्रशासन द्वारा ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन सनातन संस्कृति के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## सीएमओ का पीएसी मानिकपुर पर छापा, प्रभारी अनुपस्थित-सफाई व्यवस्था पर नाराजगी, वेतन रोका




**भदोही।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी सन्तोष कुमार चक ने पीएसी मानिकपुर का औचक निरीक्षण किया, जिसमें प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अनुपस्थित पाए गए। कर्मचारियों ने उनके मेडिकल अवकाश पर होने की जानकारी दी, जबकि चिकित्सा अधीक्षक ने इससे अनभिज्ञता जताई। निरीक्षण के दौरान अन्य स्टाफ मौजूद मिला, लेकिन आयुर्वेदिक चिकित्सक भी कई दिनों से अनुपस्थित पाए गए। इस पर सीएमओ ने आयुर्वेदिक अधिकारी को पत्र भेजने के निर्देश दिए। आभा आईडी निर्माण की समीक्षा में आशा कार्यकर्ता पूनम सिंह द्वारा लक्ष्य 1223 के सापेक्ष 735 आईडी बनाए जाने की जानकारी मिली। साथ ही खराब कम्प्यूटर को शीघ्र ठीक कराने के लिए कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रवीण पाठक को भेजने के निर्देश दिए गए। अस्पताल परिसर में गंदगी और बाथरूम की खराब स्थिति पर कड़ी नाराजगी जताते हुए वॉर्ड बॉय, स्वीपर, फार्मासिस्ट एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी मानिकपुर का सात दिन का वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिया गया। इसके अलावा अस्पताल में कूलर और हरे पर्दे उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।

## बड़े ही धूमधाम से मनाई गई भगवान परशुराम जयंती




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया, मिर्जापुर।** स्थानीय विकास खंड के चक कोटार गांव में ब्राह्मण एकता परिषद की तत्वावधान में अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव रामेश्वर प्रसाद शुक्ल के निजी निवास पर बड़े ही धूमधाम से मनाया कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि डाक्टर सरस्वती प्रसाद पाण्डेय द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करते हुए भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस दौरान उन्होंने विप्र समाज को संबोधित करते हुए कहा कि वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की अक्षय तृतीया तिथि को यह पर्व मनाया जाता है हिंदू धर्म में इस पर्व का खास महत्व होता है क्योंकि इसी दिन भगवान परशुराम की जयंती मनाई जाती है मान्यता के अनुसार भगवान विष्णु का छठा अवतार माना जाता है जो की पृथ्वी पर अन्याय और धर्म का नाश करने के लिए त्रेता युग में अवतरित हुए थे ज्ञान तब और शक्ति के प्रतीक माने जाने वाले भगवान परशुराम अष्ट चिरंजीवी में से एक हैं और हर युग में पृथ्वी पर मौजूद रहते हैं भगवान परशुराम को भगवान विष्णु का छठा अवतार माना जाता है इनके पिता जमदग्नि और माता रेणुका थी भगवान परशुराम अत्यंत क्रोधी स्वभाव के थे परशुराम का असली नाम राम था भगवान शिव शिव से उन्हें शस्त्र की विद्या दी थी शिव द्वारा उन्हें परशु (फरसा) मिला जिसे धारण किया तब से वो परशुराम कहलाए उनका अवतार पृथ्वी पर अधर्म और दुष्टों का नाश करने तथा कमजोरों की रक्षा करने के लिए हुआ था परशुराम योग वेद नीति के अच्छे ज्ञाता थे और ब्रह्मास्त्र जैसे दिव्य अस्त्रों के प्रयोग में भी निपुण थे उन्होंने विश्वामित्र और ऋचीक के आश्रम पर रहकर शिक्षा प्राप्त की थी परशुराम पिता के आज्ञाकारी थे उन्होंने पिता के आदेशों का पालन करते हुए अपनी माता का सीर कलम कर दिया था और पिता से वरदान मांगकर माता को जीवित करा दिया था इस दौरान ब्राह्मण एकता परिषद के अध्यक्ष श्री नारायण शुक्ला, संस्थापक उमाकांत द्विवेदी, प्रधान धीरज मिश्रा, संजय तिवारी, धर्मेन्द्र दूबे, राम प्रकाश तिवारी, रामेश्वर प्रसाद शुक्ल, सत्यमुर्ति चौबे, सहित भारी संख्या में ब्राह्मण समाज उपस्थित रहे।

# शरीर के साथ पर्यावरण की देखभाल जरूरी- विनोद कुमार मौर्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोपीगंज।** पर्यावरण के प्रति अटूट निष्ठा और स्वस्थ जीवन के संकल्प को आत्मसात करते हुए 'भदोही साइकिलिंग क्लब' द्वारा आयोजित 'विशाल साइकिल यात्रा' रविवार को जन-चेतना का महाकुंभ बन गई। क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष अताउल मुस्तफा अंसारी के ओजस्वी नेतृत्व में निकली इस यात्रा का ध्येय समाज के हर वर्ग को प्रकृति और आरोग्य के प्रति जागरूक करना था। अताउल अंसारी की दूरदर्शी दृष्टि और दृढ़ इच्छाशक्ति का ही प्रताप है कि समाज के हर तबके को एक साझा मंच पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहाँ सभी एक सुर में 'स्वच्छ, हरित और समृद्ध भारत' के निर्माण हेतु इस क्रांति का सारथी बन रहे हैं। भदोही साइकिलिंग क्लब की इस अभिनव पहल का आगाज़ राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बड़ा चौराहा से हुआ, जहाँ वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एस. एस. यादव ने उत्साहपूर्वक हरी झंडी दिखाकर साइकिल यात्रियों को रवाना किया। चेतना का यह कारवां शहीद तिराहा, मिर्जापुर रोड, खड़हट्टी मोहाल और पसियान मोहाल से गुजरते हुए एक्सीलेंट स्कूल, पुरेरजई पहुंची।

'यात्रा के एक्सीलेंट स्कूल, पुरेरजई पहुँचते ही वातावरण हर्ष और उल्लास से सराबोर हो गया। यहाँ प्रधानाचार्य विनोद कुमार मौर्य के नेतृत्व में विद्यालय परिवार ने पलक-पावड़े बिछाकर साइकिल यात्रियों का भव्य स्वागत किया। विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा की गई पुष्पवर्षा और तालियों की गड़गड़ाहट ने न केवल यात्रियों का उत्साहवर्धन किया, बल्कि इस स्वास्थ्य अभियान में एक नई ऊर्जा का संचार कर दिया। अपनों से मिले इस स्नेह और सम्मान ने पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को और अधिक प्रगाढ़ बना दिया। 'एक्सीलेंट स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद कुमार मौर्य ने लोगों को समझाते हुए कहा कि, 'आज के समय में शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ पर्यावरण को बचाना भी बहुत ज़रूरी है। वाहनों का बेलगाम प्रयोग न केवल आबोहवा को विषैला बना रहा है, बल्कि हमारी जीवनशैली को भी पंगु कर रहा है।' उन्होंने आगे जोर देते हुए कहा कि साइकिल मात्र एक वाहन नहीं, बल्कि आरोग्य और पर्यावरण संरक्षण का सेतु है। मौर्य जी ने आह्वान किया कि लोग दैनिक कार्यों के लिए साइकिल को प्राथमिकता दें, अधिक से अधिक पौधरोपण करें और योग-व्यायाम को अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाएँ; क्योंकि स्वस्थ जीवन का यही एकमात्र 'महामंत्र' है।

'प्रधानाचार्य विनोद कुमार मौर्य ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा को आगे बढ़ाया, जिससे सभी प्रतिभागियों में जोश भर गया। ' 'एक्सीलेंट स्कूल से पुनः आरंभ होकर यह यात्रा महात्मा गाँधी लिंक मार्ग, केड़वरिया, स्टेशन रोड और गेराई होते हुए पश्चिम मोहाल, छोटी चौराहा, अंजही मोहाल और भगवतपुर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुँची। पूरी यात्रा के दौरान साइकिल सवारों का जोश देखने लायक था। 'साइकिल चलाएं ईंधन बचाएं', 'वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ' और 'करो योग रहो निरोग' जैसे नारों से पूरा वातावरण गूँज उठा। 'हिंदुस्तान जिंदाबाद', 'भारत माता की जय' और 'वन्दे मातरम' के उद्घोष के साथ यात्रियों ने संकल्प लिया कि 'हम सबने यह ठाना है, पूरे उत्तर प्रदेश को स्वस्थ बनाना है।' लोगों को स्वास्थ्य और प्रकृति के प्रति जागरूक करते हुए यह विशाल यात्रा वापस एक्सीलेंट स्कूल, पुरेरजई पहुँची, जहाँ इसका विधिवत समापन हुआ। '

इस मुहिम को सफल बनाने में प्रवीण श्रीवास्तव, रवि कुमार मौर्या, मुकेश प्रजापति, राज पांडेय, मोहम्मद असलम, विष्णु कांत पांडेय, बनारसी बिंद, साक्षी, आनंदी, तृषा, लक्ष्मी, दिव्य ज्योति, अंशिका, खुशी, आकांक्षा, अनन्या, प्रियांशी, सरगम, प्रमोद मौर्या, राजीव जायसवाल, पंकज सिंह, सरफराज अहमद, परवेज अली खान, रितिक कनौजिया, अहेम मोदनवाल, जिगर गुप्ता, कमलेश कश्यप, श्याम सुंदर बिंद, मुज्तबा अंसारी, उज्जवल गुप्ता, मिनशाद अली, लक्ष्य सिंह, अमन गुप्ता, मोहम्मद अरशद, जगदीश यादव, मोहम्मद जीशान, हिमांशु बिंद, लरैब अंसारी, आशीष बिंद, मोहम्मद इमरान, अभी कनौजिया, अजहान खान, आनंद बिंद, अबू हुरैरा, नैतिक कनौजिया, आदर्श बिंद, आर्यन यादव, रितिक कनौजिया, रोहित बिंद, अंश बिंद, रतन बिंद, रुद्र, लकी, विष्णु, राज, ईशान, मयंक, लक्ष्य, अनिकेत, अपूर्व, पवित्र, कनिष्क, समीर, आर्यन, आदित्य, आनंद, सकेत, अश्विं, दिव्यांश, रिशु, विराट, शिवम, आशीष, पवन, रेहान, अयान सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया।

# श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई भगवान परशुराम जयंती



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जंगीगंज।** क्षेत्र के चकपडौना में रविवार को भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। इंजीनियर दिनेश त्रिपाठी के प्रतिष्ठान पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और भगवान परशुराम के चरणों में दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान उपस्थित लोगों ने समाज से अन्याय और अत्याचार को समाप्त करने का संकल्प भी लिया।

कार्यक्रम में भदोही एलपीजी वितरण संघ के जिलाध्यक्ष अरुण मिश्रा ने भगवान परशुराम के जीवन और उनके पराक्रम पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम शस्त्र और शास्त्र दोनों में पारंगत थे तथा उन्हें अमरता का वरदान प्राप्त है। उन्होंने समाज के लोगों से आह्वान किया कि वे भी ज्ञान के साथ-साथ शक्ति में निपुण बनें। अरुण मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान परशुराम, जो कि भगवान शिव के परम भक्त थे, उन्होंने अपने पराक्रम से 21 बार पृथ्वी को अत्याचारी शासकों से मुक्त कराया था। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में भी भगवान परशुराम का आदर्श समाज के लिए प्रेरणास्रोत है और ब्राह्मण समाज को एकजुट होकर अपने सम्मान और अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए।

इस अवसर पर इंजीनियर दिनेश त्रिपाठी, संजय पांडेय, चन्द्र कुमार मिश्रा, सुरेश तिवारी, भोले सिंह, राजू पांडेय, अशोक शुक्ला और बच्चन सिंह सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा।

## धूमधाम से मनाई गई ब्राह्मण शिरोमणि भगवान परशुराम जी की जयंती

**चुनार, मीरजापुर।** गंगेश्वर नाथ स्थित



श्री राघव जी मंदिर में रविवार को अक्षय तृतीया तिथि पर ब्राह्मण शिरोमणि भगवान परशुराम जी की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। मंदिर के अर्चक श्रवण कुमार अवस्थी ने विधि विधान पूर्वक भगवान परशुराम की आरती पूजन किया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस पर पी डी एन डी इंटर कॉलेज के अवकाश प्राप्त प्रवक्ता अखिलेश पांडे,श्री राघवेंद्र रामलीला कमेटी चुनार के अध्यक्ष लक्ष्मी शंकर पांडे, आदर्श ब्राह्मण मंच कोर टीम के सदस्य प्रदीप कुमार शुक्ला,मुन्ना चौबे,एडवोकेट राजेश कुमार अवस्थी ने भगवान परशुराम के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। संचालन डॉक्टर दिनेश कुमार अवस्थी ने किया। इस अवसर पर आशुतोष द्विवेदी, प्रतीक रावत वैद्य, सर्वेश अवस्थी, आशुतोष तिवारी, बलभद्र शुक्ल, शिवम शुक्ला, राजन पांडे, आशीष तिवारी, समर्थ वैद्य, विभु अवस्थी, अनिल मिश्रा इत्यादि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### तेज रफ्तार कार का कहर: बाइक सवार दो बुजुर्गों की मौत



**बारा प्रयागराज।** थाना क्षेत्र के मैदा मोड़ के पास रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो बुजुर्गों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान जारी बाजार निवासी 70 वर्षीय बिहारी लाल अग्रहरि और 75 वर्षीय सेहत बहादुर केसरवानी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों किसी काम से बाइक से जा रहे थे, तभी मैदा मोड़ के पास अचानक आई तेज रफ्तार कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु कराया। हादसे के बाद मौके पर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। प्राथमिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना बताया जा रहा है। पुलिस ने कार चालक की तलाश शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है। मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### धनैचा में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**प्रयागराज।** आशुतोष मेमोरियल स्कूल, धनैचा में रोटरी क्लब के सहयोग से शंकर नेत्रालय द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अरुण कुमार मिश्रा (पिंटू नेता), नामित पार्षद, नगर निगम प्रयागराज ने किया। उद्घाटन के अवसर पर आयोजकों एवं उपस्थित लोगों ने मुख्य अतिथि का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। शिविर में क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराई और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लिया। चिकित्सकों द्वारा आंखों से संबंधित विभिन्न समस्याओं की जांच के साथ-साथ आवश्यक सुझाव भी दिए गए। इस अवसर पर आशुतोष मेमोरियल के डायरेक्टर गिरीश पांडेय ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण एवं कस्बाई क्षेत्रों में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। रोटरी क्लब के अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव ने कहा कि संस्था आगे भी समाजसेवा के ऐसे कार्य करती रहेगी। कार्यक्रम में चिकित्सा विभाग के चेयरमैन शशांक जैन, पूर्व प्रधान नागेंद्र चौहा, आनंद मिश्र, धर्मानंद पाण्डेय, अमित मिश्र एवं अंकित मिश्र सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### खरगपुर में ग्राम पंचायत सचिवालय निर्माण का रास्ता साफ




**भदोही।** सुरियावां विकास खण्ड के खरगपुर गाँव में ग्राम पंचायत सचिवालय निर्माण को लेकर लंबे समय से चल रहा विवाद आखिरकार समाप्त हो गया है। प्रशासन की सक्रिय पहल के बाद अब निर्माण कार्य का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है, जिससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देश पर उपजिलाधिकारी भदोही अरुण गिरी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए राजस्व टीम को मौके पर भेजा। टीम ने विकास खण्ड अधिकारियों एवं ग्राम प्रधान अमरनाथ की मौजूदगी में गाँव की आराजी संख्या 531 (नवीन परती) भूमि का विधिवत चिन्हांकन कर लिया। जानकारी के अनुसार, उक्त भूमि पर कुछ अवैध कब्जाधारकों द्वारा पंचायत सचिवालय निर्माण में बाधा उत्पन्न की जा रही थी, जिसके चलते कार्य शुरू नहीं हो पा रहा था। प्रशासन के हस्तक्षेप और सख्ती के बाद स्थिति स्पष्ट हुई और भूमि को मुक्त कराकर निर्माण के लिए सुनिश्चित किया गया। अब ग्राम पंचायत सचिवालय निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू होने की संभावना है। सचिवालय बनने से ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर आसानी से मिल सकेगा, जिससे गांव के विकास को नई गति मिलेगी।

# राहुल गांधी पर FIR मामले में कोर्ट ने अपना आदेश बदला, कहा- बिना नोटिस केस दर्ज करना ठीक नहीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दोहरी नागरिकता (Dual Citizenship) मामले में स्नढ्ढक्रदर्ज करने संबंधी अपने ही आदेश को बदल दिया है। कोर्ट ने शनिवार को अपनी वेबसाइट पर संशोधित आदेश जारी किया। शुक्रवार (17 अप्रैल 2026) को न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकलपीठ ने याचिका की सुनवाई की। याचिकाकर्ता समेत केंद्र और राज्य सरकार के वकीलों से कोर्ट ने पूछा कि क्या राहुल गांधी को नोटिस जारी करने की जरूरत है? सभी पक्षों ने नोटिस की कोई आवश्यकता नहीं बताई। इसके बाद कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ FIR दर्ज करने का आदेश पारित कर दिया था। हालांकि, आदेश के टाइप होने से पहले न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने फैसले की फिर से समीक्षा की। पुराने प्रेसिडेंट केसों और कानूनी प्रक्रिया का अध्ययन करने के बाद उन्होंने पाया कि ऐसे मामलों में आरोपी को नोटिस जारी करना जरूरी है। कोर्ट ने कहा कि बिना नोटिस दिए राहुल गांधी के खिलाफ FIR दर्ज करने का आदेश उचित नहीं है। इसलिए कोर्ट ने अपने पिछले आदेश को संशोधित कर दिया।

कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 20 अप्रैल 2026 (सोमवार) के लिए तय कर दी है। इस सुनवाई में राहुल गांधी या उनके वकील को नोटिस जारी करने और उनका पक्ष सुनने के बाद अंतिम फैसला लिया जाएगा। याचिकाकर्ता कर्नाटक के भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर ने कहा वह CJI से मामले की शिकायत करेंगे।

याचिकाकर्ता एस. विग्नेश शिशिर कर्नाटक के भाजपा कार्यकर्ता और वकील हैं। उन्होंने 2024 से इस मामले पर लगातार शिकायतें की हैं। इसमें शामिल हैं। मई 2024 में चुनाव आयोग को आपत्ति, 2024 में हाईकोर्ट में PIL (जिसे खारिज कर MHA को जवाब देने को कहा गया), जुलाई 2024 में गृह मंत्रालय को विस्तृत शिकायत और वीडियो सबूत, तथा 2025 में BNSS की धारा 173(4) के तहत रायबरेली की ACJM कोर्ट में FIR की मांग।

याचिकाकर्ता का मुख्य दावा यह है कि राहुल गांधी ने ब्रिटेन की एक कंपनी के वार्षिक रिटर्न में खुद को ब्रिटिश नागरिक बताया और लंदन का पता दिया। उनके पास यूके सरकार के कुछ 'गुप्त ईमेल और दस्तावेज' भी होने का दावा है। उन्होंने राहुल गांधी के खिलाफ FIR दर्ज करने की मांग की है, जिसमें भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धाराएं 318, 335, 340, 236, 237, 61, 148, 147, 152, 238, 336(3), 351 आदि के साथ Official Secrets Act 1923, Passport Act 1967 और Foreigners Act 1946 भी शामिल हैं।

## कोटवा में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** कोटवा क्षेत्र में भगवान परशुराम जी के पावन जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा का आयोजन बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र में आस्था, भक्ति और सांस्कृतिक उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला।

शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने जयघोष करते हुए पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। आकर्षक झांकियों और धार्मिक ध्वजों से सुसज्जित यह यात्रा कोटवा के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग सड़क किनारे एकत्रित रहे।

झकार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर निगम प्रयागराज के नामित पार्षद अरुण कुमार मिश्रा (पिंटू नेता) भी सम्मिलित हुए। उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ शोभायात्रा में भाग लेकर आयोजन की शोभा बढ़ाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम जी का जीवन धर्म, पराक्रम और न्याय का प्रतीक है, जिससे सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने भगवान परशुराम जी से समस्त जनमानस के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही और शोभायात्रा शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

## आलोक कुमार बाजपेई उत्तर मध्य रेलवे के पैनल अधिवक्ता मनोनीत



**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आलोक कुमार बाजपेई को उत्तर मध्य रेलवे के जिला अधीनस्थ न्यायालय में पैनल अधिवक्ता में नियुक्त किया गया है। श्री आलोक बाजपेई रेलवे के मुकदमों की रेलवे विभाग की पैरवी करेंगे। आलोक कुमार वरिष्ठ पत्रकार डा.कृपा शंकर बाजपेई निवासी 1/11 गायत्री नगर सलोरी प्रयागराज के सुपुत्र है जो इलाहाबाद के प्रमुख वरिष्ठ पत्रकार हैं। इनकी नियुक्ति उप महा प्रबंधक टेक्निकल उत्तर मध्य रेलवे द्वारा की गई हैं।इनकी नियुक्ति से पत्रकारों ने खुशी जाहिर की है।

## बंगाल चुनावों के लिए हाई कोर्ट ने सहायक प्रोफेसरों की नियुक्त की रद्द

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** पश्चिम बंगाल में 23 अप्रैल को पहले चरण का मतदान है। इसी बीच कलकत्ता उच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग की एक फैसले को रद्द कर दिया है। दरअसल, चुनाव आयोग ने चुनाव के लिए कुछ सहायक प्रोफेसरों को पीठासीन अधिकारी के रूप में नियुक्त करने का फैसला लिया था। पश्चिम बंगाल सरकारी कॉलेज शिक्षक संघ से संबंधित याचिकाकर्ताओं ने विधानसभा चुनावों के लिए मतदान केंद्रों में पीठासीन अधिकारी के रूप में अपनी नियुक्ति को चुनौती देते हुए आवेदन दायर किया याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि वे सहायक प्रोफेसर के पदों पर कार्यरत हैं, लेकिन उनके वेतन स्तर पर विचार किए बिना उन्हें अध्यक्ष का कार्यभार सौंप दिया गया है।

न्यायमूर्ति कृष्णा राव ने याचिकाकर्ता प्रोफेसरों की राज्य विधानसभा चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारियों के रूप में की गई नियुक्तियों को रद्द कर दिया। उन्होंने यह माना कि अधिकारी उन अपरिहार्य परिस्थितियों को दर्शाने वाला कोई दस्तावेज प्रस्तुत करने में विफल रहे जिनके आधार पर ये नियुक्तियां की गई थीं।

अदालत ने शुक्रवार को कहा कि सहायक प्रोफेसरों को 16 फरवरी, 2010 के चुनाव आयोग के परिपत्र का उल्लंघन करते हुए पीठासीन अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। उनके वकील शमीम अहमद ने कहा कि अदालत में याचिका दायर करने वाले संगठन में 300 से अधिक सदस्य हैं और कहा कि यह आदेश केवल याचिकाकर्ताओं पर ही लागू होता है

अपनी याचिका में याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि चुनाव उद्देश्यों के लिए कर्मचारियों की मांग संबंधी परिपत्र में उल्लेख किया गया है कि ग्रुप ए के समकक्ष वरिष्ठ अधिकारियों, जिनमें विश्वविद्यालयों, कॉलेजों आदि के शिक्षण कर्मचारी शामिल हैं, को मतदान केंद्र परिसर में कर्तव्यों के लिए तब तक नियुक्त नहीं किया जाना चाहिए जब तक कि 'जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा लिखित रूप में विशिष्ट कारण दर्ज न किए जाएं, जहां ऐसी नियुक्तियां अपरिहार्य हो जाती हैं।' चुनाव आयोग के वकील ने अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया कि 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को चुनाव कराने के लिए लगभग 90,000 बूथ हैं, और ऐसे में अधिकारियों के लिए वरिष्ठता सूची तैयार करना संभव नहीं है। इसमें कुछ ओवरलैपिंग हो सकती है।

## पुलिस ने रोका तो वहीं से मानी जाएगी गिरफ्तारी, 24 घंटे की सीमा कागज नहीं, वास्तविक हिरासत से तय




**ब्यूरो प्रयागराज।** पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़े एक अहम फैसले में स्पष्ट किया है कि जैसे ही पुलिस या जांच एजेंसी किसी व्यक्ति की आवाजाही रोक देती है, उसी क्षण से उसे गिरफ्तार माना जाएगा। अदालत ने कहा कि मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करने की 24 घंटे की संवैधानिक समयसीमा भी उसी समय से शुरू होगी, न कि कागजों में दर्ज गिरफ्तारी के समय से। यह मामला अमृतसर में ट्रामाडोल टैबलेट बरामदगी से जुड़ी जांच से सामने आया। याचिकाकर्ता को 31 अक्टूबर 2025 की रात करीब 11 बजे देहरादून से एजेंसी ने अपने साथ रखा और अगले दिन भी वह उनके नियंत्रण में रहा। हालांकि उसकी औपचारिक गिरफ्तारी 1 नवंबर रात 9 बजे दिखाई गई और 2 नवंबर दोपहर उसे मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया।

जस्टिस सुमित गोयल ने पाया कि याची को न्यायिक अनुमति के बिना 24 घंटे से अधिक समय तक हिरासत में रखा गया जो संविधान का उल्लंघन है। इस आधार पर अदालत ने उसकी रिहाई के आदेश दिए।

अदालत ने स्पष्ट किया कि जांच एजेंसियां पूछताछ या रोककर रखने जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर गिरफ्तारी को टाल नहीं सकतीं। यदि व्यक्ति अपनी इच्छा से कहीं नहीं जा सकता तो वह गिरफ्तारी ही मानी जाएगी। कोर्ट ने कहा कि गिरफ्तारी मेमो या पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज समय निर्णायक नहीं है। मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिए गए कि वे केवल दस्तावेजों पर निर्भर न रहें बल्कि वास्तविक परिस्थितियों को देखकर गिरफ्तारी का समय तय करें।

## दहेज हत्या के मामले में सास-ससुर गिरफ्तार

**भदोही।** थाना भदोही पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए विवाहिता को प्रताड़ित करने व हत्या के आरोपी सास-ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 1 अप्रैल 2026 को प्राप्त तहरीर में आरोप लगाया गया था कि विवाहिता के ससुराल पक्ष द्वारा पाँच लाख रुपये की मांग को लेकर लगातार शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा था।

31 मार्च 2026 को दहेज की मांग को लेकर विवाहिता की हत्या कर दी गई। मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच के दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए 19 अप्रैल को पुलिस टीम ने आरोपी सास-ससुर को प्रजापतिपुर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय भेजते हुए आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव, निकली भव्य शोभायात्रा

**जंगीगंज।** डीघ ब्लॉक के बीसा मधैना में रविवार को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशाल जुलूस और भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोग शामिल हुए। शोभायात्रा का शुभारंभ मधैना स्थित इच्छापूर्ति हनुमान मंदिर से हुआ। जुलूस बीसा से निकलकर बैरी, सुगंधपुर, केवलपुर, तलिया, इनारगांव, सेमराध, पुरवां, इब्राहिमपुर, बदरी, जगदीशपुर, गोपालपुर, केदारपुर और बेरासपुर होते हुए पुनः बीसा पहुंचकर संपन्न हुआ। पूरे मार्ग में भक्तजन हाथों में भगवा ध्वज लिए भगवान परशुराम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। इस दौरान डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों पर युवा और श्रद्धालु नाचते-झूमते नजर आए, जिससे माहौल भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना रहा। जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत भी किया। कार्यक्रम में डॉ. आजाद दूबे, मुकेश मिश्रा, मातामणि दूबे, टुनटुन दूबे, रिंकू दूबे, चंचल दूबे, रामबोला पांडेय, आलोक, रजनीश, दिलीप और पंकज दूबे सहित क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## स्पेशल टास्क फोर्स (STF) की बड़ी कार्रवाई: 50 हजार का इनामी बदमाश हरियाणा से गिरफ्तार



**प्रयागराज।** स्पेशल टास्क फोर्स (STF) प्रयागराज इकाई को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी अपराधी विकास सोरण को हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर आजमगढ़ जिले में गंभीर आपराधिक मामलों में संलिप्तता के चलते इनाम घोषित किया गया था। एसटीएफ प्रयागराज को खुफिया सूचना मिली थी कि वांछित अभियुक्त हरियाणा में छिपकर रह रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी और आरोपी को धर दबोचा। गिरफ्तारी के बाद उसे संबंधित थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी के खिलाफ अन्य मामलों की भी जांच की जा रही है।

# अतिक्रमण और ई-रिक्शा से जाम प्रयागराज में ट्रैफिक व्यवस्था बेहाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** शहर की ट्रैफिक व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह चरमरा गई है। प्रमुख चौराहों और व्यस्त बाजारों में सुबह से लेकर देर शाम तक जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आमजन का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। जहां पहले लोग 10-15 मिनट में अपने गंतव्य तक पहुंच जाते थे, वहीं अब उसी दूरी को तय करने में एक घंटे तक का समय लग रहा है। शहर के सिविल लाइंस, कटरा, चौक, कीडगंज और जॉर्जटाउन जैसे प्रमुख इलाकों में अतिक्रमण और अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था जाम की मुख्य वजह बन गई है। सड़कों के किनारे अवैध रूप से खड़े ठेले, दुकानें और पार्किंग ने रास्तों को संकरा कर दिया है। इसके साथ ही ई-रिक्शा का अनियंत्रित संचालन समस्या को और गंभीर बना रहा है। बिना तय रूट और नियमों के सड़कों पर दौड़ रहे ई-रिक्शा अक्सर बीच सड़क में सवारियां बैठाने और उतारने लगते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है। आम जनता इस समस्या से बेहद परेशान है। दफ्तर जाने वाले कर्मचारी, स्कूल-कॉलेज के छात्र और व्यापारी वर्ग रोजाना जाम में फंसकर समय और ऊर्जा दोनों गंवा रहे हैं। कई बार एंबुलेंस और आपातकालीन सेवाएं भी जाम में फंस जाती हैं, जिससे गंभीर हालात पैदा हो जाते हैं।

इसी मुद्दे को लेकर हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश पांडे 'बबुआ' ने कड़ी नाराज़गी जताई है। उन्होंने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि शहर में ट्रैफिक नियंत्रण के लिए कोई ठोस रणनीति नजर नहीं आ रही है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही अतिक्रमण हटाने और ई-रिक्शा संचालन को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति और भी भयावह हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि प्रमुख मार्गों पर सख्ती से अतिक्रमण हटाया जाए, ई-रिक्शा के लिए निर्धारित रूट तय किए जाएं और ट्रैफिक पुलिस की सक्रियता बढ़ाई जाए। साथ ही स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू कर जाम की समस्या का स्थायी समाधान खोजा जाए।

# ब्लड बैंक के संयुक्त शिविर में 37 यूनिट रक्त संग्रह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**करेलाबाग प्रयागराज।** शहर में सामाजिक सरोकारों को मजबूत करते हुए रोटरी क्लब एकेडमी एवं नाज ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वाधान में करैला बाग स्थित बेनहर स्कूल एण्ड कॉलेज के जाहिदा ऑडीटोरियम में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। 'ब्लड इज लाइफ, पास इट ऑन' थीम पर आयोजित इस शिविर में कुल 37 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। कार्यक्रम के दौरान रक्तदाताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के शिविरों का उद्देश्य लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

शिविर में शामिल सभी रक्तदाताओं ने इसे एक सामाजिक दायित्व बताते हुए भविष्य में भी नियमित रूप से रक्तदान करने का संकल्प लिया। रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करने के लिए रोटेरियन तारिक खान, डॉ. सैय्यद नाजिम अहमद, डॉ. नाज फात्मा, डॉ. विश्वदीप केसरवानी, डॉ. निहारीका केसरवानी, डॉ. आरिज क़ादरी, डॉ. आशुतोष अग्रवाल, रिज़वान खान, असरा नवाज़, आफताब अहमद, अकबर खान, अहमद उल्ला सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शिविर के समापन पर रोटरी क्लब एकेडमी एवं नाज ब्लड बैंक की ओर से सभी रक्तदाताओं को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग रक्तदान के लिए प्रेरित हो सकें।

## विद्यालय विकास पर मंथन: प्रांतीय प्रधानाचार्य कार्ययोजना बैठक में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नैनी, प्रयागराज।** सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र में आयोजित चार दिवसीय प्रांतीय प्रधानाचार्य कार्ययोजना बैठक के तृतीय दिवस पर विद्यालयों के समग्र विकास को लेकर व्यापक चर्चा की गई। इस अवसर पर सह क्षेत्रीय संगठन मंत्री डॉ. राम मनोहर जी एवं काशी प्रांत के प्रदेश निरीक्षक शेषधर द्विवेदी जी ने विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर अपने विचार रखे।बैठक में शिक्षण कार्य की गुणवत्ता सुधारने, छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास तथा विद्यालयों में अनुशासन को और सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही, शिक्षकों को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए गए। अभिभावकों के साथ नियमित संवाद स्थापित करने तथा विद्यार्थियों की प्रगति पर सतत निगरानी रखने की आवश्यकता भी रेखांकित की गई।इस दौरान पूर्व छात्र संगठन को मजबूत करने, उनके पंजीकरण को बढ़ावा देने तथा विद्यालय विकास में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने की योजना बनाई गई। खेलकूद गतिविधियों को प्रोत्साहित करने, खिलाड़ियों के चयन एवं प्रशिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा आगामी प्रतियोगिताओं की तैयारी पर भी विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।

बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई, जिसमें राष्ट्रीय पर्वों का आयोजन, विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं प्रशिक्षण शिविर शामिल हैं। इसके अलावा विद्यालय परिसर की स्वच्छता,आकर्षक सज्जा एवं आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया।कार्यक्रम में विद्या भारती के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य–बांके बिहारी पांडे, युगल किशोर मिश्रा, अवधेश कुमार मिश्रा, गिरवर प्रसाद, दिनेश दुबे बलवंत, डॉ. राकेश सिंह, प्रभाकर सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में प्रधानाचार्य अजय कुमार मिश्र ने सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों से समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान किया और बैठक को सफल बनाने हेतु सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### दिव्यता के साथ निकलेगी राष्ट्र हनुमंत कथा मंगल कलश यात्रा आज




**नैनी, प्रयागराज** प्रयाग उत्थान समिति के द्वारा आयोजित बाबा बागेश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी की हनुमंत कथा को लेकर जोरदार तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक एवं समिति के अध्यक्ष डा उदय प्रताप सिंह ने बताया कि 20 अप्रैल को सुबह 9:00 बजे जमुना क्रिश्चियन इंटर कॉलेज से बाबा बागेश्वर धाम पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी की राष्ट्र हनुमंत कथा मंगल कलश यात्रा के साथ आगाज किया जाएगा। मंगल कलश यात्रा को चार भागों में विभाजित किया गया जो मंगल कलश मार्ग को भगवा मय कर दिया गया है।और यात्रा मार्ग में स्वागत मंच, पुष्प वर्षा, आरती पूजन, प्रसाद वितरण, पानी वितरण, की व्यवस्था की गई है जगह-जगह पर टैंकर लगाए गए हैं मोबाइल टॉयलेट और छायादार बड़े छाते की अग्निशमन वाहन एंबुलेंस वाहन की व्यवस्था की गई है। महामंत्री अभिषेक ठाकुर ने बताया कि मंगल कलश यात्रा में रामायण सीरियल के राम सांसद अरुण गोविल, सीता दीपिका चिखलिया एवं सुनील लहरी लक्ष्मण सहित पूज्य साधु संत महंत सहित सम्मानित जनप्रतिनिधि गण शामिल होंगे।

## सीपीआई सांसद ने पीएम के राष्ट्र के नाम संबोधन पर EC से शिकायत की

**● स्पष्ट उल्लंघन और सरकारी मीडिया के दुरुपयोग का आरोप लगाया।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** सीपीआई सांसद पी. संतोष कुमार ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नाम अपने हालिया संबोधन के ज़रिए आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है, और चुनाव आयोग से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने आगे कहा कि दूरदर्शन और संसद टीवी जैसे सार्वजनिक मंचों पर इस संबोधन का प्रसारण सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग था।

19 अप्रैल को लिखे एक पत्र में, कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री का संबोधन–जो ऐसे समय में दिया गया जब पांच राज्यों में आदर्श आचार संहिता लागू है– 'प्रकृति में राजनीतिक' था और इसमें 'पक्षपातपूर्ण दावे' तथा 'चुनिंदा बातें' शामिल थीं, जिनका उद्देश्य एक ऐसे मुद्दे पर जनमत को प्रभावित करना था जिस पर सक्रिय राजनीतिक मुकाबला चल रहा है। कुमार ने कहा,'जो मूल रूप से एक राजनीतिक भाषण है, उसके लिए सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित मंचों का उपयोग चुनावी मानदंडों का गंभीर उल्लंघन है। '

CPI नेता ने तर्क दिया कि ऐसे कार्य उस 'समान अवसर' को कमज़ोर करते हैं, जिसे चुनावों के दौरान सुनिश्चित करना चुनाव आयोग का दायित्व है। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्रवाई करने में विफलता आयोग की निष्पक्षता में जनता के विश्वास को खत्म कर सकती है और 'संस्थागत मिलीभगत' का संकेत दे सकती है। कुमार ने आयोग से 'तत्काल और ईमानदारी से कार्रवाई' करने, इस मामले की जांच शुरू करने और चुनावी प्रक्रिया की पवित्रता को बनाए रखने के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करने का आग्रह किया। शनिवार को अपने संबोधन में, प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों को 'भ्रूण हत्या के पाप' के लिए महिलाओं से कड़ी सज़ा मिलने की चेतावनी दी। मोदी ने महिलाओं से माफ़ी मांगी और कहा कि हो सकता है सरकार वोट हार गई हो, लेकिन वह महिलाओं को सशक्त बनाने के अपने प्रयासों को कभी नहीं छोड़ेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### करोंग्राम में श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ चार दिवसीय सूर्याहु पर्व



**करों, देवघर, झारखंड:-** करों प्रखंड के धार्मिक एवं पौराणिक महत्व वाले करोंग्राम स्थित मंडल टोला में चार दिवसीय सूर्याहु पर्व श्रद्धा, निष्ठा और भक्तिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। पर्व के अंतर्गत नहाय-खाय, खरना, अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य तथा उदयगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने की परंपरा विधि-विधान के साथ निभाई गई। इस अवसर पर साव टोला, राय टोला, केवट टोला, सिंह टोला, ओझा टोला, आचार्य टोला एवं बाउरी टोला सहित विभिन्न क्षेत्रों के सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी श्रद्धालुओं ने पंडित अरूप ओझा से आशीर्वाद लेकर मंगल टीका ग्रहण किया तथा परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। पर्व के दौरान गाजे-बाजे के साथ सिद्धार्थ तालाब में व्रतधारियों ने स्नान-ध्यान कर भगवान भास्कर को बारी-बारी से अर्घ्य अर्पित किया। इसके पश्चात घर-आंगन में पंडित अरूप ओझा के मार्गदर्शन में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। गौरतलब है कि सफेद बकरे की बलि के समय भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरे क्षेत्र में सूर्य भगवान के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मंटू मंडल सहित मंडल टोला के स्वयंसेवक भी उपस्थित रहे।

### दलदला मोड़ पर बैरियर लगाने की मांग तेज, हादसों की आशंका से ग्रामीण चिंतित

**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंड:-** गोविंदपुर-साहिबगंज हाईवे पर नारायणपुर स्थित दलदला मोड़ के पास बैरियर लगाने की मांग उठने लगी है। समाजसेवी मदन रजक ने इस संबंध में प्रशासन से पहल करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि बाजार से निकलने वाली एक सड़क सीधे हाईवे में आकर मिलती है, जिससे दलदला मोड़ पर हमेशा भीड़भाड़ की स्थिति बनी रहती है। इस दौरान तेज रफ्तार से वाहनों की आवाजाही के कारण दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है। ऐसे में वाहनों की गति नियंत्रित करने के लिए बैरियर लगाना अत्यंत आवश्यक हो गया है। मदन रजक ने कहा कि वर्तमान स्थिति बेहद चिंताजनक है, जहां थोड़ी सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि कुछ दिन पूर्व इसी स्थान पर सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो चुकी है, जिससे स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र आवश्यक कदम उठाने की मांग करते हुए कहा कि समय रहते उचित व्यवस्था नहीं की गई तो भविष्य में और भी गंभीर हादसे हो सकते हैं। इस संबंध में प्रशासन को अवगत करा दिया गया है और अब ग्रामीणों को कार्रवाई का इंतजार है।

### सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से भंडारों पंचायत में दो लाभुकों के बीच लहंगा वितरण



**बरही पूर्वी मंडल महामंत्री विनोद यादव ने जरूरतमंदो को सौंपा लहंगा**

**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से बरही प्रखंड अंतर्गत भंडारों पंचायत के विभिन्न गांवों में जरूरतमंद परिवारों के बीच सहयोग सामग्री का वितरण किया गया। इस क्रम में दो लाभुकों को लहंगा प्रदान कर सहायता पहुंचाई गई। जानकारी के अनुसार, भंडारों पंचायत के बेहराबाद एवं तैतरियां भंडारों गांव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बरही पूर्वी मंडल महामंत्री विनोद यादव ने लाभुकों को लहंगा सौंपा। इस अवसर पर समाजसेवी केदार यादव भी उपस्थित रहे और कार्यक्रम में सहयोग किया। वितरण कार्यक्रम में कुंती कुमारी, पिता महेंद्र सिंह तथा पार्वती कुमारी पति चेतलाल यादव को सम्मानपूर्वक लहंगा प्रदान किया गया। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जरूरतमंद परिवारों तक सहायता पहुंचाना सराहनीय कार्य है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल क्षेत्र की जनता से लगातार जुड़े रहते हैं और समय-समय पर जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यों से समाज में सहयोग और सेवा की भावना मजबूत होती है। बरही पूर्वी मंडल महामंत्री विनोद यादव ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का उद्देश्य केवल विकास कार्य कराना ही नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना भी है। उन्होंने कहा कि आगे भी जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए इस तरह के कार्यक्रम जारी रहेंगे।

## जेपीएससी परीक्षा देने जा रहे युवक से बरही में लूटपाट, मारपीट कर तिलैया ओवरब्रिज के पास फेंका

**●परीक्षा केंद्र जाने के नाम पर इनोवा में बैठाया, रास्ते में वारदात को दिया अंजाम**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** जेपीएससी परीक्षा देने जा रहे एक युवक के साथ लूटपाट और मारपीट की गंभीर घटना सामने आई है। कोडरमा के शिव मोहल्ला निवासी धीरज कुमार पिता मिथलेश राम ने आरोप लगाया है कि परीक्षा केंद्र पहुंचाने का झांसा देकर कुछ लोगों ने उन्हें इनोवा वाहन में बैठाया और रास्ते में मारपीट कर नकदी, मोबाइल समेत कीमती सामान लूट लिया। मामले को लेकर पीड़ित ने बरही थाना में आवेदन देकर जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, धीरज कुमार 19 अप्रैल रविवार को कोडरमा से डुमरी जेपीएससी परीक्षा देने के लिए निकले थे। वह बरही में बस का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान सुबह लगभग 4:30 बजे एक इनोवा गाड़ी, जिसका नंबर बीआर 01 डीडी 0229 बताया गया है, वहां पहुंची। वाहन में चार से पांच लोग सवार थे। पीड़ित के अनुसार, वाहन में बैठे लोगों ने कहा कि वे भी डुमरी परीक्षा देने जा रहे हैं और उन्हें साथ छोड़ देंगे। भरोसा दिलाने पर धीरज कुमार वाहन में बैठ गए। इसके बाद वाहन बरही से लगभग डेढ़ से दो किलोमीटर आगे जाने के बाद अचानक वापस मुड़ गया। धीरज कुमार का आरोप है कि वाहन में सवार लोगों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी और लूटपाट की। बदमाशों ने उनके गले में पहना लॉकेट, सोने की अंगूठी, करीब दो हजार रुपये नकद तथा मोबाइल फोन छीन लिया। विरोध करने पर उनके साथ बेरहमी से मारपीट की गई। पीड़ित ने बताया कि वारदात के बाद आरोपियों ने उन्हें तिलैया ओवरब्रिज पुल के पास वाहन से नीचे फेंक दिया और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद किसी तरह उन्होंने खुद को संभाला और पुलिस से संपर्क किया। मामले में धीरज कुमार ने बरही थाना में लिखित आवेदन देकर आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी तथा लूटे गए सामान की बरामदगी की मांग की है। पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है। पुनि सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने कहा कि आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन मिलते ही पुलिस जांच में जुट गई है। वाहन चालक एवं बदमाशों की खोजबीन में पुलिस जुट गई है।

### दहेज हत्या के अभियोग से संबंधित 02 अभियुक्त गिरफ्तार हुये

**प्रतापगढ़।** वादी निवासी ग्राम बाबूपट्टी थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ की बहन की शादी वर्ष 2020 में महेन्द्र सरोज निवासी ग्राम सिंगाही के साथ हुई थी, जहां विवाह के उपरांत पति व ससुराल पक्ष द्वारा 2 लाख रुपए दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाता था। 17अप्रैल 26 को सूचना मिलने पर वादी मौके पर पहुंचा, जहां उसकी बहन घर के अंदर बेड पर मृत अवस्था में पाई गई। वादी द्वारा आरोप लगाया गया है कि उसकी बहन की हत्या उसके पति महेन्द्र सरोज, सास रेखा तथा अन्य सह-अभियुक्तों द्वारा मिलकर की गई है। इस संबंध में थाना रानीगंज में 08 लोगों पर नामजद अभियोग पंजीकृत किया गया है। इस सिलसिले में थाना प्रभारी रानीगंज विजय कान्त सत्यार्थी के नेतृत्व में उ0नि0 सन्तोष कुमार यादव मय हमराह द्वार मुखबिर की सूचना पर धारा 85/80(1) भा0न्या0सं0 व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम- 1961 थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ से संबंधित 02 अभियुक्त/अभियुक्ता महेन्द्र सरोज पुत्र स्व0 मानिकचन्द निवासी ग्राम सिंगाही थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़, उम्र करीब 36 वर्ष व रेखा पत्नी स्व0 मानिकचन्द्र निवासिनी ग्राम सिंगाही थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़, उम्र करीब 55 वर्ष को थाना रानीगंज क्षेत्रान्तर्गत नहसिंहगढ़ पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में मनाई गई हंसराज जयंती

**●तप त्याग और निष्ठा की जीती जागती मूर्ति थे महात्मा हंसराज : प्राचार्य पुष्प कुमार झा**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** रविवार को डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में आर्य समाज के महान सपूत महात्मा हंसराज की जयंती पूरे हर्षोल्लास के साथ समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत आर्य समाज की वैदिक परंपरा हवन से की गई उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए विद्यालय के प्राचार्य पुष्प कुमार झा ने कहा कि महात्मा हंसराज स्वामी दयानंद सरस्वती के सच्चे शिष्य थे। वे तप त्याग और निष्ठा की जीती जागती मूर्ति थे। आजीवन अवैतनिक रहते हुए उन्होंने आर्य समाज की सेवा की। स्वामी दयानंद के दिखाए रास्ते पर चलते हुए डीएवी की आधारशिला रखी और प्रथम प्राचार्य होते हुए उन्होंने भारत भूमि पर वैदिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा की नींव रखी। इसी का परिणाम है कि आज का भारत शिक्षा जगत के मार्ग पर कुशलतापूर्वक अग्रसर है। उन्होंने कहा कि हमें महात्मा हंसराज से त्याग और प्रेम की भावना को सीखना चाहिए क्योंकि इसी से समाज का कल्याण हो सकता है। इनका संपूर्ण जीवन आर्य समाज के साथ-साथ मानव जगत के कल्याण के लिए समर्पित था। महात्मा हंसराज हम सबों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। यदि हम महात्मा हंसराज के दिखाए रास्ते पर अग्रसर होंगे तो हमें सफलता अवश्य प्राप्त होगी। कार्यक्रम के अंत में सबों ने यह प्रण लिया शिक्षा के माध्यम से हम पूरे भारत ही नहीं पूरे विश्व के कल्याण का बीड़ा उठाते हैं। इसके लिए हम सभी शिक्षक गण हर संभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं, कार्यालय कर्मी और ग्रुप डी कर्मी ने अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई।

### उर्स के चंदे के हिसाब को लेकर मारपीट

**दो भाई घायल, एफआईआर की मांग**

**ललितपुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र में उर्स चंदे के हिसाब को लेकर हुए विवाद में दबंगों द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। कस्साब मंडी निवासी इदरीश कुरैशी ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 18 अप्रैल 2026 की रात करीब 9.30 बजे वह शहनाई गार्डन में एक शादी समारोह में शामिल था। इसी दौरान कुछ लोग वहां एक राय होकर पहुंचे और उसके भाई इसराईल से गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर उक्त लोगों ने इसराईल के साथ लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे छोटे भाई हीरा पर भी आरोपियों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई और वह खून से लथपथ हो गया। घटना के बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने आरोप लगाया कि घटना के पीछे उर्स के चंदे के हिसाब को लेकर विवाद है।

## पाकुड़िया प्रखंड के ग्रामीण इलाकों में गहराई पेयजल संकट

**●तालवा सहित कई गांवों में खराब पड़े नलकूप, मरम्मत नहीं होने से बढ़ी परेशानी**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड:-** प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों पेयजल संकट गंभीर रूप लेता जा रहा है। बढ़ती गर्मी और जलस्तर में गिरावट के कारण हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी लोगों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण महिलाओं के अनुसार कचूवाबथान, धवाडंगाल, तालवा, पात पहाड़ी, बथान पहाड़ी सहित कई गांवों में पेयजल की स्थिति चिंताजनक है। अधिकांश नलकूप खराब पड़े हैं, जबकि कई जगहों पर नलकूपों से बहुत कम पानी निकल रहा है, जिससे दैनिक उपयोग के लिए पानी जुटाना कठिन हो गया है। तालवा, कचूवाबथान, धवाडंगाल, रामघाटी राय टोला और पलियादह के विभिन्न टोले में महिलाओं को मजबूरीवश पुराने एवं जर्जर खुले कुओं से पानी भरना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई स्थानों पर नलकूप उपलब्ध ही नहीं हैं, और जहां हैं भी, वहां लंबे समय से उनकी मरम्मत नहीं की गई है। महिलाओं ने बताया कि यदि खराब नलकूपों और पुराने कुओं की समय पर मरम्मत कर दी जाए, तो पेयजल संकट काफी हद तक कम हो सकता है। ग्रामीणों ने पंचायत प्रतिनिधियों और जल एवं स्वच्छता विभाग से इस दिशा में शीघ्र ठोस पहल करने की मांग की है, ताकि लोगों को पानी के लिए हो रही परेशानियों से राहत मिल सके।

## इंगुनिया में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनी भगवान परशुराम जयंती

**●पूजा-अर्चना, पुष्पांजलि और विचार गोष्ठी में उमड़ा जनसमूह, आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड:-** प्रखण्ड के इंगुनिया में भगवान परशुराम जयंती बड़े ही धूमधाम, भक्ति और श्रद्धा के वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना से हुई, जिसमें वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान परशुराम का पूजन संपन्न किया गया। इसके पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने भगवान परशुराम के जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि वे केवल पराक्रम और साहस के प्रतीक ही नहीं, बल्कि सत्य, धर्म और न्याय के रक्षक भी थे। उनके जीवन से हमें अन्याय के खिलाफ खड़े होने, समाज में नैतिक मूल्यों को स्थापित करने और धर्म के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा मिलती है। वक्ताओं ने युवाओं से विशेष रूप से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम स्थल पर पूरे समय भक्ति गीतों और जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा। आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जिससे आयोजन में खासा उत्साह देखने को मिला।

इस अवसर पर मार्गदर्शक मंडली में राम लगन सिंह, रामबृक्ष सिंह, सीताराम सिंह, रामावतार सिंह, दिनेश सिंह, राम कृपाल सिंह, राम सेवक सिंह, भगवान सिंह, महेश सिंह, अर्जुन सिंह, रामानंद पांडेय, राम केश्वर सिंह, रामफल सिंह, राज किशोर सिंह, राम प्रकाश सिंह, धनंजय सिंह, अजय सिंह, सुभन शर्मा, रंजीत सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वहीं आयोजनकर्ता के रूप में शिव कुमार सिंह, सुबोध सिंह, आशुतोष सिंह, अरविंद कुमार सिंह, दिलीप सिंह, नवीन सिंह, मृत्युंजय सिंह, काजू सिंह, सुजीत सिंह, सुदामा सिंह, अरबिंद सिंह, राकेश सिंह, सिद्धेश सिंह, राजेश सिंह, कौशल किशोर, शशि सिंह, टिंकू सिंह, मंतोष सिंह, चंदन सिंह, बसंत पांडेय, नीलेश सिंह, आनंद सिंह, पवन सिंह, पल्लू सिंह, बीरेंद्र सिंह, धीरेंद्र सिंह, सोनु सिंह, सीटू सिंह, प्रभु सिंह, विकास सिंह, अभिजीत सिंह, जुगनू सिंह, प्रेम सागर सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। समापन के दौरान आयोजकों ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक और धार्मिक आयोजनों को निरंतर जारी रखने की बात कही।

## चरही घाटी के प्राचीन नन्हे हनुमान मंदिर के नवनिर्माण को लेकर तेज़ हुई पहल

**●मेयर अरविंद राणा और समाजसेवी टोनी जैन ने संभाली कमान**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हज़ारीबाग, झारखंड:-** चरही घाटी स्थित प्राचीन एवं आस्था के प्रमुख केंद्र नन्हे हनुमान जी मंदिर के नवनिर्माण एवं विकास को लेकर अब मुहिम तेज़ हो गई है। इस धार्मिक पहल को आगे बढ़ाने में हजारीबाग के मेयर अरविंद राणा और समाजसेवी टोनी जैन की सक्रिय भूमिका सामने आ रही है, जिससे श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। यह मंदिर वर्षों से क्षेत्रवासियों की अटूट आस्था का केंद्र रहा है। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से की गई पूजा-अर्चना से भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण होती है और संकटमोचन नन्हे हनुमान जी सभी कष्टों का निवारण करते हैं। यही कारण है कि इस पवित्र स्थल के विकास को लेकर जनसहभागिता बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। मेयर अरविंद राणा ने मंदिर परिसर के नवनिर्माण को लेकर विशेष पहल करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक मंदिर नहीं, बल्कि क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि अधिक से अधिक संख्या में मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना करें और निर्माण कार्य में अपना सहयोग दें। वहीं, समाजसेवी टोनी जैन ने इस अभियान को जनआंदोलन का रूप देने पर जोर देते हुए कहा कि मंदिर का भव्य निर्माण तभी संभव है जब हर श्रद्धालु अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि यह हम सभी का कर्तव्य है कि हम अपनी आस्था के इस केंद्र को और सशक्त व भव्य बनाएं। इस बीच मंदिर समिति ने चरही घाटी को फूलों की घाटी के रूप में विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना भी बनाई है, जिस पर आगामी जून माह से कार्य शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही घाटी को एक आकर्षक बैठने योग्य स्थल (सिटिंग प्लेस) के रूप में विकसित करने के लिए जिला परिषद अध्यक्ष उमेश कुमार मेहता एवं जिप सदस्य चुरचू करमाली भी सक्रिय रूप से प्रयासरत हैं। योजना के तहत मंदिर का निर्माण सैंड स्टोन से भव्य स्वरूप में किया जाएगा। साथ ही, सीसीएल की ओर से सीएसआर के तहत घाटी में सेल्फी प्वाइंट, मास्ट लाइट सहित अन्य आधारभूत सुविधाएं विकसित किए जाने की भी पहल की जा रही है, जिससे यह स्थल धार्मिक के साथ-साथ पर्यटन के दृष्टिकोण से भी आकर्षण का केंद्र बन सके। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का मानना है कि अरविंद राणा और टोनी जैन के नेतृत्व में यह पहल निश्चित रूप से एक बड़ा स्वरूप लेगी और आने वाले समय में मंदिर एक भव्य धार्मिक एवं पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित होगा। आइए, हम सब मिलकर इस पवित्र धाम के नवनिर्माण में भागीदार बनें और अपनी संस्कृति व आस्था को और मजबूत करें।

## मंडलकारा पाकुड़ में जेल अदालत सह मेडिकल कैंप का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पाकुड़, झारखंड:-** झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ दिवाकर पांडेय के निर्देश पर सचिव रूपा बंदना किरो की अध्यक्षता में मंडलकारा पाकुड़ में जेल अदालत सह चिकित्सीय जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बंदियों के हित में विधिक जानकारी दी गई।उक्त कार्यक्रम के तहत सचिव रूपा बंदना किरो ने बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों, मुफ्त कानूनी सहायता और प्ली-बार्गेनिंग जैसे प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी ।इस कार्यकम के उद्देश्य विचाराधीन कैदियों को राहत प्रदान करना है। जिसके माध्यम से उनके वाद के पैरवी के लिए निःशुल्क अधिवक्ता मुहैया कराने समेत कानूनी सहायता प्रदान को लेकर जानकारी दी गई। इस शिविर का मकसद बंदियों को त्वरित न्याय दिलाने, उनके वाद की स्थिति बताने और उनके स्वास्थ्य संबंधी अधिकारों के प्रति सजगता बढ़ाने को लेकर बंदियों के हित में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। लीगल एड डिफेंस कॉन्सिल सिस्टम के डिप्टी चीफ संजीव कुमार मंडल एवं सहायक अज़फ़र हुसैन विश्वास ने संयुक्त रूप से मध्यस्थता के बारे में वाद का निष्पादन को लेकर विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान बंदियों के वाद से संबंधित बातों और समस्या को सुना गया। एवं मेडिकल शिविर द्वारा बंदियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के सचिव रूपा बंदना किरो, डॉक्टर एस के झा, लीगल एड डिफेंस कॉन्सिल सिस्टम के डिप्टी चीफ मो नुकुमुद्दीन शेख, संजीव कुमार मंडल, एलएडीसीएस के सहायक अज़फ़र हुसैन विश्वास जेल के प्रशासनिक अधिकारियों समेत अन्य मौजूद रहे।

### जाखलौन पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के 5 हजार वापस कराए

**पीड़ित के चेहरे पर लौटी मुस्कान**

**ललितपुर।** साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जाखलौन पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए ऑनलाइन धोखाधड़ी के शिकार व्यक्ति के 5 हजार रुपये वापस कराए हैं। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन तथा एडीजी कानपुर जोन और डीआईजी झांसी परिक्षेत्र के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई के तहत ग्राम पटौराखुर्द निवासी प्रेम सिंह पुत्र हनुमंत सिंह के साथ हुई वित्तीय ठगी के मामले में त्वरित कार्रवाई की गई। पीड़ित द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। थाना जाखलौन पुलिस ने बैंक स्टेटमेंट एवं अन्य दस्तावेजों का तकनीकी विश्लेषण कर संबंधित बैंकों व वित्तीय एजेंसियों से समन्वय स्थापित किया। तत्पश्चात उचित माध्यम से संपर्क कर धोखाधड़ी की राशि को होल्ड कराया गया और नियमानुसार 5 हजार रुपये की धनराशि पीड़ित के खाते में वापस कराई गई। राशि वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक एवं जाखलौन पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए उनकी सराहना की। इस कार्यवाही में थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह, उपनिरीक्षक विनय कुमार, कांस्टेबल (ग्रेड-बी) विवेक राज मिश्र एवं कांस्टेबल अजयपाल सिंह शामिल रहे।

### सम्प्रेक्षण गृह में 35 किशोरों का स्वास्थ्य परीक्षण

**व्यवस्थाओं का किया गया निरीक्षण**

**ललितपुर।** उच्च न्यायालय जुवेनाइल जस्टिस कमेटी इलाहाबाद एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोक कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में शनिवार को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में निरीक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव देवप्रिय सारस्वत एवं सीएमओ द्वारा नामित चिकित्सीय टीम के संयुक्त तत्वावधान में सम्प्रेक्षण गृह में रह रहे 35 किशोरों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ नशे एवं मादक पदार्थों के सेवन की संभावनाओं से संबंधित परीक्षण भी किए गए तथा किशोरों को आवश्यक चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया गया। चिकित्सीय टीम ने किशोरों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का मूल्यांकन करते हुए उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

## राजेश कुमार साहू को मिला एफपीओ आइकन ऑफ इंडिया अवार्ड 2026 सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** भारतीय कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए विकास पथ फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजेश कुमार साहू को प्रतिष्ठित एफपीओ आइकन ऑफ इंडिया अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान नई दिल्ली स्थित एनएएससी कॉम्प्लेक्स (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद) में आयोजित मेक इंडिया ऑर्गेनिक एंड नेचुरल प्रोग्राम 2026 के दौरान प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि कृषि आयुक्त डा.पी.के. सिंह ने राजेश साहू को यह पुरस्कार प्रदान किया और उनके कार्यों की सराहना की। यह सम्मान कृषि जागरण द्वारा आयोजित क्रॉप आइकन अवार्ड्स के अंतर्गत दिया जाता है, जिसमें देशभर के उत्कृष्ट किसानों, एफपीओ और कृषि क्षेत्र में नवाचार करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाता है। राजेश कुमार साहू के नेतृत्व में विकास पथ एफपीओ ने किसानों को संगठित कर उनकी आय बढ़ाने और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने में अहम भूमिका निभाई है। एफपीओ के माध्यम से किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य मिल रहा है। साथ ही जैविक एवं प्राकृतिक खेती को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। एफपीओ द्वारा उन्नत बीज, संतुलित उर्वरक उपयोग और वैज्ञानिक खेती की पद्धतियों को अपनाने के लिए किसानों को प्रेरित किया गया है, जिससे उत्पादन और गुणवत्ता दोनों में सुधार हुआ है। राजेश साहू ने कहा कि यह सम्मान विकास पथ एफपीओ से जुड़े सभी किसानों और सहयोगियों की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने भविष्य में भी किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को टिकाऊ बनाने के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

## मानदेय भुगतान नहीं होने से नाराज मनरेगा कर्मियों ने किया कलम बंद हड़ताल

**● पांच माह से मानदेय न मिलने से कर्मियों के सामने खड़ा हुआ आर्थिक तंगी और परिवार के भरण-पोषण का संकट**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** विकास खंड नौतनवां में शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को धरातल पर उतारने वाले मनरेगा कर्मियों के सब्र का बांध आखिरकार टूट गया। पिछले पांच महीनों से बकाया मानदेय और डेढ़ साल से अधिक समय से ईपीएफ कटौती की धनराशि जमा न होने से आक्रोशित कर्मियों ने सामूहिक रूप से कलम बंद हड़ताल का बिगुल फूंक दिया है। कर्मियों ने दो टूक चेतावनी दी है कि जब तक उनकी वाजिब मांगों का निस्तारण नहीं होता तब तक विकास खण्ड का कोई भी मनरेगा संबंधी कार्य नहीं किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में शनिवार को दर्जनों कर्मियों ने खण्ड विकास अधिकारी अमित कुमार मिश्र को संबंधित पत्र एडीओ आईएसबी बिस्मिल्लाह खान को सौंपते हुए प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। कर्मियों का आरोप है कि वे विपरीत परिस्थितियों में भी ग्रामीण विकास के लक्ष्यों को पूरा करने में जुटे रहते हैं, लेकिन प्रशासन उनके हितों की अनदेखी कर रहा है। शिकायती पत्र के अनुसार सितंबर 2024 से अब तक ईपीएफ की धनराशि का भुगतान नहीं किया गया है, जो सीधे तौर पर कर्मियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। इसके अलावा पिछले पांच महीनों से मानदेय न मिलने के कारण कर्मियों के सामने आर्थिक तंगी और परिवार के भरण-पोषण का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। हड़ताल के कारण नौतनवां ब्लॉक के समस्त ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत होने वाले निर्माण कार्य, मस्टरोल फीडिंग और ऑनलाइन मॉनिटरिंग का काम पूरी तरह ठप हो गया है। कर्मियों का कहना है कि मानदेय वृद्धि और बकाया भुगतान को लेकर वह लंबे समय से मांग कर रहे थे, लेकिन केवल आश्वासन मिलने के कारण उन्हें 17 अप्रैल से 25 अप्रैल तक हड़ताल पर जाने का कड़ा फैसला लेना पड़ा है। ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण मणि त्रिपाठी ने कहा कि बिना मानदेय और ईपीएफ के कर्मी स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। यदि 25 अप्रैल तक हमारी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्य की गति रुकने से मजदूरों के भुगतान पर भी संकट के बादल मंडराने लगे हैं।

इस अवसर पर चतुर्भुजा सिंह, राजू तिवारी, उदयराज, अमित कुमार, मोहन प्रसाद, रामकुंडल गुप्ता, विजय कुमार गुप्ता, इंद्रजीत, रामसकल यादव, दीनानाथ, शिवेश पाण्डेय, महेश कुमार, रिंकी, संजू देवी, सहित भारी संख्या में रोजगार सेवक मौजूद रहे।

## तालबेहट में सूने घर को बनाया निशाना, लाखों के जेवर व नकदी पार

**तालबेहट ।** कस्बे के अंजनी नगर इलाके में चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाते हुए जेवरात और नकदी पार कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ जांच पड़ताल शुरू कर दी है। अंजनी नगर निवासी मंजू पत्नी देवेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 18 अप्रैल को वह अपने परिवार के साथ ग्वालियर में बीमार भाई को देखने गई थीं। इस दौरान घर पर ताला लगा हुआ था। उसी दिन शाम करीब 4 बजे जब वह वापस लौटीं तो घर का नजारा देख हैरान रह गई। बताया कि घर के अंदर अलमारी खुली पड़ी थी, छत का दरवाजा भी खुला था और सामान बिखरा पड़ा था। अज्ञात चोर छत के रास्ते घर में घुसे और अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात व करीब 20 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान में चार सोने की अंगूठियां, चार जोड़ी चांदी की पायलें (करीब 700 ग्राम) और करीब 5 हजार रुपये की आर्टिफिशियल ज्वेलरी शामिल है। पीड़िता ने आसपास तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जांच पड़ताल की। स्थानीय लोगों में घटना को लेकर डर का माहौल है।

## संक्षिप्त खबरें

### बाइक की टक्कर से सेवानिवृत्त अध्यापक की हुई मौत

**कोंच(जालौन)-** उरई-कोंच रोड पर शनिवार शाम एक दर्दनाक हादसे में सेवानिवृत्त अध्यापक की जान चली गई। वह घर का कूड़ा डालकर लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उन्हें पहले सीएचसी और फिर जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां से कानपुर ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम इमलौरी निवासी जगत प्रसाद निरंजन (65) उत्तराखंड में शिक्षक पद से सेवानिवृत्त थे। रिटायरमेंट के बाद उन्होंने कोंच में मथुरा प्रसाद महाविद्यालय के पास मकान बनवाया था, जहां वह पत्नी राजकुमारी के साथ रह रहे थे। शनिवार शाम वह उरई-कोंच रोड पार कर सीएचसी की तरफ कूड़ा डालने गए थे। कूड़ा डालकर वापस लौटते समय सड़क पार करते वक्त तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें सीएचसी पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों ने स्थिति नाजुक होने पर उन्हें कानपुर के लिए रेफर किया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक के परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा और एक बेटी है। बेटा बिजली विभाग में जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत है और उसकी शादी हो चुकी है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### ब्राह्मण समाज ने मनाई भगवान परशुराम की जयंती



**ओबरा /सोनभद्र-** अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज ओबरा द्वारा रविवार को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर भगवान परशुराम की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई।इस दौरान ब्राह्मण समाज कार्यालय ओबरा पर ब्राह्मण बंधु एकत्रित होकर भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना की और उनके आदर्शों को याद किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष नंदलाल पांडेय ने कहा कि अक्षय तृतीया को भगवान विष्णु जी के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव है। यह दिन ज्ञान, साहस और अन्याय के अंत का प्रतीक है। भगवान परशुराम को चिरंजीवी (अमर) माना जाता है, जिन्होंने अधर्म का नाश कर धर्म की स्थापना की थी।इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के देवानन्द मिश्र,डॉ एके पाण्डेय,उमा शंकर तिवारी,डॉ जीएन पाठक,अगस्त शुक्ला,नर सिंह त्रिपाठी,एल बी पाण्डेय,श्याम जी पाठक,कृष्ण मोहन तिवारी,कृपा शंकर देव पाण्डेय,परमेश्वर पाण्डेय,संजीव धर दूबे,लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी,जवाहर पाण्डेय पुनीत पाण्डेय साहित तमाम ब्राह्मण बंधु उपस्थित रहे।

### रामपुर बरकोनिया पुलिस को मिली सफलता, पशु तस्कर धराया



**गौ तस्करी पर प्रभावी कार्रवाई, 02 राशि गोवंश सकुशल बरामद**

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश –** पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकारी सदर राज सोनकर के पर्यवेक्षण में जनपद में गौ-तस्करी, अन्तर्राज्यीय गौ-तस्करों एवं वांछित/पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।दिनांक 19.04.2026 को समय करीब 01:00 बजे रात्रि में थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम बरकोनिया स्थित पुराने पंचायत भवन के आगे पुलिया के पास से अभियुक्त संजय ठाकुर पुत्र गोरख ठाकुर निवासी हुसरु थाना खरौंधी, जनपद गढ़वा (झारखण्ड), हाल पता ग्राम दिनारी थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद सोनभद्र, को गिरफ्तार किया गया । मौके से 02 राशि गोवंश बरामद किया गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना रामपुर बरकोनिया पर मु0अ0सं0 41/26 धारा 3/5 A/5B/8 उ0प्र0 गौ हत्या निवारण अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 रामनिवास यादव, थाना रामपुर बरकोनिया, का0 दीपक मिश्र शामिल रहे।

## डीएवी एनयूपीपीएल के छात्रों का दसवीं बोर्ड परीक्षा में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन - डॉ. आशुतोष मिश्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर कानपुर नगर।** एनयूपीपीएल पब्लिक विद्यालय में कक्षा दसवीं की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में 90% एवं उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कुल 36 विद्यार्थियों में से 16 विद्यार्थियों ने 90% एवं उससे अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उल्लास, गर्व एवं उत्साह का वातावरण देखने को मिला। विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को पुष्पमालाएँ पहनाकर तथा उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के चेयरमैन एवं एनयूपीपीएल के सीईओ एस. दुरई कुमार, विद्यालय प्रबंधक आनंद स्वरूप सारस्वत, डीजीएम (एचआर) कौशिक भर एवं एसीएम (एचआर) डॉ. के. पी. बीनू ने अपने आशीर्वचनों में कहा, विद्यार्थियों की यह सफलता उनके परिश्रम, अनुशासन एवं समर्पण का परिणाम है। हम सभी उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा के उत्कृष्ट परिणामों पर अभिभावकों ने विद्यालय की शिक्षण पद्धति, अनुशासन एवं व्यक्तिगत मार्गदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा, 'विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर कार्य कर रहा है। साथ ही, शिक्षकों के समर्पण एवं प्रबंधन की दूरदर्शिता की भी प्रशंसा की । समारोह में प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष मिश्रा ने अपने वक्तव्य में कहा, 'यह सफलता विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, अभिभावकों के सहयोग एवं शिक्षकों की निष्ठा का परिणाम है। हमारा उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं है, बल्कि संस्कारयुक्त, आत्मविश्वासी एवं जिम्मेदार नागरिकों का निर्माण करना है।

### जन समस्याओं को लेकर भाजयुमो मंडल अध्यक्ष ने राज्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन, दिया आश्वासन



**डाला /सोनभद्र-** क्षेत्र की जन समस्याओं को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अरविंद सोनी ने उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री संजीव सिंह गोंड को जन समस्या के निवारण के लिए रविवार को ज्ञापन पत्र सौंपा। श्री सोनी ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया की विकास खंड चोपन स्थित ग्राम पंचायत बिल्ली मारकुंडी के वार्ड नंबर 9 मां शारदा कॉलोनी में विगत कई वर्षों से पर्याप्त प्रकाशित व्यवस्था न होने के कारण रहवासियों को आवागमन में खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि उक्त वार्ड में घनी आबादी निवास करती है, वहीं रात में अंधकार होने की वजह से राहगीरों का चल पाना दुभर हो जाता है, जिससे कोई भी अप्रिय घटना दुर्घटना घटित हो सकती है। राज्य मंत्री संजीव सिंह गोंड ने आश्वासन दिया कि जल्द ही उक्त वार्ड में प्र्यास प्रकाशित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी।

## मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की ओर सशक्त पहल

**● महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश-** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों–जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य–पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया।इस क्रम में विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं हझक्साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

## भगवान परशुराम की धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा

**● महारानी लक्ष्मीबाई के रूप धारण किए अश्वारोही बालिकाएं व ब्राह्मण महापुरुषों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कोंच(जालौन)-** भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर रविवार को नगर में बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे और जयघोष के साथ पूरे नगर को भक्तिमय माहौल में सराबोर कर दिया। जोश से भरे युवा 'जब-जब ब्राह्मण बोला है, राज सिंहासन डोला है' की गगनभेदी गर्जना करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा का शुभारंभ राम कुंड परिसर से विधिवत भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना और आरती उतार कर किया गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में विप्र समाज के लोग, युवा और बच्चों के अलावा अन्य समाजों के लोग भी शामिल हुए। यात्रा में घोड़ों पर सवार महारानी लक्ष्मीबाई की आकर्षक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इसके साथ ही ब्राह्मण महापुरुषों की झांकियां भी शोभायात्रा में शामिल रहीं। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। यात्रा मार्ग में कई जगह पेयजल, शर्बत, शिकंजी आदि की व्यवस्था की गई थी। शोभायात्रा रामकुंड से मुख्यमार्ग मार्कंडेयश्वर तिराहा, रेलवे क्रासिंग, सागर चौकी तिराहा, चंदकुआं चौराहा, स्टेट बैंक, अमरचंद्र महेश्वरी इंटर कॉलेज होते हुई बजरिया पावर हाउस से ब्राम्हण महासभा परिसर बजरिया पहुंची जहां शोभायात्रा का समापन किया गया। ब्राह्मण महासभा परिसर स्थित भगवान परशुराम मंदिर में श्रीविग्रह का विधि-विधान के साथ अभिषेक और हवन-पूजन कर जन्मोत्सव मनाया गया। आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने भगवान परशुराम के आदर्शों को अपनाने का संदेश देते हुए समाज में एकता और सद्भाव बनाए रखने की अपील की। वक्ताओं ने यह भी कहा कि अपने बच्चों को शिक्षित करें और अच्छे संस्कार डालें, ब्राह्मणोचित आचरण करें तभी मान-सम्मान बना रह सकता है। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस बल भी तैनात रहा। शोभायात्रा में विधायक मूलचंद्र निरंजन, पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व राज्यमंत्री हरिओम उपाध्याय, ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष धर्मेंद्र बबेले, महामंत्री रंजन गोस्वामी, राघवेंद्र तिवारी, सर्वाचरण वाजपेयी, ओमप्रकाश कौशिक, आनंद दुवे, दिनेश दुवे, पुरुषोत्तमदास रिछारिया, राजेंद्र भारद्वाज, गंगाचरण वाजपेयी, प्रभु दयाल गौतम, माधौगढ़ विधानसभा बसपा प्रभारी/प्रत्याशी आशीष पांडे, विज्ञान विशारद सीरौठिया, अखिलेश बबेले, राजेश मिश्रा, अजय रावत, राहुल तिवारी कैलिया, निर्मल गोस्वामी, राजू खेमरिया, विजय रावत, आशुतोष रावत, अखिलेश व्यास, विपिन शाण्डिल्य, विवेक द्विवेदी, सुमित रिछारिया, शैलेंद्र बसेड़िया, सुनीलकांत तिवारी, विनोद दरोगाजी, रामसिया तिवारी, राममोहन रिछारिया, हरिश्चंद्र तिवारी, सिद्धार्थ दीवोलिया, विनोद पांडे, अनुरुद्ध मिश्रा, राजेंद्र दुबे, प्रभात उदैनिया, अमित उपाध्याय, संतोष तिवारी, सुनील शर्मा, गौरव तिवारी, विक्की चतुर्वेदी, शिवांग दुबे, भास्कर दुबे, जयप्रकाश रावत, अभिषेक रिछारिया, नरेंद्र दुबे लल्लन भेंड़, मृदुल दांतरे, शुभम तिवारी, अवधेश द्विवेदी, संजीव तिवारी, राजू महाराज, आनंद पचौरी आदि मौजूद रहे।

**जगह जगह स्वागत हुआ शोभायात्रा का**

कोंच। पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने पालिका सभासदों महेंद्र सिंह कुशवाहा, अशोक गुर्जर, विनोद सोनी आदि के साथ अपने आवास पर शोभायात्रा का भव्य स्वागत कर तिलक किया और यात्रा में शामिल लोगों को शीतल पेय पिलवाया। भगवान परशुराम की शोभायात्रा में अन्य समाजों एवं समाज सेवियों ने भी बढ़चढ़ कर सहभागिता की। पूरे शोभायात्रा रूट पर जगह जगह जलपान की व्यवस्था की गई थी। नासिर पेट्रोल पंप पर सपा नगर अध्यक्ष अमित यादव द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई। सेठ सौरभ राठौर के आवास के पास राठौर सेवा समिति के द्वारा पानी और शिकंजी की व्यवस्था की गई, छावला की पुलिया पर आरिफ बादशाह द्वारा भी जलपान की व्यवस्था की गई, ऑयल मील पर शर्बत की व्यवस्था की गई थी।

## केवाल में ब्राह्मण समाज ने धूम धाम से मनाई भगवान परशुराम की जयंती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोन /सोनभद्र-** अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज कोन द्वारा रविवार को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर के कोन थाना क्षेत्र के केवाल गाँव में भगवान परशुराम की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम की प्रतिमा के विधि-विधान से गंगाजल द्वारा अभिषेक के साथ हुई। इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने भगवान को अंग वस्त्र, यज्ञोपवीत, तिलक चंदन अर्पित कर माल्यार्पण किया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन-पूजन संपन्न हुआ, जिससे पूरे मंदिर परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ।हवन और पूजा-अर्चना के उपरांत आरती की गई, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आरती के बाद सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान भगवान परशुराम के आदर्शों और उनके जीवन चरित्र पर भी प्रकाश डाला गया, जिससे लोगों को धर्म, साहस और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिली। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सच्चिदानंद तिवारी ( पूर्व पुलिस क्षेत्राधिकारी ) ने कहा कि अक्षय तृतीया को भगवान विष्णु जी के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव है। यह दिन ज्ञान, साहस और अन्याय के अंत का प्रतीक है। भगवान परशुराम को चिरंजीवी (अमर) माना जाता है, जिन्होंने अधर्म का नाश कर धर्म की स्थापना की थी।इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के उपाध्यक्ष शशांक मिश्रा, सुशील चतुर्वेदी, अजय चतुर्वेदी, अनुपम त्रिपाठी , सतीश तिवारी, विद्यानंद तिवारी, वाचस्पति त्रिपाठी , संजय चतुर्वेदी, संदीप, कृपानंद तिवारी, अमरेश पाण्डेय, दिलीप त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी हृदय निवास पाण्डेय साहित तमाम ब्राह्मण बंधु उपस्थित रहे।सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया और धार्मिक आयोजन की गरिमा को बढ़ाया।

### तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर एक की मौत, दूसरा घायल

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रहे ट्रक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। मध्य प्रदेश के छतरपुर जनपद निवासी मनोज सेन पुत्र वनमाली सेन अपने बहनोई मथुरा प्रसाद सेन के साथ मोटर साइकिल से रिश्तेदारी में निमंत्रण देने ललितपुर आए थे। 9 अप्रैल को दोपहर करीब 2 बजे जब दोनों मसौरा बैरियर के पास जिजयावन तिराहे पर पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक नंबर आर.जे. 32 जी 7684 ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों लोग सड़क पर गिर गए, जिसमें मथुरा प्रसाद सेन के ऊपर ट्रक का पहिया चढ़ गया, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं मनोज सेन को शरीर में कई गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पीड़ित द्वारा बाद में दी गई तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने बीएनएस की धारा 281, 125(बी) और 106 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## परशुराम जयंती पर काव्यार्चन का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश –** शहीद स्थल प्रबंधन ट्रस्ट करारी सोनभद्र के तत्वावधान में रविवार शाम भगवान् परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में काव्यार्चन का आयोजन करारी शहीद स्थल पर किया गया। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कवि शिवदास चंदौली, मुख्य अतिथि अजय चतुर्वेदी कक्का व विशिष्ट अतिथि गण दिवाकर दिवेदी मेघ व कौशल्या कुमारी चौहान शिक्षक ने मंत्रोच्चारण के बीच भगवान् परशुराम व मां शारदे तथा अमर? शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण दीपदान कर विधिवत् आयोजन का शुभारंभ किया। वाणी वंदना करते हुए सोन संगीत फाउंडेशन के सुशील मिश्रा ने जगमग जोत जरादा जननी सबके रहिया दिखा दा हो सस्वर सुनाकर सबको आनंदित किये। ओज की कवयित्री कौशल्या कुमारी चौहान ने दुष्टों का कर दूंगी नाश मैं दुर्गा भवानी हूँ सुनाकर वाहवाही लूटी। सफल संचालन कर रहे अशोक तिवारी एडवोकेट ने, अंधकार का नाश करो जनजन का संत्रास हरो राम परशु लेकर आओ धर्म ध्वजा आकाश करो सुनाकर महफ़िल लूट लिया। मुख्य अतिथि अजय चतुर्वेदी कक्का ने ,मेरे पूर्वज संस्कृति पर जो भी हमला बोलेगा, उनको सबक सिखायेंगे हम मौन नहीं रह सकते हैं सुनाकर समसामयिक अभिव्यक्ति से गंभीर चिंतन दिये सराहे गये। दिवाकर दिवेदी मेघ ने भगवान् परशुराम काव्यार्चन करते हुए, शक्ति साहस शौर्य सेवा सत्य शिव व्यवहार दे, लेकर फरशा परशु अपना मनुजता को धार दे तथा आदमी अब कितना रह गया है आदमी सुनाकर गतिज उर्जा संचरण किये। प्रदुम्न त्रिपाठी एडवोकेट आयोजक ने , परशुराम के वंशज हो तो राह पर उनके चलना सीख, सदा आचरण हेतु मनुजता , जाग पर उनके रहना सीख सुनाकर लोगों को सोचने पर विवस किया। विवेक चतुर्वेदी ने शायरी सुनाकर वाहवाही देर तक लूटते रहे। धर्मेश चौहान एडवोकेट ने देश वंदना कर काव्यार्चन को सफल बनाये। दयानंद दयालू अनमोल मणि ऋषभ त्रिपाठी अशोक तिवारी लेखपाल, सुनील तिवारी वरिष्ठ पत्रकार विजय विनीत सुधाकर पांडेय स्वदेश प्रेम दिलीप सिंह दीपक ने हास्य व्यंग्य ओज श्रृंगार छंद गीत गजल लोक भाषा की अनेकों रचना सुना कर लोगों को उत्साह से भर दिया। अंत में अध्यक्षता करते हुए चंदौली से पधारे वरिष्ठ कवि शिवदास ने लहर रहा है गगनांगन में गौरव का अभिमान तिरंगा मांग रहा बलिदान सुनाकर राष्ट्र वंदन से आयोजन को पूर्ण किया। सभी कवियों का सारस्वत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जयशंकर त्रिपाठी एडवोकेट, ठाकुर कुशवाहा, पुरुषोत्तम कुशवाहा, बलिराम, शिवमोचन, मृत्युंजय, आद्या, अंशिका, बृज किशोर देव, नीरज तिवारी, प्रधान संगीता तिवारी, त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी, धनंजय, फारुख अली हाश्मी आदि मौजूद रहे।

### लापरवाही से बाइक चलाने पर युवक की मौत

**चालक के खिलाफ केस दर्ज**

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार व लापरवाही से बाइक चलाने के कारण हुए हादसे में एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम पनारी निवासी प्रीति पत्नी जगदीश ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 18 मार्च 2026 की रात करीब 9 बजे उनके पति जगदीश कालीचरन की दुकान के पास खड़े थे। इसी दौरान आरोपी मुन्नालाल सेन पुत्र चनेऊ सेन, निवासी बस्तगुंवा (हाल पता वर्णी चौराहा, ललितपुर) ने तेज व लापरवाही से मोटरसाइकिल चलाते हुए उनके पति को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में जगदीश गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पहले जिला अस्पताल ललितपुर, फिर झांसी और बाद में भोपाल के हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान 8 अप्रैल को उनकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, इलाज व अंतिम संस्कार में व्यस्त रहने के कारण तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी। अब पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 281, 125(बी) और 106 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## धूमधाम के साथ मनाया गया भगवान श्री परशुराम जयंती, निकला भव्य शोभायात्रा

**● ब्रह्मतेज और जयघोष से गुंजायमान हुआ नौतनवा, भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर उमड़ा श्रद्धा का जनसैलाब भव्य शोभायात्रा ने रचा इतिहास**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लॉक क्षेत्र में अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर भगवान श्री परशुराम जयंती का महापर्व अदम्य उत्साह, अटूट श्रद्धा और अभूतपूर्व भव्यता के साथ मनाया गया। रविवार को पूरा क्षेत्र केसरिया ध्वजों और जय परशुराम के गगनभेदी उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। इस दौरान ब्राह्मण समाज के हजारों लोगों ने एकजुट होकर अपनी सांस्कृतिक विरासत और शौर्य का प्रदर्शन किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित भव्य शोभायात्रा ने न केवल जन-जन को भक्ति रस में सराबोर कर दिया, बल्कि समाज की अटूट एकजुटता की एक नई इबारत भी लिख दी। कार्यक्रम का शुभारंभ ऐतिहासिक पड़ियाताल मंदिर से हुआ, जहां मुख्य अतिथि के रूप में नौतनवा के यशस्वी विधायक ऋषि त्रिपाठी एवं विशिष्ट अतिथि नौतनवा नगर पालिका अध्यक्ष बृजेश मणि त्रिपाठी रहे। अतिथियों ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर शोभायात्रा को रवाना किया। यह शोभायात्रा ठूठीबारी-नौतनवा मार्ग के दर्जनों गांवों से होते हुए नौतनवां पहुंचा। गाजे-बाजे और पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ निकली यह विशाल रैली जिस मार्ग से भी गुजरी, वहां के निवासियों ने पुष्पवर्षा कर भगवान के स्वरूप का स्वागत किया। हजारों की संख्या में शामिल विप्र बंधुओं का जोश देखते ही बन रहा था। सिर पर साफा और हाथों में ध्वज लिए युवा, बुजुर्ग और बच्चे सभी इस उत्सव को यादगार बनाने में जुटे रहे। रैली का समापन नौतनवा के बनैलिया स्थित परशुराम मंदिर पर हुआ, जहां पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महायज्ञ एवं हवन-पूजन संपन्न किया गया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने भगवान परशुराम को शस्त्र और शास्त्र का समन्वय बताते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। पूजन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें हजारों भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इस भव्य आयोजन ने क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार कर दिया है, जिसकी चर्चा समूचे क्षेत्र में हो रही है।

इस दौरान श्रीराम आधार दुबे, ज्वाला प्रसाद शुक्ला, नरसिंह पाण्डेय, दीपक पाण्डेय, भोलेंद्र मिश्रा, दीपक त्रिपाठी, राजन पाण्डेय, गिरीश चंद्र त्रिपाठी, विजय शुक्ला राजू दुबे, मस्तु पाण्डेय, मिथलेश कुमार पाण्डेय, इंदल तिवारी, पंकज चौबे समेत हजारों की संख्या में विप्र बंधू मौजूद रहे।


## कार्यालय-ग्राम पंचायत रोहूडीला वि.खं. नौगढ़, सिद्धार्थनगर

**पत्रांक: मेमो/निविदा/सामग्री/2026-27**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत रोहूडीला द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना ( VB- G RAM G )/पन्द्रहवां वित्त पंचम राज्य वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन एस.एल.डब्ल्यू.एम. सांसद/विधायक /एम.एल.सी निधि आदि योजना अंतर्गत वर्ष 2026-2027 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों में प्रयोग हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु (प्रथम श्रेणी ईट, सीमेण्ट ईट की गिट्टी, पत्थर की गिट्टी, सरिया, पैंट, साइनबोर्ड, हयूमपाइप, स्ट्रीट लाईट, सफाई सामग्री, ठेला, सादा बालू मोरंग, कुढ़ापात्र, प्लास्टिक बैंक, ई-रिक्शा, साइकिल, ई-रिक्शा मरम्मत, स्वच्छता किट, इन्सीनीरेटर आदि एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि) की आवश्यकता है। इस निमित निविदा आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक. 21-04-2026 को 02 बजे तक आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म रूपयां 100.00 रु. स्टाम्प पेपर तथा वांक्षित प्रपत्र बन्द लिफाफे में कार्यालय स्थान ग्राम पंचायत रोहूडीला निविदा बाक्स में डाला जाएगा। निविदा उसी दिन 03 बजे निविदाताओं के समक्ष खोला जाएगा।

1. अधिकृत फर्म/अधिकृतं डीलर का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है 03 वर्ष का आयकर क्लियरेंश संलग्न करना अनिवार्य है।
2. जी.एस.टी. तथा कार्टेज चार्ज जोड़कर ही दरें प्रस्तुत की जाय।
3. आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति पर 2.28 प्रतिशत आयकर / टीडीएस देना होगा।
4. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नहीं होगी। पी. डब्लू डी के समयानुसार तय दर पर ही भुगतान की जाएगी।
5. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, टीए, अवर अभियन्ता के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
6. धरोहर की धनराशि मु. 5000.00 (पांच हजार) है।
7. धरोहर की राशि राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफडीआर/एनएसेंसी एवं डाकघर के बचत पत्र जो सचिव ग्राम पंचायत के नाम बंधक हो की। मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

8.निविदा स्वीकृत होने के उपरांत ग्राम प्रधान / सचिव ग्राम पचायत द्वारा आदेश देने पर ही सामग्री की आपूर्ति की जाएगी।

10. सामग्री की आपूर्ति स्वीकृतदर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।

9. आदेश देने के सात दिनों के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर की धनराशि जप्त कर ली जाएगी।

11.सामग्री की मात्रा कार्य के अनुसार घटाई व बढ़ाई जा सकती है।

12. आपूर्तिकर्ता को भुगतान का. इंजिनियर/अवर अभियन्ता (ग्रा.अभि. 14.) / तक. सहायक द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर भुगतान नहीं की जायेगा।

13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपंत्र 100.00 रुपये है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।

14. निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किया जा सकता है।

15. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान सचिव ग्राम पंचायत के पास होगा।

16. निविदा के सम्बन्ध में अन्य जानकारी सचिव ग्राम पंचायत रोहूडीला से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

17. जिस कार्य कि निविदा पृथक से निकाली जाएगी उस कार्य पर इस निविदां की शर्ते लागू नहीं होगी।

ग्रा. पं .अ./सचिव
ग्राम पंचायत रोहूडीला
विकास खण्ड-नौगढ़
सिद्धार्थनगर

दूधनाथ यादव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रोहूडीला
विकास खण्ड-नौगढ़
सिद्धार्थनगर

## संक्षिप्त खबरें

### कानपुर सेंट्रल पर जीआरपी इंस्पेक्टर की सूझबूझ से बची यात्री की जान

**कानपुर।** कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर जीआरपी इंस्पेक्टर की तत्परता से एक व्यक्ति की जान बच गई। प्लेटफार्म नंबर-1 पर अचानक एक व्यक्ति के गिरने से अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद जीआरपी इंस्पेक्टर ओम नारायण सिंह ने स्थिति को समझते हुए तुरंत उसे सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) देना शुरू किया। बताया जा रहा है कि उस समय व्यक्ति के हाथ-पांव ठंडे पड़ चुके थे और उसकी सांसें थम चुकी थीं। इंस्पेक्टर द्वारा लगातार करीब 10 मिनट तक सीपीआर देने के बाद व्यक्ति ने प्रतिक्रिया देना शुरू किया और होश में आ गया। इसी दौरान मौके पर पहुंचे डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद उसे आगे के उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। व्यक्ति की तलाशी के दौरान उसकी जेब से रेलवे टीटीआई का पहचान पत्र मिला, जिस पर नाम गंगा चरण वर्मा और पोस्ट टीटीआई, सेक्शन टूंडला अंकित है। इसके आधार पर संबंधित रेलवे अधिकारियों को सूचना दे दी गई है। इस घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने जीआरपी इंस्पेक्टर की तत्परता की सराहना की।

### फर्ज फाउंडेशन के द्वारा पूर्व विद्यार्थी सम्मान समारोह का हुवा आयोजन



**मनकापुर गोण्डा** – फर्ज फाउंडेशन द्वारा आयोजित पूर्व विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन जनता इंटर कॉलेज, गाजीपुर (गौरा चौकी) में किया गया। इस अवसर पर आयोजित पूर्व विद्यार्थी सम्मान समारोह में क्षेत्रीय विधायक प्रभात कुमार वर्मा बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।विधायक जी ने फर्ज फाउंडेशन के द्वारा किया जारहा सराहनीय कार्यों की प्रशंसा करते हूए मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट श्रवण शुक्ला ने किया। आए हूए गणमान्य व्यक्तियों का फर्ज फाउंडेशन के अध्यक्ष राम राज शर्मा सहित टीम के द्वारा आभार व्यक्त किया।इस गरिमामयी कार्यक्रम में फर्ज फाउंडेशन के अध्यक्ष राम राज शर्मा, सलमान मंसूरी, उमर, राजकुमार गुप्ता, रूद्र चौधरी, गौरव पटेल, मसूद, शहजाद, अशोक श्रीवास्तव, शैलेन्द्र कौशल श्रीवास्तव, विक्रम प्रसाद वर्मा, रियाजुद्दीन प्रधानाचार्य,पिंटू जायसवाल एवं विष्णु सिंह सहित समस्त अध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### सशक्तीकरण दिवस के रूप में आज मनेगा मोना का जन्मदिन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना का जन्मदिन आज सोमवार को सशक्तीकरण दिवस के रूप में मनाया जायेगा। बाबा घुइसरनाथ धाम में प्रातः नौ बजे पूजन अर्चन के साथ विधायक के जन्म दिन पर संगोष्ठी व सशक्तीकरण सम्मान होगा। यह जानकारी कार्यक्रम के संयोजक अधिवक्ता शैलेन्द्र मिश्र ने दी है।

### युवती से छेड़छाड़, विरोध करने पर भाई से मारपीट कर धमकाया

**ललितपुर।** पाली थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती से छेड़छाड़ और विरोध करने पर उसके भाई के साथ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव की निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 15 अप्रैल की रात करीब 11 बजे उनकी 18 वर्षीय पुत्री घर के बाहर शौच के लिए गई थी। तभी गांव के ही छोटू पुत्र खूबचंद वहां पहुंचा और युवती के साथ गलत नीयत से छेड़छाड़ करने लगा। युवती के शोर मचाने पर आरोपी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। इसके अगले दिन 16 अप्रैल को सुबह करीब 10 बजे पीड़िता का पुत्र जब घर लौट रहा था, तभी रास्ते में छोटू और उसके साथी शैलेंद्र पुत्र लच्छू ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। परिजनों ने बताया कि घटना के बाद डर व लोकलाज के कारण तत्काल शिकायत नहीं की जा सकी। अब पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 351(3), 352, 115(2) व 74 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# आटो में सवारी को लूटने वाले उल्टी गिरोह का पुलिस ने किया खुलासा, तीन महिलाएं दो पुरुष गिरफ्तार

**● एक पुरुष द्वारा पुलिस पार्टी पर जानलेवा फायरिंग जबाबी फायरिंग में घायल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कानपुर।** बर्रा थाना पुलिस ने आटो में सवारी बनकर बैठकर चोरी, लूट करने वाले उल्टी गैंग का खुलासा किया है। जिसमें पुलिस ने तीन महिलाओं और दो पुरुषों को गिरफ्तार किया है। एक पुरुष द्वारा पुलिस पार्टी पर जानलेवा फायरिंग का जबाब देने में पुलिस ने एक के पैर में गोली मारकर गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने बताया कि एक महिला ने बर्रा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि जब वह आटो में बैठकर आ रही थी तभी कुछ महिलाएं भी आटो में बैठ गई और उल्टी करने के बहाने से उस महिला का ध्यान भटका दिया इसी बीच इन्हीं महिलाओं में से किसी ने उसका मंगलसूत्र निकाल लिया। जब उस महिला को ज्ञात हुआ तब उसने इसकी शिकायत पुलिस से की। इस घटना के दूसरे दिन जब पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा था तभी ये लुटेरी महिलाएं और आटो में बैठकर दूसरे शिकार के लिए निकलीं तथा मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने इनको पकड़ लिया। इसी बीच इन्हीं के साथ एक पुरुष जिसने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने फायरिंग की जिससे उसके पैर में गोली लगी और पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने माला, नंदनी, रिंकू, प्रिंस को गिरफ्तार किया जबकि अभिषेक तमंचा कारतूस लेकर फरार हो गया। रात्रि में जब पुलिस इसकी तलाश कर रही थी तब इसने पुलिस पर गोली चला दी जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई जो कि अभिषेक के पैर में लगी और वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके पास से अवैध असलहा (एक अदद देशी तमंचा 315 बोर मय 3 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व 1 अदद खोखा कारतूस 315 बोर) व घटना में प्रयुक्त एक अदद आटो सं0UP78JN5498 व बरामदगी चोरी किये गये मंगलसूत्र को बेचने से प्राप्त रुपयो में से 10520/- रूपये बरामद किए हैं।

### रावतपुर पुलिस ने 25 हजार के इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार



**कानपुर।** रावतपुर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 25 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान रावतपुर गांव निवासी जयकरन सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं और वह काफी समय से कानून से बचता फिर रहा था। थाना प्रभारी कमलेश राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया। इसके बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक करुणा शंकर मिश्रा, विवेक त्यागी और कांस्टेबल राहुल कुमार की अहम भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वांछित और इनामी अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# न्यू एन्जिल्स में 'डांस एन्जिलाइट्स डांस - 2026' का भव्य आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** न्यू एन्जिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के ऑडिटोरियम में शुक्रवार को दो दिवसीय 'डांस एन्जिलाइट्स डांस - 2026' कार्यशाला का समापन समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यशाला के मेन्टार शुभम वर्मा एंड टीम ने बच्चों को दो दिन तक गहन प्रशिक्षण दिया और समापन दिवस पर सभी हाउस के बच्चों द्वारा सीखी कला को परखा।अचीवर, बिलीवर, कान्करर एवं चैलेंजर चार हाउस के बीच रोचक नृत्य प्रतियोगिता आयोजित हुई। अचीवर हाउस से प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों में रनवीर, अर्नव, करीना, तनुश्री, फिज़ा, सिया, अंशिका, अदिति, आरूही, अंशिका, सोनाक्षी, लिया, परी, अलफ़ला और आर्यन,बिलीवर हाउस से अग्रता, आराध्या, स्वस्ति, वैदिक, गौरव, आरूही, अनुष्का, प्राची, इज़ना, शोहान, अद्रिशा, देवेश, नैतिक और आशुतोष,कान्करर हाउस से अन्वी, अलीशा, भूमि, नन्दिनी, इच्छान्शी, सनाया, कृतिका, सम्राट, अर्नव, ओम, सौम्या, दिव्यांश, आयुष, कौस्तुभ एवं चैलेंजर हाउस से यशस्वी, अर्श, दीप्ति, रिद्धि, सिद्धि, समृद्धि, शाम्भवी, सुकृति, श्रेया, मानव, अंशपाल, शान, ध्रुव और युमना हबीब आदि ने कार्यक्रम में भाग लिया। इशिका, अग्रता, दीप्ति, सिद्धि, सृष्टि, आराध्या, स्वस्ति, आरूही और समृद्धि ने एकल नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां ने कार्यक्रम को और रोचक बना दिया। प्रधानाचार्य बीके सोनी एवं मेन्टार शुभम वर्मा निर्णायक रहे। बिलीवर हाउस को प्रथम एवं अचीवर हाउस को द्वितीय स्थान मिला।चेयरपर्सन डॉ. शाहिदा ने सभी प्रतिभागी बच्चों को आशीर्वाद के रूप में कहा कि नृत्य सिर्फ एक कला ही नहीं बल्कि अनुशासन के साथ टीमवर्क है और यह अपनी भावनाओं को बिना शब्दों के कह देने का माध्यम है।आप सभी प्रतिभागियों को यही मेहनत जीवन के हर क्षेत्र में आगे ले जाएगी। इसके पश्चात डॉ. शाहिदा, प्रधानाचार्य बीके सोनी, मेन्टार शुभम वर्मा एवं मैनेजर एचआर एंड काउन्सेलर एफ़ ज़ीनत ने संयुक्त रूप से विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर आरके सिंह, विवेक ओझा, सुमन सिंह, तान्या दीवान सहित विद्यालय के सभी शिक्षकगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।कार्यक्रम का सफल संचालन मंजू मिश्रा ने किया।

# महिला आरक्षण विधेयक पर पीएम मोदी कर रहे राजनैतिक ड्रामा-प्रमोद तिवारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी एवं प्रदेश कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने महिला आरक्षण विधेयक को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री को आड़े हाथों लिया है। सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक को लेकर संविधान संशोधन का प्रधानमंत्री मोदी का प्रयास देश की जनता के साथ छल व धोखा तथा राजनीतिक ड्रामा है। उन्होंने कहा कि स्पीकर और पार्टी अध्यक्ष के साथ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में प्रधानमंत्री को चुनौती है कि वह इसका प्रमुख किसी सक्षम महिला को बनायें। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि इस विधेयक को लेकर भाजपा की नीति और नियति कभी सही नहीं रही है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक की आड़ में परिसीमन पर संशोधन को लेकर आखिर संसद सत्र के पूर्व सरकार ने सर्वदलीय बैठक नहीं बुलायी। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि 2023 में महिला आरक्षण विधेयक पर कांग्रेस समेत सम्पूर्ण विपक्ष ने समर्थन देकर पारित करा दिया पास हुए विधेयक को तीन साल तक आखिर अमल में नहीं लाया गया।सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि संविधान को समझने वाला हर देशवासी आज विपक्ष का आभारी है कि उसने संविधान संशोधन के जरिये सत्ता में बने रहने के लिए भाजपा के षड़यंत्र को विफल कर दिया है।सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि कड़वी सच्चाई यह है कि तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में चुनाव को देखकर मोदी सरकार ने महिला आरक्षण विधेयक के नाम पर सिर्फ राजनैतिक स्टंट खड़ा करने का प्रयास किया है।वहीं प्रदेश कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि विपक्ष ने एक जुट होकर संविधान की रक्षा की है।उन्होंने कहा कि उन्नाव पीड़िता को भाजपा द्वारा संरक्षण देने और हाथरस की बेटी को इंसाफ दिलाने में विफलता को लेकर पीएम मोदी को क्षमा याचना करनी चाहिए।उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने पंचायत में महिलाओं को आरक्षण का कानून पेश किया तब भाजपा ने ही उस समय इस आरक्षण का विरोध किया था।सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना का संयुक्त बयान रविवार को मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

### पुरानी रंजिश में युवक पर लाठी-डंडों से हमला

**धारदार हथियार से किया वार**

**ललितपुर।** तालबेहट थाना क्षेत्र के ग्राम असऊपुरा मजरा नया खेड़ा में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि चार लोगों ने मिलकर गाली-गलौज करते हुए युवक को लाठी-डंडों और धारदार हथियार से मारपीट कर घायल कर दिया। ग्राम असऊपुरा मजरा नया खेड़ा निवासी आदर्श बुंदेला पुत्र हरवंश सिंह बुंदेला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 18 अप्रैल को सुबह करीब 10 बजे वह अपने घर के सामने था। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही लव उर्फ आदित्य, सोनू उर्फ पियूष, बंटी उर्फ भानुप्रताप सिंह और हरेंद्र सिंह वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों व लात-घूंसों से मारपीट की। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों में से लव उर्फ आदित्य ने धारदार हथियार (कुल्हाड़ी) से हमला कर दिया, जिससे उसके हाथ में गंभीर चोट आई। आरोपियों ने थाने में शिकायत करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बीएनएस की धारा 115(2), 118(1), 352 व 351(3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### घाटमपुर हादसे के म्रतको के घर पहुंची विधायक सरोज कुरील



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घाटमपुर।** घाटमपुर के धरमपुर बम्बा के पास रिन्द नदी के पुल पर टैंकर की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई थी,, वहीं एक युवक का उपचार जारी है,बीती रात घाटमपुर विधायक सरोज कुरील ने क्षेत्र के ककरहिया गांव पहुंच कर परिजनों से मुलाकात कर उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया, उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में सरकार आपके साथ है,किसी के बहकावे में न आएं, शनिवार देर रात घाटमपुर विधायक सरोज कुरील ने ककरहिया गांव पहुंच कर सड़क हादसे में म्रतको के परिजनों से मुलाकात की हैं,इस दौरान परिजनों ने उनसे कहा कि पुलिस द्वारा 50 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है,,जिस पर विधायक सरोज कुरील ने उन्हें आश्वासन दिया कि आप लोगों के साथ गलत नहीं होगा, जिसने अराजकता फैलाई थी, प्रशासन ने उस पर कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है,आप लोग कभी भी किसी के बहकावे में न आए ऐसे लोग आप सभी को बहका कर अधिकारियों पर दबाव बनाते हैं, इसलिए आप लोगों को सचेत रहना है, विधायक सरोज कुरील ने म्रतक परिजनों को हर संभव मदद दिलानें के साथ मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है,, आपको बताते चलें कि बीतीं देर रात धरमपुर बम्बा के पास शव वाहन को रोक कर उसमें कथित भीम आर्मी नेता अरविंद बौद्ध ने अपने साथियों संग तोड़फोड़ की थी,,जिस पर पतारा चौकी प्रभारी ललित शर्मा ने अरविंद बौद्ध समेत पांच नामजद और 50 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर देर रात आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था,, पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

## अपहरण, दुष्कर्म के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

प्रतापगढ़।थाना प्रभारी महेशगंज राधेबाबू के नेतृत्व में उ0नि0 अजय कुमार मय हमराह द्वारा धारा 87/64(1) बीएनएस थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ से संबंधित एक वांछित अभियुक्त मो0 फरीद पुत्र मो0 मजीद उर्फ चाँद मियाँ निवासी ग्राम राय असकरनपुर रुमतीपुर थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ को थाना महेशगंज क्षेत्रान्तर्गत क्षेत्रान्तर्गत गंगा एक्सप्रेस-वे के आईटीडी प्लान्ट, आजाद नगर के पास से गिरफ्तार किया गया।

# नौबस्ता के त्रिमूर्ति अपार्टमेंट में पिता द्वारा अपनी दो पुत्रियों की गला काट कर हत्या

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** नौबस्ता थाना अंतर्गत त्रिमूर्ति अपार्टमेंट में एक पिता द्वारा अपनी दो पुत्रियों की गला काट कर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना पाते ही पुलिस के आला अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे, वहां बारीकी से निरीक्षण किया। पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने बताया कि दिनांक 19.4.2026 को प्रातः लगभग 4:30 बजे यूपी-112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि थाना नौबस्ता क्षेत्रान्तर्गत त्रिमूर्ति अपार्टमेंट में एक पिता द्वारा अपनी दो नाबालिग जुड़वा पुत्रियों उम्र करीब (11 वर्ष) की गला काटकर हत्या कर दी गई है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। फॉरेंसिक टीम द्वारा भी घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण एवं साक्ष्य संकलन किया गया है। डॉग स्क्वायड ने भी गहनता से जांच की। दोनों बालिकाओं के शव घर के अंदर पाए गए हैं, जिनके गले पर कटे हुए घाव के निशान हैं। घटना के संबंध में अभियुक्त, जो कि मृतक बालिकाओं का पिता है, को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। वर्तमान में कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है तथा पुलिस के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा जाएगा। शवों का पंचायतनामा भरकर पोस्टमॉर्टम हेतु भेजा गया है। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### पुरानी रंजिश में युवक पर हमला, कुल्हाड़ी से वार कर किया घायल

**तालबेहट।** थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम असऊपुरा मजरा नयाखेड़ा निवासी आदर्श बुंदेला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 18 अप्रैल 2026 को सुबह करीब 10 बजे वह अपने घर के सामने खड़ा था। तभी गांव के ही लव उर्फ आदित्य, सोनू उर्फ पियूष, बंटी उर्फ भानुप्रताप और हरेंद्र सिंह ने पुरानी रंजिश को लेकर उसे गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर सभी आरोपियों ने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारपीट कर दी, जिससे उसे चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि लव उर्फ आदित्य ने कुल्हाड़ी से वार किया, जिससे उसके हाथ की कलाई के पास गंभीर चोट लग गई। घटना के दौरान आरोपियों ने रिपोर्ट करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर तालबेहट पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

# सरकार की वादा खिलाफी से नाराज ग्रामीण बैंक कर्मी करेंगे आंदोलन-के के श्रीवास्तव

**●सड़क से संसद तक होगा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक सेवानिवृत्त कार्मिक समिति प्रतापगढ़ रीजन के अध्यक्ष डीपी सिंह को एक संवाद में आल इंडिया रूरल बैंक इंप्लाईज एसोसिएशन के वरिष्ठ नेता कामरेड केके श्रीवास्तव ने बताया कि ग्रामीण बैंक कर्मियों के प्रति केंद्र सरकार की पक्षपात पूर्ण रवैये के फलस्वरूप देश के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में काम करने वाले लाखों कर्मचारियों और अधिकारियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। भारत सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए आल इंडिया रीजनल रूरल बैंक इंप्लाइज एसोसिएशन (अरेबिया) ने देशव्यापी आंदोलन की घोषणा कर दी है। केंद्रीय संगठन के महासचिव कामरेड एस बैंकटेश्वर रेड्डी ने सभी यूनिटों को पत्र भेजकर बताया कि सरकार ने पदोन्नति नियमों में संशोधन, नई मानव संसाधन नीति का क्रियान्वयन, 25000 से अधिक खाली पदों पर काम कर रहे अस्थायी कर्मचारियों का नियमितीकरण और 12वें वेतन समझौते के सभी लाभों को जल्द लागू करने का आश्वासन दिया था, लेकिन इनमें से अधिकांश मांगे पूरी नहीं हुई। केंद्रीय संगठन के निर्णयानुसार आगामी 01 मई से वर्क टू रूल केवल नियमों के अनुसार काम, बैंकों के व्हाट्सएप ग्रुप का पूर्ण बहिष्कार,6 मई को सभी 28 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन एवं संपर्क कर सांसदों को ज्ञापन सौंपे जाएंगे।नाबार्ड और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के उच्च अधिकारियों को भी मांगों का ज्ञापन दिया जाएगा। केंद्रीय संगठन अरेबिया के नेतृत्व में संसद सत्र के दौरान जंतर मंतर दिल्ली पर धरना दिया जायेगा। आंदोलन के अगले कदम में एक दिन की देशव्यापी हड़ताल का निर्णय लिया गया है।अरेबिया के नेताओं का कहना है कि सरकार एक तरफ ग्रामीण बैंकों को प्रदेश स्तर पर विलय कर मजबूत करने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर कर्मचारियों की जायज मांगों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। इससे ग्रामीण बैंक सेवारत कर्मचारियों का मनोबल टूट रहा है। जिसके परिणामस्वरूप ग्रामीण अर्थव्यवस्था के नियंत्रण की दिशा में गंभीर चुनौती उत्पन्न होने की संभावना बढ़ रही है।

### अवधी भाषा साहित्यिक संगोष्ठी व लोकार्पण समारोह आयोजित



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश के तत्वावधान मे अवधी काव्य संग्रहों का लोकार्पण एवं अन्तर्राष्ट्रीय अवधी भाषा साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेन्डरी स्कूल के आडिटोरियम में हुआ।कार्यक्रम मे डॉ. दयाराम मौर्य रत्न द्वारा प्रणीत अवधी काव्य संग्रह आखर आखर सबद,वरिष्ठ कवि कुंजबिहारी काकाश्री विरचित अवधी काव्य संग्रह असल बाप तो हमही अही और श्रीनाथ सरस की पुस्तक शशि की कान्ति का लोकार्पण किया गया।इस अवसर पर अध्यक्षता करते हुए डॉ. एम गोविन्द राजन ने कहा कि आज अवधी वैश्विक स्तर अपना परचम लहरा रही है।मुख्य अतिथि डॉ. राम बहादुर मिश्र ने कहा कि अवधी आम जनमानस की भाषा है।इसका साहित्य सर्वग्राह्य है।संपादक वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. दयाराम मौर्य 'रत्न' ने कहा कि अवधी लोकमानस और लोकचेतना की भाषा है।अति विशिष्ट अतिथि प्रदीप सारंग ने कहा कि अवधी मे अधिकाधिक लेखन आज समय की मांग है। अति विशिष्ट अतिथि डॉ. नीरज शुक्ल ने कहा कि अवधी साहित्य की पहुँच वर्तमान मे विश्व स्तर पर है।इस आयोजन मे शिक्षाविद् डॉ. शाहिदा,आचार्य अनीस देहाती,बेचन लाल विनोदी, लखन प्रतापगढ़ी,सुप्रिया पांडेय, राधेश्याम दीवाना, प्रेमकुमार त्रिपाठी प्रेम, कुंजबिहारी काकाश्री, श्रीनाथ सरस, अमरनाथ बेजोड़, यदुवंशी रसिकाचार्य आदि ने अवधी मे काव्यपाठ किया।कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार निलय ने किया।इस अवसर पर रोशन लाल ऊमरवैश्य, राजेश हर्षपुरी,राकेश कनौजिया, सुनील कुमार, विवेक कुमार आदि उपस्थित रहे।

### करंट की चपेट में मौत को लेकर जेई व लाइनमैन के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** ग्यारह हजार क्षमता की लाइन से करंट की चपेट में आने से युवक की मौत को लेकर उदयपुर पुलिस ने अवर अभियंता तथा लाइनमैन समेत तीन के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। अवर अभियंता पर केस दर्ज होने को लेकर रविवार को विभाग में हड़कंप का माहौल भी दिखा। उदयपुर थाना के अमावां निवासी देवेन्द्र प्रताप सिंह की पत्नी सीमा सिंह ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीते 14 अप्रैल को उसका पुत्र शिवम सिंह उर्फ आदित्य ट्रैक्टर ट्राली लेकर उदयपुर के पूरे चौहान वीरगढ़ गया था। ट्रैक्टर चालक ने खेत में ट्रैक्टर खड़ा किया। इस बीच मृतक शिवम ट्राली से नीचे उतरने के लिए खड़ा हुआ तब वह ऊपर से गुजर रहे ग्यारह हजार क्षमता की लाइन के करंट की चपेट में आ गया। परिजन शिवम को पड़ोसी जिले अमेठी के गौरीगंज जिला अस्पताल ले गये। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना में लापरवाही को लेकर तहरीर के आधार पर पुलिस ने अवर अभियंता राजापुर आनंद कुमार व लाइन मैन भोलू मिश्रा एवं लाइन मैन शिवमूरत कोरी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। थाना प्रभारी ट्रेनी आईपीएस आफताभ आलम ने कहा है कि केस दर्ज किया गया है, जांचकर कार्यवाही की जायेगी।

# डीएम एवं एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी शिकायतें, 8 शिकायतों का हुआ निस्तारण

**●शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें-डीएम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में तहसील सदर में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सदर तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 117 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये, जिनमें से राजस्व विभाग की 8 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 117 शिकायतों में से 74 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 06, विकास विभाग से 04, विद्युत विभाग से 02 एवं 31 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों को पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ता हरिकेश बहादुर सिंह निवासी महुली माधोगंज ने शिकायत किया कि गाटा संख्या 325 का संक्रमणीय सहभूमिधर है और मौके पर काबिज दाखिल है, गाटा संख्या 325 का एक पारिवारिक बंटवारा हो चुका है तथा बंटवारे के हिसाब से सभी पक्ष काबिज है तथा निर्माण भी बना लिये है, गाटे में प्रार्थी का 1/2 भाग है परन्तु द्वितीय पक्ष द्वारा प्रार्थी को भूमि पर निर्माण व पिलर नहीं गाड़ने दिया जा रहा है और अवरोध उत्पन्न कर रहे है। इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया कि राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर जांच करायी जाय एवं प्रकरण का निस्तारण कराया जाय। शिकायतकर्ता बच्चा सिंह निवासी राजगढ़ ने शिकायत किया कि प्रार्थी व अन्य लोग इस समय पेयजल संकट से जूझ रहा है। प्राथी का इण्डिया मार्का हैण्डपम्प दो माह से खराब हो गया है, इसे ठीक नहीं कराया जा रहा है। रिबोर कराना अति आवश्यक है।इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी सदर को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शिकायतकर्ताओं की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण तरीके से शिकायतों का निपटारा करें, जिसमें शिकायतकर्ता की संतुष्टि सबसे महत्वपूर्ण है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि शिकायतों के निपटारे में किसी भी प्रकार की अनदेखी या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को प्राप्त सभी शिकायतों का समय पर और सही तरीके से समाधान करने के निर्देश दिये गये। उन्होने निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में जो भूमि संबंधी मामले हैं उसमें राजस्व तथा पुलिस की संयुक्त टीम गठित करके मौके पर भेजकर निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि शासन का सख्त निर्देश है की जमीन संबंधी मामलों को तत्काल निस्तारण कराएं। कोई भी गरीब व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये, इसका विशेष ध्यान दिया जाये। इस अवसर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को विनम्रता से सुनते हुए निष्पक्ष जांच कर पीड़ित को न्याय दिलाया जाए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर अनुष्का शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### शहडोल जिला जैतपुर विधा नसभा क्षेत्र के परसीमन की सुगबुगाहट शुरू होने से राजनीतिक हलचल तेज हो गई है




**शहडोल।** यह सीट सामान्य महिला सीट होगी।इस खबर से हर राजनीतिक दल अपने सशक्त प्रत्यासी की तलाश में लग गया है। राज्य पुनरगठन से पहले सन 1952, 1957,1962 में विंध्यप्रदेश अंतर्गत ष् बुढ़ार ष्विधानसभा क्षेत्र होता था जहाँ से 1962 में समाजवादी दल के बरगद चिन्ह से कृष्ण पाल सिंह जी प्रथम बार चुनाव जीते और सोहागपुर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्यासी दो बैलों की जोड़ी से पंडित शम्भूनाथ शुक्ला विजयी हुए। शेष 6 विधानसभा से अलग अलग दल के लोग विजयी हुए। इस चुनाव के बाद पहला परसीमन हुआ जिसमें बुढ़ार विधानसभा परसीमन की भेंट चढ़ विलोपित हो गया।

दूसरा दौर परसीमन सका 2004 चुनाव के बाद आया जब सोहागपुर विधानसभा से भा ज पा की टिकट पर छोटे लाल सरावगी जी प्रचण्डमतों से विजयी हुए। इस बार सोहागपुर सीट को विलोपित कर अ ज जा सीट जयसिंह नगर में मिलाया गया शेष भाग से जैतपुर विधानसभा बनी जो आज भी जीवन्त है। एकीकृत शहडोल जिले में कुल 8 विधानसभा सीट थी अब जिला बिखंडन के बाद शहडोल के हिस्से में 3 सीटे हैं जो कलांन्तर 4 होने की सम्भावना है। अब समय आ गया है जब इतिहास अपने को दुहराने की कगार पर खड़ा है इसलिए बिलोपित बुढ़ार विधानसभा को पुनः साकार करने में सब दल दत्त चित्त से जुड़ने का प्रयास करें ताकि बुढ़ार अपने पुराने खोये हुए अस्तित्व को प्राप्त कर सके।

### घंटों का काम मिनटों में, अब 'पलक झपकते' ही होगी जमीन की रजिस्ट्री; नोएडा के लोगों को बड़ी राहत

**नोएडा।** नोएडा में रजिस्ट्री के लिए फिंगरप्रिंट का मिलान नहीं होने पर आंखों को स्कैन कर रजिस्ट्री करने की सुविधा निबंधन विभाग ने शुरू की है। फिंगरप्रिंट की पुरानी समस्या, खासकर बुजुर्गों के लिए रजिस्ट्री का सबसे बड़ा सिरदर्द बना हुआ था। पहले उनकी उंगलियों पर बने दाग-धब्बे या उम्र के कारण कमजोर फिंगरप्रिंट के चलते घंटों इंतजार, बार-बार स्कैन फिर भी रजिस्ट्री अटक जाती। अब आइरिस स्कैनर से आंखों को स्कैन कर सत्यापन हो रहा है। प्रतिदिन पांच से छह रजिस्ट्रियां आइरिस स्कैनर हो रहीं हैं।

**बुजुर्गों को होती थी ज्यादा परेशानी**

निबंधन विभाग के एआईजी प्रथम अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि यह सुविधा खासतौर पर बुजुर्गों, जिनके फिंगरप्रिंट स्पष्ट नहीं होते, उनके लिए उपयोगी साबित हो रही है।

**सिस्टम को आधुनिक तकनीक से लैस किया**

विभाग ने पूरे सिस्टम को आधुनिक तकनीक से लैस किया है ताकि प्रक्रिया तेज, पारदर्शी और नागरिकों के अनुकूल बने। फिंगरप्रिंट का मिलान नहीं होने पर रजिस्ट्री में होने वाली देरी की परेशानी अब नहीं हैं। अगर किसी के फिंगरप्रिंट का मिलान नहीं होने पर पूर्व में तीन से चार बार प्रयास किया जाता है। इसमें समय लगता था और अन्य रजिस्ट्रियों में भी देरी होती थी।

### गुरुग्राम के माता रोड पर तेज रफ्तार कार का कहर, एक की मौत; कई घायल

**गुरुग्राम।** सेक्टर-12 रेड लाइट के पास माता रोड पर शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने एक के बाद एक कई लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि स्कूटी सवार सहित दो-तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार राजीव नगर निवासी अरविंद कुमार अपने मालिक अनिल कुमार के साथ स्कूटी पर बस स्टैंड से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे सेक्टर-12 रेड लाइट पार कर माता रोड की ओर पहुंचे, पीछे से तेज गति से आई सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल अरविंद को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसी दौरान उसी कार की चपेट में आने से अन्य राहगीर उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले के न्यू शिव नगर टुंडला निवासी शंकर (25) गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर सेक्टर-14 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि फरार चालक की तलाश की जा रही है।

# धनपुरी का दिल 'आजाद चौक' बेहाल करोड़ों के बजट के बावजूद विकास को तरसता शहर का हृदय स्थल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
दिनेश चौधरी

**शहडोल धनपुरी।** नगर का हृदय स्थल कहे जाने वाला आजाद चौक आज बदहाली की चरम स्थिति में पहुंच चुका है। चार वार्डों को जोड़ने वाला यह प्रमुख चौराहा, जहां से नगर की जीवनरेखा अमरकंटक रोड गुजरती है, वहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव साफ तौर पर जिम्मेदारों की अनदेखी को उजागर कर रहा है। सुबह और शाम के समय यहां सैकड़ों छोटी-बड़ी गाड़ियों का दबाव रहता है। बावजूद इसके ट्रैफिक व्यवस्था, सुरक्षा और यात्री सुविधाओं के नाम पर स्थिति शून्य बनी हुई है।

**ट्रैफिक का दबाव, अव्यवस्था हावी**

चौक पर दिनभर जाम जैसे हालात बने रहते हैं। अव्यवस्थित पार्किंग और सड़क किनारे अतिक्रमण से समस्या और विकराल हो जाती है। लेकिन इस दिशा में न तो कोई ठोस योजना दिखती है और न ही कोई प्रभावी कार्रवाई।

**यात्रियों के लिए नहीं कोई इंतजाम**



इतने महत्वपूर्ण चौराहे पर मिनी बस स्टॉप तक नहीं है। यात्रियों को सड़क किनारे खड़े होकर वाहनों का इंतजार करना पड़ता है। बैठने की व्यवस्था नहीं होने से बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे सबसे ज्यादा परेशान होते हैं।

**पेयजल का अभाव, बढ़ती परेशानी**

गर्मी के मौसम में चौक पर पेयजल की कोई सुविधा नहीं है। एक हैंड पंप लगा है वर्षों से बंद है। राहगीरों को पानी के लिए भटकना पड़ता है, जिससे नगर पालिका की व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**अंधेरे में डूबता चौक** शाम ढलते ही चौक की तस्वीर और भयावह हो जाती है। खराब और बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट्स धूल धुआं डस्ट कारण पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब जाता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। नगर के सबसे व्यस्त चौराहे पर आज तक ब्ब्ज्ट कैमरे नहीं लगाए गए हैं। ऐसे में किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में न तो निगरानी संभव है और न ही जांच आसान।

**फव्वारा बना उपेक्षा का प्रतीक-** लाखों रुपये खर्च कर बनाया गया फव्वारा गर्मी के समय जरूरत पड़ने पर बंद पड़ा है। कभी रंगीन रोशनी से जगमगाने वाला यह फव्वारा आज केवल प्रशासनिक लापरवाही की गवाही दे रहा है।

**वादे और हकीकत में बड़ा अंतर-** पार्षदों और नगर पालिका उपाध्यक्ष द्वारा कई बार चौक के सौंदर्यीकरण और विकास के दावे किए गए, लेकिन अब तक कोई भी योजना धरातल पर नहीं उतर पाई है।

**जनता का गुस्सा कब सुधरेगा आजाद चौक?** नगरवासियों में गहरी नाराजगी है। उनका कहना है कि हर साल करोड़ों का बजट आने के बावजूद शहर के सबसे अहम स्थल की अनदेखी समझ से परे है।

**निष्कर्ष-** आजाद चौक की यह बदहाली नगर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा कर रही है। अब समय आ गया है कि जिम्मेदार अधिकारी इस ओर गंभीरता से ध्यान दें, ताकि शहर के इस हृदय स्थल को उसकी पहचान और गरिमा वापस मिल सके।

## नोएडा में कंपनी और फैक्ट्रियों के बाहर हुए प्रदर्शन में 700 ठेकेदार रडार पर, 245 को नोटिस जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नोएडा।** सोमवार को उद्योग क्षेत्र में हुई हिंसक घटना अब एक बड़े घोटाले की ओर इशारा कर रही है। श्रम विभाग की जांच में उद्योगों से जुड़े ठेकेदारों की कमियां और संदिग्ध भूमिका उजागर हो रही है। ठेकेदारों की प्रताड़ना से परेशान होकर भी श्रमिक सड़कों पर उतरे थे। मात्र 24 में श्रम विभाग ने 12 ठेकेदारों के लाइसेंस निरस्त कर दिए हैं, जबकि अब तक 245 ठेकेदारों को नोटिस जारी किया जा चुका है। ये सभी वे ठेकेदार हैं जिनसे जुड़ी फैक्ट्रियां और कंपनियों के बाहर प्रदर्शनकारियों ने जमकर हंगामा किया और तोड़फोड़ की। विभागीय जांच में कई तथ्य सामने आए हैं।

ठेकेदार मेहनत के मुताबिक कामगार को भुगतान नहीं कर रहे थे। ओवरटाइम का भुगतान तो दूर, कई मामलों में बिल्कुल ही नहीं दिया जाता था। इसके अलावा पीएफ, ईएसआई और अन्य श्रम कल्याण योजनाओं में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां पाई गई। सामेवार को करीब 500 उद्योगों के बाहर एक साथ प्रदर्शन हुए। इन प्रदर्शनों के दौरान तोड़फोड़ की घटनाएं भी दर्ज की गई। सूत्रों के अनुसार



500 उद्योगों से जुड़े कुल 700 ठेकेदार हैं। श्रम विभाग की टीम अब सभी 700 ठेकेदारों की जांच में जुटी हुई है। जिन 245 ठेकेदारों को नोटिस दिया गया है, वे मुख्य रूप से उन क्षेत्रों से जुड़े हैं जहां प्रदर्शन हुआ। ठेकेदारों ने श्रमिकों को प्रताड़ित किया। बताए गए कम वेतन से भुगतान किया। इसके के बाद श्रमिक सड़कों पर उतरे।

जांच में कंपनियों की भूमिका भी खंगाली जाएगी

सोमवार को हुए प्रदर्शन की एक बडी वजह यह भी सामने आई। विभाग ने संकेत दिया है कि आगे की जांच में कंपनियों की भूमिका भी खंगाली जाएगी। फिलहाल ठेकेदारों पर शिकंजा कसा जा रहा है। जिन ठेकेदारों ने सोमवार तक जवाब नहीं दिया उनके खिलाफ भी कार्रवाई तय है।

## बुलेट ट्रेन की रफ्तार से दौड़ी 'भूत बंगला', वीकेंड पर कर डाला करोड़ों का कलेक्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** 16 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग करने वाली हॉरर कॉमेडी भूत बंगला ने वीकेंड पर भी धांसू कमाई की है। अक्षय कुमार स्टारर फिल्म ने 17 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक दी और तीन दिनों तक लगातार अच्छी कमाई की है। आइए जानते हैं फिल्म का रविवार का कलेक्शन-

**भूत बंगला कलेक्शन डे 3**

अक्षय कुमार की हॉरर कॉमेडी भूत बंगला ने पेड़ प्रीव्यू समेत बॉक्स ऑफिस पर 16 करोड़ की ओपनिंग की थी। वहीं दूसरे दिन इसने 19 करोड़ का शानदार कलेक्शन किया और अब तीसरे दिन यानी रविवार को फिल्म ने 20.16 (अब तक) करोड़ रुपये छाप डाले हैं। इसी के साथ फिल्म ने अपने पहले वीकेंड पर ही 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। फिल्म का नेट इंडिया कलेक्शन 55.16 करोड़ रुपये हो गया है। वहीं इंडिया ग्रॉस कलेक्शन- 65.79 करोड़ रुपये हो गया है।

**पेड़ प्रीव्यू-** 3.75 करोड़ रुपये, डे 1- 12.25 करोड़ रुपये, डे 2- 19 करोड़ रुपये, डे 3- 20.16 करोड़ रुपये (अब तक)- टोटल कलेक्शन- 55.16 करोड़ रुपये

सालों बाद प्रियदर्शन और अक्षय कुमार किसी फिल्म के लिए एक साथ आए हैं




इसीलिए दर्शकों को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार था। फिलहाल फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है लेकिन असली परीक्षा कल यानी सोमवार से शुरू होगी। फिलहाल हॉरर कॉमेडी 55 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर चुकी है अब देखना दिलचस्प होगा कि आगे बॉक्स ऑफिस पर फिल्म कैसा प्रदर्शन करती है।

**'भूत बंगला' के बारे में** भूत बंगला एक कॉमेडी हॉरर फिल्म है, जो प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित और बालाजी मोशन पिक्चर्स और केप ऑफ गुड फिल्म्स के तहत अक्षय कुमार, एकता कपूर और शोभा कपूर द्वारा निर्मित है। फिल्म में अक्षय कुमार, परेश रावल, जिशु सेनगुप्ता, राजपाल यादव, तब्बू और वामिका गब्बी जैसे कलाकार हैं। यह भूल भुलैया (2007) के बाद प्रियदर्शन की दूसरी हिंदी भाषा की हॉरर कॉमेडी फिल्म है, जिसमें अक्षय कुमार, परेश रावल, राजपाल यादव, असरानी और मनोज जोशी जैसे कलाकार हैं। भूत बांग्ला 17 अप्रैल 2026 को थिएटर में रिलीज हुई थी।

### नोएडा में पार्किंग विवाद के बाद कार ड्राइवर और सुरक्षा गार्डों के बीच मारपीट, वीडियो वायरल होने के बाद उठे सवाल

**ग्रेटर नोएडा।** बिसरख कोतवाली अंतर्गत आम्रपाली सेंचुरियन पार्क ओटू वैली सोसायटी में रविवार को ड्राइव-वे पर गाड़ी खड़ी करने को लेकर एक निवासी और सुरक्षा गार्डों के बीच विवाद के बाद जमकर मारपीट हो गई। इंटरनेट मीडिया पर घटना का वीडियो प्रसारित हो रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सोसायटी के ड्राइव-वे पर एक निवासी ने कार खड़ी कर दी। इससे अन्य वाहनों की आवाजाही प्रभावित होने लगी। सुरक्षा गार्डों ने आपत्ति जताते हुए उक्त निवासी से कार हटाने को कहा। इसी बात को लेकर कहासुनी के बाद दोनों पक्ष में हाथापाई के बाद मारपीट होने लगी। अन्य निवासियों ने बीच-बचाव की कोशिश की, तब तक स्थिति बिगड़ चुकी थी। कुछ लोगों ने हाथापाई का वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया।

**सोसायटी में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए जा रहे**

इसमें सोसायटी में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए जा रहे हैं। वीडियो में दोनों पक्षों में मारपीट होते दिख रही है। पुलिस का कहना है कि ड्राइव-वे पर गाड़ी खड़ी करने को लेकर निवासी की सुरक्षा गार्डों से मारपीट हुई थी। वीडियो संज्ञान में लेकर चार आरोपितों को हिरासत में लिया है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। सोसायटी प्रबंधन को भी ऐसी घटनाएं दोबारा नहीं हो इसके निर्देश दिए हैं।

## श्रीभूमि जिला के दुल्लभछड़ा में रात में ट्रेन के दरवाजे-खिड़कियाँ खुली रहने से सीटें

- भीगीं, अस्वच्छ माहौल यात्रियों की परेशानी!
- रेलवे विभाग की चुप्पी से बढ़ा आक्रोश।
- रेल मंत्री से हस्तक्षेप की मांग।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमिः** श्रीभूमि जिले में ट्रेन सेवाओं को लेकर एक बार फिर गंभीर शिकायतें सामने आई हैं। यात्रियों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद रेलवे विभाग के जिम्मेदार अधिकारी उदासीन बने हुए हैं। आज रविवार (19 अप्रैल) को सुबह 7:15 बजे दुल्लभछड़ा रेलवे स्टेशन से सिलचर जा रही ट्रेन संख्या 55687 के यात्रियों में भारी नाराजगी देखी गई। आरोप है कि रात के समय ट्रेन स्टेशन पर पहुँचने के बाद कोचों के दरवाजे और खिड़कियाँ ठीक से बंद नहीं की गई। इसके कारण तेज बारिश और आंधी का पानी डिब्बों के अंदर



घुस गया और सीटें भीग गई, जिससे अस्वच्छ और असुविधाजनक स्थिति उत्पन्न हो गई। यात्रियों ने यह भी आरोप लगाया कि ट्रेन की नियमित सफाई नहीं की जाती। कई डिब्बों में कचरा और गंदगी जमा देखी गई, जिससे यात्रियों को गीले और गंदे वातावरण में यात्रा करनी पड़ रही है। यह स्थिति न केवल असुविधाजनक है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी जोखिमपूर्ण है।

पीड़ित यात्रियों ने बताया कि उन्हें मजबूरी में अपने गमछे और रूमाल से सीटों पर जमा पानी साफ करना पड़ा। लंबे समय से



यह समस्या बनी हुई है, लेकिन रेलवे प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इस स्थिति से नाराज यात्रियों ने जल्द समाधान की मांग की है और साथ ही अश्विनी वैष्णव से हस्तक्षेप की अपील की है। उन्होंने मांग की है कि ट्रेनों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए और रात 7:45 बजे दुल्लभछड़ा स्टेशन पर ट्रेन पहुंचने के बाद कोचों के दरवाजे-खिड़कियाँ सही ढंग से बंद करने के लिए कड़ी व्यवस्था लागू की जाए। ताकि लोगों को और परेशानी का सामना न करना पड़े।

## होर्मुज जलडमरूमध्य पर बढ़ा तनाव, डोनाल्ड ट्रंप की धमकी से दुनिया में तेल की किल्लत का खतरा

मध्य पूर्व में तनाव लगातार बढ़ता दिख रहा है और हालात एक बार फिर टकराव की ओर जाते नजर आ रहे हैं। इसी बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को लेकर कड़ा बयान दिया है, जिससे वैश्विक चिंता और गहरी हो गई है। मौजूद जानकारी के अनुसार, ट्रंप ने साफ चेतावनी देते हुए कहा कि अगर ईरान ने अमेरिका के प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया तो अमेरिका सख्त कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने अपने बयान में कहा कि अब 'नरम रवैया' खत्म हो चुका है और अगर समझौता नहीं हुआ तो ईरान के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया जा सकता है।

बता दें कि यह बयान ऐसे समय आया है जब होरमुज स्ट्रेट को लेकर तनाव चरम पर है। ईरान ने इस अहम समुद्री मार्ग पर नियंत्रण कड़ा कर दिया है, जो वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। गौरतलब है कि दुनिया के बड़े हिस्से का कच्चा तेल इसी रास्ते से गुजरता है, इसलिए यहां किसी भी तरह की बाधा का सीधा असर अंतरराष्ट्रीय बाजारों पर पड़ता है। अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे इस विवाद में दोनों पक्षों की ओर से सख्त रुख अपनाया गया है। मौजूद जानकारी के अनुसार, अमेरिका ने ईरान के बंदरगाहों पर अपनी नौसैनिक कार्रवाई जारी रखी हुई है, जबकि ईरान ने साफ कहा है कि जब तक



यह कार्रवाई खत्म नहीं होती, तब तक वह समुद्री मार्ग को पूरी तरह सामान्य नहीं होने देगा।

इस बीच बातचीत की कोशिशें भी जारी हैं। जानकारी के मुताबिक दोनों देशों के प्रतिनिधि पाकिस्तान में मुलाकात करने वाले हैं, जहां समझौते की संभावनाओं पर चर्चा होगी। हालांकि, ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बगेर ग़ालिबफ़ ने संकेत दिया है कि अभी अंतिम समझौता काफी दूर है और कई अहम मुद्दों पर मतभेद बने हुए हैं। गौरतलब है कि हाल ही में एक अस्थायी युद्धविराम लागू किया गया था, जिससे कुछ समय के लिए हालात सामान्य होने की उम्मीद जगी थी। लेकिन ट्रंप के सख्त रुख और ईरान की प्रतिक्रिया के बाद स्थिति फिर से तनावपूर्ण हो गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह गतिरोध लंबा खिंचता है तो इसका असर वैश्विक तेल कीमतों और व्यापार पर साफ दिख सकता है। ऐसे में आने वाले दिनों में होने वाली बातचीत इस पूरे संकट को सुलझाने में अहम भूमिका निभा सकती है।

### नोएडा में चलती कार बनी आग का गोला, ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान; फायर ब्रिगेड ने 25 मिनट में पाया काबू

**नोएडा।** नोएडा में सेक्टर 39 थाना क्षेत्र के सेक्टर 98 में शनिवार सुबह एक चलती टैक्सी में आग लग गई। इंजन के पास से धुआं उठता देख चालक ने एकाएक से कूदकर जान बचाई। अग्निशमन टीम ने आग को बुझाया। आग लगने का कारण शॉर्ट-सर्किट होना बताया जा रहा है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। दिल्ली अशोक नगर के रहने वाले राकेश हुंडई एक्सेंट कार को टैक्सी में चलाते हैं। वह शनिवार सुबह को अकेले ही कार लेकर नोएडा सेक्टर 98 से जा रहे थे। एकाएक इंजन के पास से धुआं निकला दिखा। कार में बदबू आने पर संदेश हुआ। उन्होंने रफ्तार कर कार को सड़क किनारे किया। इतने में इंजन के पास से लपटे निकलने लगीं। वह सूझबूझ का परिचय देते हुए एकाएक कार से कूद गए। आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग बढ़ती ही चली गई। उन्होंने मामले की सूचना अग्निशमन टीम को दी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि टीम ने एक गाड़ी की मदद से करीब 25 मिनट में आग को बुझा दिया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह से जल गई। कोई जनहानि नहीं हुई।

## बंगाल चुनाव से पहले ईडी का एक्शन, सन एंटरप्राइज के एमडी जॉय कामदार को हिरासत में लिया

- प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोलकाता में मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में बड़ी छापेमारी की है. इस कार्रवाई में 'सन एंटरप्राइज' के प्रबंध निदेशक जॉय कामदार को हिरासत में लिया गया और कोलकाता पुलिस के डीसी शांतनु सिन्हा बिस्वास के ठिकानों पर तलाशी ली है।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार 19 अप्रैल को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 से पहले एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कोलकाता में कई ठिकानों पर छापेमारी की. यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में की गई, जिसमें कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी और एक निजी कंपनी के संचालक के नाम सामने आए हैं. अधिकारियों के मुताबिक ईडी ने 'सन एंटरप्राइज' नामक फर्म के प्रबंध निदेशक जॉय कामदार को हिरासत में ले लिया है।

कामदार को पूछताछ के लिए सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित ईडी के कार्यालय में ले जाया गया है. इसके अलावा, कोलकाता पुलिस के डिप्टी कमिश्नर शांतनु सिन्हा बिस्वास के ठिकानों पर भी तलाशी अभियान चलाया जा रहा है. जानकारी के मुताबिक ईडी की टीम ने कुल तीन स्थानों पर छापेमारी की है. जिसमें दो ठिकाने डिप्टी कमिश्नर शांतनु सिन्हा बिस्वास से जुड़े हुए हैं और एक ठिकाना कारोबारी जॉय कामदार का है।

**ईडी क्यों कर रही छापेमारी?**

बता दें, यह रेड 'सोना पप्पू और जय कामदार' मामले के सिलसिले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की जा रही है. जॉय कामदार को हिरासत में लिए जाने के बाद उनके वकील सुब्रत सरकार ने कहा कि उनके मुवक्किल को गिरफ्तारी का कारण नहीं बताया गया है. उन्होंने बताया, 'उन्हें एक वित्तीय मामले से जुड़ा नोटिस दिया गया था, जिसके चलते उन्हें ईडी कार्यालय बुलाया गया था.' फिलहाल, पूछताछ जारी है और मामले में आगे की जांच की जा रही है। '

**क्या है सोना पप्पू और जय कामदार**




**मामला?**

पश्चिम बंगाल (मुख्य रूप से कोलकाता) में सोना पप्पू और जय कामदार मामला एक मनी लॉन्ड्रिंग (धन शोधन) जांच का मामला है, जिसमें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ) सक्रिय रूप से छापेमारी और पूछताछ कर रहा है. यह 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले की बड़ी कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है. सोना पप्पू और जय कामदार के टीएमसी और ममता बनर्जी से संबंध बताए जा रही हैं. लेकिन अभी तक ईडी ने ममता बनर्जी को व्यक्तिगत रूप से नामजद नहीं किया है और न ही कोई औपचारिक आरोप लगाया है।

## ईरान-अमेरिका शांति वार्ता पर सस्पेंस, तेहरान बोला- फाइनल समझौते में अभी लगेगा काफी वक्त

ईरान और अमेरिका के बीच जल्द ही दूसरे दौर की शांति वार्ता होने की उम्मीद है। ईरान का कहना है कि अमेरिका के साथ बातचीत में कुछ प्रगति हुई है, लेकिन अंतिम समझौता होने में अभी काफी समय लगेगा। चूंकि बुधवार को दो हफ्ते का युद्धविराम खत्म हो रहा है, इसलिए दोनों पक्षों पर समझौते का दबाव है।

ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघर गालिबफ ने स्पष्ट किया कि अभी कई बुनियादी मुद्दों पर सहमति बनना बाकी है। उन्होंने दावा किया कि हालिया युद्ध के दौरान ईरान का पलड़ा भारी रहा है। गालिबफ के अनुसार, अमेरिका ने युद्धविराम केवल इसलिए स्वीकार किया क्योंकि उन्होंने ईरान की शर्तें मान ली थीं।

होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का नियंत्रण

गालिबफ ने जोर देकर कहा कि अमेरिका अपने लक्ष्य पूरे करने में नाकाम रहा है।



उन्होंने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का पूरा नियंत्रण है। उनके मुताबिक, बातचीत करना संघर्ष का ही एक तरीका है ताकि ईरान अपने अधिकारों को मजबूती से रख सके।

वार्ता की अभी कोई तारीख तय नहीं

पिछले दिनों इस्लामाबाद में गालिबफ और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की मुलाकात हुई थी, जो 1979 के बाद से दोनों देशों के बीच अब तक का सबसे उच्च-स्तरीय संपर्क था। हालांकि, इस महत्वपूर्ण बैठक के बावजूद अभी तक बातचीत के अगले दौर के लिए कोई तारीख तय नहीं की गई है।

### डीएलएफ फेज-1 में कोठियों के बाहर बने रैंप पर गरजा बुलडोजर, गार्ड रूम को भी किया ध्वस्त



**नया गुरुग्राम।** नया गुरुग्राम में रविवार को डीटीपीई की टीम ने रिहायशी कॉलोनियों में बुलडोजर से कार्रवाई की। डीएलएफ फेज-1 ए ब्लॉक एक्सटेंशन में घरों के आगे बने रैंप को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान आलिशान कोठियों के सामने आरडब्ल्यूए में बने अतिक्रमण वाले पार्कों पर बुलडोजर चला। वहीं, टीम ने कॉलोनी में गार्ड रूम पर भी बुलडोजर चलाया। इस दौरान टीम ने सोसायटी के लोगों को चेतावनी दी कि अगर कोई भी व्यक्ति मकान के सामने रास्ते पर रैंप बनाता है तो उन्हें तोड़ा जाएगा।

## 36 की उम्र में भी 'असरदार' भुवनेश्वर कुमार, स्विंग और लाइन लेंथ से बल्लेबाजों को लगातार कर रहे परेशान

- छह मैचों में ले चुके हैं 10 विकेट
- लंबे समय से भारतीय टीम से बाहर
- आईपीएल में 200 से ज्यादा विकेट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाजी में रफ्तार ही सब कुछ नहीं होती, असली फर्क बनाता है अनुभव, नियंत्रण और सही समय पर सही गेंद डालने की कला। आईपीएल 2026 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अनुभवी 36 वर्षीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार यही साबित कर रहे हैं। अपनी सधी हुई स्विंग और बेहतरीन लाइन-लेंथ के दम पर वह इस सीजन के सबसे असरदार गेंदबाजों में शामिल हो गए हैं।

**10 विकेट चटकाए**

इस सीजन में सबसे ज्यादा बात जसप्रीत बुमराह जैसे गेंदबाजों की होती है, लेकिन भुवनेश्वर चुपचाप अपना काम कर रहे हैं। इस सीजन भुवनेश्वर छह मैचों में 10 विकेट ले चुके हैं और वह आईपीएल में 200 से ज्यादा विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज हैं। इस पूरे टूर्नामेंट में भुवी ने अपने अनुभव और लय का शानदार मिश्रण दिखाया है। उनकी गेंदबाजी में निरंतरता के साथ-साथ मैच के अहम पलों में विकेट निकालने की क्षमता साफ दिखाई देती है। यह सिर्फ आंकड़ों की बात नहीं, बल्कि हर मुकाबले में दिखने वाला उनका प्रभाव है।

**फिटनेस पर लगातार काम किया**

मेरठ के उनके कोच संजय रस्तोगी के अनुसार, भुवी की इस सफलता के पीछे उनकी मेहनत और अनुशासन है। उन्होंने चोटों के मुश्किल दौर से वापसी की और अपनी फिटनेस पर लगातार काम किया। आज उनकी गेंदबाजी उसी समर्पण का नतीजा है। भुवनेश्वर की फिटनेस के प्रति उनकी गंभीरता भी उन्हें अलग बनाती है। उनका एक निजी फिटनेस ट्रेनर हर समय उनके साथ रहता है, जो यह दिखाता है कि वह अपने खेल को लेकर कितने समर्पित हैं।

**आत्मविश्वास आज भी बरकरार**

भले ही चयनकर्ता अब उन्हें भारतीय टीम में प्राथमिकता न दें, लेकिन उनका जज्बा और आत्मविश्वास आज भी बरकरार है। उनके मैनेजर अमितेश शाह बताते हैं कि भुवी कभी एमएस धोनी के सबसे भरोसेमंद गेंदबाजों में से एक रहे हैं, जो उनकी काबिलियत को दर्शाता है। घरेलू क्रिकेट में भी उनका प्रदर्शन लगातार



प्रभावशाली रहा है। यही वजह है कि युवा बल्लेबाजों के लिए उन्हें हल्के में लेना आसान नहीं है। उनकी गेंदबाजी में आज भी वही धार है, जिसने उन्हें खास बनाया। रविवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के विरुद्ध मुकाबले में उन्होंने एक बार फिर अपनी काबिलियत दिखाई। पावरप्ले में सटीक स्विंग से बल्लेबाजों को परेशान किया, तो डेथ ओवर्स में उनकी यार्कर गेंदों ने रन बनाना मुश्किल कर दिया। उनका यह प्रदर्शन फैंस को उनके करियर के शुरुआती दिनों की याद दिलाता है, जब उन्होंने पाकिस्तान के विरुद्ध अपने टी20 पदार्पण में अपनी स्विंग गेंदबाजी से सबको चौंका दिया था। आईपीएल 2026 में भुवनेश्वर कुमार का प्रदर्शन यह साफ संकेत देता है कि जब कौशल, फिटनेस और आत्मविश्वास एक साथ हों तो खिलाड़ी किसी भी दौर में प्रभाव छोड़ सकता है।